आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 23°C | 7°C |

इनसाइड न्यूज

वर्ष भर पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा गुरु तेग बहादुर का 350वां...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 15 दिसंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 64 | www.janexpresslive.com/epaper



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी परिवार पर... 12

# लोकसभा में राहुल वर्सेज अनुराग

## केंद्र ने युवाओं के अंगूठे काटे: राहुल

## कांग्रेस ने सिखों के गले काटे: अनुराग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में शनिवार को लगातार दूसरे दिन संविधान पर चर्चा चल रही है। शुरुआत संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजु ने की। इसके बाद डीएमके सांसद ने कहा कि भाजपा हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है। इस पर विवाद हुआ। भाजपा ने कहा कि आप सबूत दीजिए। राहुल गांधी की स्पीच हुई। वे करीब 25 मिनट बोले। राहुल सावरकर पर बोले, एकलव्य-द्रोणाचार्य की कहानी सुनाई। भाजपा सरकार पर युवाओं का अंगूठा काटने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा- जैसे एकलव्य का अंगूठा काटकर द्रोणाचार्य ने उनका हुनर ले लिया था। उसी तरह भाजपा सरकार अग्निवीर से युवाओं का अंगूठा काट रही है। अडाणी को सारे कारोबार, इंडस्ट्री, पोर्ट, एयरपोर्ट देकर किसानों और युवाओं का गला काटा जा रहा है। राहुल के बयान पर युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने जवाब दिया। उन्होंने कहा- आप अंगूठा काटने की बात कर रहे हैं। आपकी सरकार में तो सिखों के गले काटे गए, आपको देश से माफी मांगनी चाहिए।



### 'यूपी में रेप करने वाले बाहर घूम रहे, पीड़ित घर में बंद'

राहुल गांधी ने कहा- मैं कुछ दिन पहले हाथरस गया। वहां 4 साल पहले एक लड़की का बलात्कार होता है। गैंगरेप होता है। तीन-चार लोग ये काम करते हैं। मैं दो-तीन दिन पहले उस लड़की के परिवार के घर में गया। जिन्होंने गैंगरेप किया। वो बाहर घूम रहे हैं। लड़की का परिवार अपने घर में बंद है। बाहर नहीं जा सकता है। अपराधी उनको रोज धमकाते हैं और बाहर घूमते हैं। परिवार ने मुझे बताया कि बेटी का जो अंतिम संस्कार था वो भी नहीं करने दिया। चीफ मिनिस्टर ने खुलकर मीडिया में झूठ बोला। संविधान में ये कहां लिखा है कि अपराध करने वाले बाहर रहें, जिसका रेप हुआ है उस परिवार को बंद कर दिया जाए। ये मनुस्मृति में लिखा हुआ है, आपकी किताब में लिखा है। यूपी में आप कहते हो कि आपका राज है, आपका राज है तो वहां मनु स्मृति लागू हो रही है। यूपी सरकार ने उन्हें वादा किया था कि हम आपका रीलोकेशन करेंगे, आपको कहीं और रहने की जमीन देंगे। 4 साल हो गए हैं, उनका रीलोकेशन नहीं किया गया है। उन्होंने फोटो दिखाई कि बाहर निकलने पर बलात्कार करने वाले धमकाते हैं। अगर आप नहीं करोगे तो उनका रीलोकेशन हम करेंगे।

### राहुल की स्पीच के 3 मुद्दे

**1** **सावरकर:** राहुल ने कहा, सावरकर बोलते थे कि भारत के संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है। वे मनु स्मृति की बात करते थे। क्या भाजपा अपने नेता के शब्दों के साथ है। वो संविधान की बात करती है तो सावरकर को ही शर्मिंदा करती है।

**2** **उत्तर प्रदेश में मनु स्मृति:** राहुल बोले, हाथरस में रेप पीड़िता का परिवार घर में बंद रहता है और अपराधी बाहर घूमते हैं। पीड़ित परिवार को धमकाते हैं। ये संविधान में नहीं लिखा है। ये मनु स्मृति में लिखा है। भाजपा की किताब में लिखा है। आपके राज में मनु स्मृति लागू हो रही है।

**3** **50 प्रतिशत रिजर्वेशन, जातिगत जनगणना:** कांग्रेस सांसद बोले, मैंने वादा किया था, इसी संसद में हम जातिगत जनगणना को लागू करेंगे। 50 फीसदी रिजर्वेशन की दीवार को हम तोड़ेंगे। आपको जो कहना है कह लो।

### इमरजेंसी लगाने वाले लोकतांत्रिक मूल्यों की बात करते हैं: रवि शंकर

25 जून को रामलीला ग्राउंड पर जेपी की रैली थी। दिनकर की पंक्तियां कही थीं- सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। इमरजेंसी लगा दी गई। ये हमें लोकतांत्रिक मूल्यों की बात करते हैं। भारत में इमरजेंसी पहली बार लगी थी और राष्ट्रपति नहीं मान रहे थे, कैबिनेट का अप्रूवल नहीं था। लालू-मुलायम जेल में थे, जेपी, अटल, नाना जी देशमुख जेल में थे। संघ पर बैन था। हमारे सदस्यों के नाखून नोचा गया। सारे अखबारों की बिजली काट दी गई। राम नाथ गोयनका और इंडियन एक्सप्रेस की प्रशंसा करूंगा वे डटे गए।卐 रविशंकर प्रसाद बोले, 卐जो चित्र संविधान में लगे हैं, अगर भारत का संविधान आज बनता तो ये लोग उन पर कितनी आपत्ति करते। गवर्नर हाउस में अंग्रेजों की मूर्तियां हटा दी गई हैं। वो मूर्तियां गुलामी और आस्था की मूर्तियां थीं। आपने अच्छा काम किया। यही बात राम, कृष्ण और काशी विश्वनाथ के बारे में क्यों नहीं सोचते हैं। वोट बैंक पॉलिटिक्स के चक्कर से ये बाहर नहीं निकले। 75 साल में आप कहां हैं और हम कहां हैं, ये भी देखिए। हमारे श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल जी के विचार आज देश स्वीकार कर रहा है। ये देश राष्ट्रवाद से चलेगा। ये लोग ह्यूमन राइट्स की बात करते हैं। आतंकवादियों ने संसद में सुरक्षा कर्मियों को मारा उनके परिवारों, पत्नियों और बच्चों का ह्यूमन राइट्स नहीं है क्या। आप आतंकवादियों के ह्यूमन राइट्स के लिए लड़ो, हम आतंकवादियों से लड़ने वालों के ह्यूमन राइट्स के लिए लड़ेंगे।

### अनुराग ठाकुर बोले, राहुल को यही नहीं पता कि संविधान में कितने पन्ने हैं

अनुराग ठाकुर ने कहा- कुछ लोग संविधान तो हाथ में लेकर घूमते हैं, लेकिन उन्हें यह तक नहीं पता है कि उसमें कितने पन्ने हैं। आपने कभी इसे नहीं पढ़ा। ये राहुलजी कॉपी लेकर घूमते हैं, उसी में लिखा है कि इंदिरा गांधी की इमरजेंसी ने लोकतंत्र को खत्म किया। एक वकील ने कहा कि संविधान लागू होने के साथ सरकार ने ज्यूडीशियरी के साथ सींग फंसाकर रखे। राहुल जी संविधान पढ़कर देखिए दिख जाएगा कि गांधी परिवार ने कैसे इसकी धज्जियां उड़ाईं। ये अंगूठा काटने की बात कहते हैं और इनकी सरकार ने सिखों के गले काटे गए। संविधान जेब में लेकर घूमते हैं, इन्होंने उसे तार-तार किया। देश से माफी मांगिए।

### राहुल बोले, 50 फीसदी रिजर्वेशन की दीवार को हम तोड़ेंगे

राहुल ने कहा- हमारी जो विचारधारा है, इंडिया गठबंधन की विचारधारा है, वो देश में संविधान लाई है। हम मिलकर संविधान की रक्षा करते हैं। आज यह बात सबके सामने है कि राजनीतिक समानता खत्म हो गई है। सारे संस्थानों पर कब्जा कर लिया गया है। सोशल-फाइनेंशियल इक्वालिटी नहीं रह गई है। हम देश को दिखाना चाहते हैं कि किन लोगों का और कहां-कहां अंगूठा काटा है। हम दलितों, आदिवासियों, किसानों को यह दिखाना चाहते हैं कि आपने किसका अंगूठा काटा है।

### कांग्रेस सांसद बोले, वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध करेंगे

वन नेशन वन इलेक्शन पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा, कांग्रेस पार्टी इस प्रस्ताव का विरोध करेगी और छस्ब्ध समेत कई क्षेत्रीय दल इस प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं। यह संघीय ढांचे को खत्म करने का सरकार का एक और प्रयास है। समय-समय में दो या तीन राज्यों में चुनाव होना लोकतंत्र के लिए बहुत अच्छा है क्योंकि इससे लोगों को राजनीतिक दलों का समर्थन या विरोध करने का मौका मिलता है।

### टीएमसी सांसद बोले- वन नेशन वन इलेक्शन लाना तानाशाही

वन नेशन वन इलेक्शन पर टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने कहा, 1966-68 तक सभी चुनाव एक साथ होते थे क्योंकि सरकार 5 साल चलती थी। लेकिन फिर व्यवस्था बदल गई क्योंकि गठबंधन सरकारें बनने लगीं और कभी-कभी सरकार गिर जाती थी। विपक्ष से बात किए बिना इसे लाना तानाशाही है।

### 'वन नेशन वन इलेक्शन की इतनी जल्दी तो आज सरकार भंग कर दें'

सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा, पूरे देश में एक बार फिर से चुनाव करा दीजिए। अगर वन नेशन वन इलेक्शन की इतनी जल्दी है, तो पूरे देश की सरकारें आज ही भंग कर देनी चाहिए और चुनाव करा लेने चाहिए। सपा सांसद ने यह कमेंट ऐसे समय किया, जब 16 दिसंबर को सरकार लोकसभा में वन नेशन वन इलेक्शन से जुड़ा बिल पेश करेगी।

# महाकुंभ में पहली बार मिलेगी टेली आईसीयू की सुविधा

## गंभीर मरीजों के इलाज में पीजीआई लखनऊ में बैठे विशेषज्ञ मददगार बनेंगे

- टेली आईसीयू 10 बेड का होगा, वहीं महाकुंभ में करीब छह हजार बेड की व्यवस्था की जा रही है
- इस व्यवस्था को महाकुंभ में बन रहे अस्पताल में स्थापित किए जाने वाले आईसीयू के ही एक हिस्से में बनाया जा रहा है
- 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में स्वास्थ्य विभाग खास इंतजामों में जुटा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

महाकुंभ में पहली बार टेली आईसीयू की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह टेली आईसीयू 10 बेड का होगा। इसमें गंभीर मरीजों के इलाज में पीजीआई लखनऊ में बैठे विशेषज्ञ मददगार बनेंगे। इस व्यवस्था को महाकुंभ में बन रहे अस्पताल में स्थापित किए जाने वाले आईसीयू के ही एक हिस्से में बनाया जा रहा है। वहीं महाकुंभ में करीब छह हजार बेड की व्यवस्था की जा रही है ताकि वहां आने वाले श्रद्धालुओं को इलाज की दृष्टि से कोई असुविधा न हो। प्रयागराज में 13 जनवरी से आरंभ हो रहे महाकुंभ में स्वास्थ्य विभाग खास इंतजामों में जुटा है।

### प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों में टेली आईसीयू की सुविधा का संचालन किया जा रहा है

राजधानी लखनऊ स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) द्वारा प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों में टेली आईसीयू की सुविधा का संचालन किया जा रहा है। इनमें गोरखपुर, आगरा, कानपुर, मेरठ और झांसी के मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। इस सुविधा की शुरुआत गत माह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसजीपीजीआई से की थी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का कहना है कि टेली आईसीयू की यही सुविधा इस बार महाकुंभ में भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### आरोग्य मंदिरों में भी टेली मेडिसिन की सुविधा स्वास्थ्य विभाग पहले से उपलब्ध करा रहा

यूं तो महाकुंभ में बड़ी संख्या में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है। इसके बावजूद यदि किसी व्यक्ति को इलाज में विशेषज्ञ के परामर्श की आवश्यकता होगी तो यह सुविधा उसे टेली आईसीयू के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। एसजीपीजीआई के विशेषज्ञ महाकुंभ के अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों की मदद से उस मरीज का इलाज करेंगे। बता दें कि प्रदेश के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी टेली मेडिसिन की सुविधा स्वास्थ्य विभाग पहले से उपलब्ध करा रहा है।

## निहारिका वेंचर्स की 2.73 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त, ईडी ने आरोपियों के पांच फ्लैट किए सील किए

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रवर्तन निदेशालय ने मेसर्स निहारिका वेंचर्स एंड डेवलपर्स की 2.73 करोड़ रुपये कीमत की अचल संपत्ति जब्त कर लिया है। इनमें प्रयागराज में पांच फ्लैट हैं, जो आरोपियों ने दूसरे के नाम पर खरीदे थे। ये फ्लैट ओम प्रकाश द्विवेदी, अभिषेक द्विवेदी, निहारिका द्विवेदी और राधा रानी के नाम पर खरीदी गई थी। बता दें कि ईडी ने यूपी पुलिस द्वारा विभिन्न थानों में आरोपियों के खिलाफ दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। जांच में पता चला कि आरोपियों ने निहारिका वेंचर्स के माध्यम से सस्ती आवासीय भूमि उपलब्ध कराने के बहाने निवेशकों को धोखा दिया।

## महाकुंभ के दौरान रोडवेज चलाएगा 7550 बसें, इनमें सात हजार बसें रोडवेज होंगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अगले महीने से शुरू होने वाले महाकुंभ के लिए रोडवेज प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दीं हैं। रोडवेज महाकुंभ के दौरान सात हजार स्पेशल बसें चलाएगा। इसके अलावा 350 शटल और 200 इलेक्ट्रिक सिटी बसें भी चलेंगी। मुख्य स्नान पर्वों पर शटल बसों से श्रद्धालुओं को निशुल्क यात्रा कराई जाएगी। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि पहले चरण के लिए दो हजार बसों की व्यवस्था की गई है। मौनी अमावस्या पर्व पर सात हजार बसें चलाई जाएंगी। इनमें 6800 साधारण और 200 एसी बसें होंगी। सभी शटल बसें नई होंगी। इन सभी बसों पर महाकुंभ का लोगो भी रहेगा। इन बसों के संचालन के लिए रोडवेज के 22 अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुरादाबाद के सेवा प्रबंधक अनुराग यादव को इंचार्ज बनाया गया है। प्रयागराज जाने वाले सात मार्गों पर आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीमें तैनात की गई हैं।

### गौरव वर्मा बने रोडवेज के मेला अधिकारी

रोडवेज एमडी मासूम अली सरवर ने बताया कि गौरव वर्मा को रोडवेज का मेला अधिकारी बनाया गया है। अस्थायी बस स्टेशनों पर ब्राउजर तैनात किए जाएंगे जो मोबाइल डीजल डिस्पेंसिंग यूनिट का काम करेंगे। रोडवेज का टोल फ्री नंबर 18001802877 और व्हाट्सएप नंबर 9415049606 है। यह नंबर 24 घंटे काम करेगा।

# पुलिस तलाशी में 46 साल बाद मिला प्राचीन शिव मंदिर श्रद्धालुओं में उत्साह

- पुलिस की छानबीन में सामने आया कि यह प्राचीन मंदिर कई वर्षों से सुनसान पड़ा था
- ग्रामीणों का कहना है कि यह मंदिर उनके पूर्वजों की आस्था का प्रतीक था

जन एक्सप्रेस । सभल

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में पुलिस के तलाशी अभियान के दौरान एक ऐसा बंद मंदिर मिला, जो 46 साल से जनता की नजरों से ओझल था। बताया जाता है कि यह मंदिर 1978 से बंद था और समय के साथ लोग



इसे लगभग भूल चुके थे। पुलिस की छानबीन में सामने आया कि यह प्राचीन मंदिर कई वर्षों से सुनसान पड़ा था। मंदिर के भीतर देवी-देवताओं की मूर्तियां और पुराने धार्मिक चिह्न सुरक्षित पाए गए। इस ऐतिहासिक खोज से स्थानीय निवासियों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मंदिर उनके पूर्वजों की आस्था का प्रतीक था, लेकिन समय के साथ इसका महत्व कम हो गया। अब लोग इसे दोबारा सजाने और पुनर्स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। प्रशासन भी इस मामले में सहयोग देने की तैयारी कर रहा है। इस घटना ने क्षेत्र के लोगों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूक किया है और मंदिर की पुनर्स्थापना से क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के नए दौर की शुरुआत होने की उम्मीद है।

## यूपी सरकार ने यमुना अथॉरिटी के चेयरमैन को पद से हटाया, अनियमितता का आरोप, कोर्ट ने दिया आदेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नोएडा की यमुना अथॉरिटी में घोटालेबाजी को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने यूपी सरकार को जमकर फटकार लगाई और चेयरमैन पर कार्रवाई का आदेश दिया और कहा कि सरकार कार्रवाई करे अन्यथा हम सीबीआई जांच के आदेश देंगे। सोमवार को दोबारा सुनवाई होगी तब तक आदेश का पालन नहीं हुआ तो सीबीआई जांच के आदेश हो सकते हैं। कोर्ट के आदेश के बाद प्रदेश सरकार ने शनिवार शाम को यमुना अथॉरिटी के चेयरमैन प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर को पद से हटा दिया गया है।

# पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का अगला चरण 26 दिसंबर से

- यूपी पुलिस में 60244 पदों पर कांस्टेबल की भर्तियां होनी हैं
- प्रवेश पत्र उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे
- इस वेबसाइट पर सभी के एडमिट कार्ड 16 दिसंबर को अपलोड कर दिए जाएंगे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का अगला चरण 26 दिसंबर से होगा। लिखित परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा और अभिलेखों का सत्यापन 26 दिसंबर से शुरू होगा। यूपी पुलिस में 60244 पदों पर कांस्टेबल की भर्तियां होनी हैं। लिखित परीक्षा के नतीजों के बाद अब अगले चरण की परीक्षा की तारीख घोषित हो गई है। यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए फिजिकल टेस्ट और डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन हर जिले की पुलिस लाइंस में होगा। प्रदेश के 75 जिलों की पुलिस लाइन में पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का अगला चरण होगा। जिन अभ्यर्थियों ने यूपी पुलिस कांस्टेबल की लिखित परीक्षा पास की हो और अगले चरण की प्रक्रिया में हिस्सा लेना हो, वह फिजिकल परीक्षण के लिए अपना प्रवेश पत्र उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in से डाउनलोड कर सकेंगे। इस वेबसाइट पर सभी के एडमिट कार्ड 16 दिसंबर को अपलोड कर दिए जाएंगे।

### शारीरिक परीक्षा के नतीजे, उसी दिन जारी कर दिए जाएंगे

उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए होने वाली शारीरिक परीक्षा के नतीजे, उसी दिन जारी कर दिए जाएंगे। अगर कोई अभ्यर्थी अपनी शारीरिक मानक परीक्षण से संतुष्ट नहीं होता है, तो वह उसी दिन अपनी अपील दाखिल कर सकेगा। ऐसी सभी अपीलों के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड हर जगह एक एसपी को तैनात कर रहा है। अपील करने वाले अभ्यर्थियों का शारीरिक मानक परीक्षण एएसपी के सामने फिर से कराया जाएगा। एएसपी के सामने शारीरिक मानक प्रशिक्षण में असफल अभ्यर्थी आगे अपील नहीं कर सकेंगे।

# बदमाशों के हौंसले बुलंद, झांसी में जेलर को ऑटो से खींचकर डंडो से पीटा

- जेल प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश सरकार भले ही जीरो टोलरेंस की नीति पर काम रही है। दंगा-फसाद, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त कार्रवाई भी की जा रही है, लेकिन बदमाश अभी भी खौफजदा नहीं है। झांसी में नवाबाद थाना क्षेत्र में शनिवार को जेलर पर हुए जानलेवा हमले से ऐसा ही प्रतीत होता है। जेलर पर हुई हमले की घटना से खाकी की सुरक्षा पर



सवाल उठने लगे हैं। जेल प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

### फिल्मी अंदाम में की वारदात

जिला मऊ के ग्राम दोहरी घाट निवासी कस्तूरी लाल गुप्ता जिला कारागार झांसी में साल 2022 से तैनात हैं, उन्हें विभाग के किसी कार्य के लिए हैदराबाद जाना था। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के समय वह सिपाही अर्जुन सिंह के साथ निकले और जेल चौराहा पहुंचे। यहां एक ऑटो को हायर किया और दोनों लोग उसमें बैठकर रेलवे स्टेशन के चल दिए। ऑटो स्टेशन रोड तिराहा पर पहुंची ही थी तभी पीछे से आ रही एक कार ने फिल्मी अंदाज में ओवरटेक करते हुए ऑटो के आगे कार लगा दी। कार से हाथों में डंडे लेकर तीन से चार बदमाश निकले। यह देखते ही ऑटो चालक ऑटो को छोड़कर भाग गया। बदमाशों ने जेलर को ऑटो से बाहर खींच लिया और फिर जमकर डंडे बरसाए। सिपाही अर्जुन सिंह ने बचाने की कोशिश की तो बदमाशें ने उन्हें भी पीटा। इसके बाद धमकी देते हुए फरार हो गए।

### जेलर के हाथ में फ्रेक्चर, सिपाही को भी चोटें

बदमाशों के हमले में जेलर कस्तूरी लाल गुप्ता को गंभीर चोटें पहुंची हैं, उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है। उनके बाएं हाथ में फ्रेक्चर बताया जा रहा है। जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट के निशान हैं। इसके अलावा सिपाही अर्जुन सिंह को भी अंदरुनी चोटें लगी हैं।

### हमले से पहले की गई रैकी

सूत्रों की मानें तो जिस अंदाज में 50 वर्षीय जेलर कस्तूरी लाल गुप्ता पर हमला हुआ है। उससे अंदेशा है कि बदमाशों को उनके आने-जाने के बारे में पहले से जानकारी रही होगी। हमलावरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले कई दिनों तक रैकी की होगी और उसी आधार पर शनिवार को प्लानिंग के तहत उन पर हमला बोला गया।

### कैदी कमलेश यादव के बेटों ने किया हमला

एसपी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के अनुसार घायल जेलर ने बताया कि हमला करने वाले झांसी जिला कारागार में बंद रहे कुख्यात अपराधी कमलेश यादव का बेटा और और उसके साथी थे। जेलर ने बताया कि जेल प्रशासन के विरुद्ध कुचक्र रच रहे कमलेश यादव, सरदार सिंह गुर्जर, अजय जडेजा सहित पांच कैदियों को एक महीने पहले झांसी जेल से हमीरपुर, बांदा, उरई जेल स्थानांतरित किया गया था। इसी बात से खुन्नश खाकर कमलेश के बेटे ने अन्य के साथ मिलकर उन पर हमला बोला है।

### घटना के बाद पुलिस अलर्ट

जेलर के बयानों के आधार पर पुलिस ने पुलिया नंबर नौ स्थित कमलेश यादव के घर पर दबिश दी। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भाग निकला। पुलिस हमलावरों की तलाश में लग गई है। एसपी ने बताया कि जिले के सभी बॉर्डर, चौक-चौराहें के साथ प्रमुख मार्गों पर नाकेबंदी करके सघन चेकिंग की जा रही है। जल्द ही हमलावरों को दबोच लिया जाएगा, जिसके बाद परतें खुलती जाएंगी और हमले की असल वजह सामने आएगी।

## युवक की तालाब में गिरकर डूबने से मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** माधौगढ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बंगरा में युवक की संदिग्ध हालात के चलते तालाब में गिरकर डूबने से मौत हो गई। माधौगढ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बंगरा निवासी महेश कुमार शाक्कार शराब का लती था और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया गया कि शुक्रवार को अधिक शराब का सेवन करने से अधिक नशा हो गया। जब वह नशे की हालत में देर रात को गांव में स्थित तालाब पर शौच क्रिया करने लगा तभी अचानक पैर फिसलने के कारण वह तालाब में गिर गया और डूबने लगा। इस दौरान उसने बचाओ के लिए चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। जिसकी चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने परिजनों व पुलिस को सूचना दी। जब तक पुलिस पहुंची तब तक उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला और कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मृतक के परिजनों द्वारा भी नशे की हालत में तालाब में गिरकर डूबने से मौत होना ही बताया गया है।फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# मंडलायुक्त ने की महाकुंभ व भूमि अधिग्रहण के कार्यों की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



चित्रकूट धाम बांदा मंडलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में महाकुंभ 2025 की तैयारी एवं राम वन गमन मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि महाकुंभ मेला 2025 का आयोजन प्रयागराज में होगा, जिसमें आने वाले श्रद्धालु स्नान के बाद चित्रकूट भी आएंगे। अधिशासी अधिकारी कर्वी ने बताया कि मेले के दृष्टिगत क्षेत्र को पांच भागों में बांटा गया है एवं 200 सफाई कर्मी लगाए गए हैं। मंडला आयुक्त ने कहा कि भीड़ को देखते हुए धार्मिक स्थलों एवं शहरों में पर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। अधीक्षक अभियंता विद्युत ने बताया कि परिक्रमा मार्ग व रामघाट पर 6 जनरेटर अतिरिक्त लगाए जाएंगे। मंडलायुक्त ने कहा कि अमावस्या मेला के साथ कुंभ मेला पर भी फोकस करें। मंडलायुक्त ने कहा कि रैन बसेरा में खाना-पानी, टॉयलेट प अलाव की भी व्यवस्था होनी चाहिए। सिंचाई विभाग ने बताया कि रामघाट पर बैरिकेटिंग कराया जाएगा। जिस पर मंडलायुक्त ने बैरिकेडिंग मजबूती लगाने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर हाईवे पर ढाबा होटल का निरीक्षण करें एवं निर्देशित करें कि रेट चार्ट भी लगाए। कहा कि महाकुंभ 2025 से संबंधित पर्यटन साहित्य एवं डिजिटल माध्यम से प्रचार-प्रसार कराए। कार्यों में रुचि न लेने एवं प्रगति ठीक न होने के पर क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव को कारण बताओं नोटिस जारी करने को निर्देशित किया। परिवहन विभाग निर्देशित किया कि कुंभ मेले के समय वाहनों की रफ्तार कम होनी चाहिए एवं किराया सूची भी चिन्हित स्थलों पर लगवाएं। परिवहन विभाग ने बताया कि पूरे प्रदेश में 7,000 बस लगाई गई है। जिसमें जनपद चित्रकूट में 270 बसें लगाई गई है। पशुपालन विभाग को उन्होंने निर्देशित किया कि संचालित रोड पर डॉक्टर व एंबुलेंस उपलब्ध रहनी चाहिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि गौशालाओं की भी साफ-सफाई होनी चाहिए एवं गौशालाओं में रेगुलर जाएं उनके खान-पान एवं हरा चारा भूसा की भी व्यवस्था होनी चाहिए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जो ट्रांसफार्मर ठीक नहीं है उसे समय से पहले चेक कर चेंज करें एवं प्रकाश की व्यवस्था कराए। एनएच बांदा व प्रयागराज के कार्यों पर नाराजगी व्यक्त की। अधिशासी अभियंता एनएच बांदा मृत्युंजय कुमार की कार्य पद्धति पर नाराजगी व्यक्ति करते हुए कारण बताओं नोटिस जारी करने एवं शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए।

सीडीएम रेलवे प्रयागराज अतुल यादव ने बताया कि मानिकपुर स्टेशन पर 80 आरपीएफ जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि मानिकपुर स्टेशन पर एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड की व्यवस्था रहनी चाहिए। कहा मेले के दौरान जो भी अधिकारी कार्य नहीं करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि सभी विभाग के अधिकारीयों को जिम्मेदारी दी गई है, उसका निर्वहन करें। महाकुंभ की पर्याप्त तैयारी कर ले, इसमें किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि कमिश्नर और डीआईजी के निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। उन्होंने राम वन गमन मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जिन किसानों की भूमि अधिग्रहण कर ली गई है, तत्काल किसानों को पैसा दें। उन्होंने कहा कि रामबन गमन मार्ग की प्रगति ठीक नहीं है इसमें प्रगति कराए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त चित्रकूट मंडल बांदा अरविंद कुमार, सीडीएम रेलवे प्रयागराज अतुल यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी सहित सभी उपजिलाधिकारी व सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त करने के लिए किया प्रेरित



**जन एक्सप्रेस/पहाड़ी, चित्रकूट।** स्व. रघुवीर प्रसाद कन्या इंटर कॉलिज पहाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को तकनीकी क्षेत्र में भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया। बीबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन प्रयागराज के काउंसलर एसपी पाल एवं संदीप सिंह ने तकनीकी शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। जिसमे इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, विधि विभाग एवं सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली शुल्क प्रतिपूर्ति व छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की। 12वी के बाद रोजगार परक कोर्स करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में प्रदान की जाने वाले ग्रेजुएट कोर्स बीबीए, बीसीए, डी फार्मा, बी फार्मा कोर्स के बारे में प्रवेश के बारे में जानकारी मुहैया कराई गई। इस मौके पर कालेज की प्रधानाचार्या बंदना कुमारी, वरिष्ठ प्रवक्ता राजकरन गुप्ता, रजनी देवी, सुधांशु सिंह, रावेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार, अनुराधा अग्रहरि, सलोनी त्रिपाठी, पवन यादव, साधना यादव, अंजू नामदेव, तनु देवी एवं आरती आदि मौजूद रहे।

### चार लोगों ने पैसे के लेनदेन में होटल संचालक को धुना

**जन एक्सप्रेस/उरई।** नशे में धुत्त चार लोगों ने पैसे के लेनदेन को लेकर होटल संचालक के साथ मारपीट कर दी। होटल संचालक ने मारपीट के साथ होटल में लूटपाट करने व आग लगाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। शहर के मुहल्ला सुशील नगर निवासी राजीव कुमार चौराहे पर हाईवे किनारे राजीव चिकन कार्नर के नाम से होटल किए है। शुक्रवार की रात दीपेंद्र यादव उर्फ चिकना, राम ठाकुर, प्रिंस सोनी व पारस चतुर्वेदी होटल पर पहुंचे और मीट खाया। इसके बाद उनसे जब बिल के 2570 रुपये मांगे, तो वह शराब के नशे में गाली-गलौज करते हुए धमकी देने लगे। जब रुपये देने के लिए कहा गया, तो उन्होंने उसके व स्टाफ के साथ मारपीट कर गोलक में रखे 8 सौ रुपये निकाल लिए। जब उसने डायल 112 को सूचना दी तो आरोपित मौके से भाग गए। लेकिन उनकी बाइक वहीं छूट गई। रात करीब 12 बजे आरोपित फिर से ढाबे पर पहुंचे और बाइक से पेट्रोल निकालकर उसकी दुकान में आग लगा दी। जिससे उसका करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वह लोग कई बार उसे धमका चुके हैं। जिससे उसे व्यापार करने में परेशानी आ रही है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को इसकी शिकायत की है। मामले में सीओ अर्चना सिंह ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी, अगर घटना हुई तो जांच कराकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी के साथ छेड़खानी करने का आरोप, मां ने की शिकायत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर क्षेत्र के एक गांव में तिलक समारोह के दौरान किशोरी के साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ करने के आरोप में मां के द्वारा कोतवाली में शिकायत की गई। नगर कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए पीड़ित मां ने बताया कि पीड़िता के गांव में तिलक समारोह कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें हम लोग मौजूद थे। इसी दौरान देर रात करीब 11 बजे पीड़िता की 11 वर्षीया पुत्री को गांव के ही एक आरोपी युवक शिवेंद्र सिंह पैसे का लालच देकर बुरी नियत से खेतों में ले गया। जहां पर वह उसके साथ जबरन छेड़खानी करने लगा। शोर सुनकर कुछ लोगों ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को ललकार लगाई। तब आरोपी युवक उसकी पुत्री को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। किशोरी ने इस घटना को लेकर के घर में अपनी मां को बताया। पीड़ित मां ने शिकायती पत्र देते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर हर पहलू पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### अधिशासी अधिकारी ने जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत शनिवार को अधिशाषी अभियंता आशीष कुमार भारती ने रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना में प्रस्तावित हनुवा एवं अरवारा ग्राम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता को उपस्थित ग्राम प्रधान ने बताया कि ग्राम में दोनों टाइम शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो रही है, किंतु दोनों गांव में लगभग 500 मी इंटरलॉकिंग रोड का कार्य फर्म के द्वारा केवल मोटरेबल किया गया है, इसके संबंध में फर्म जीपीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर एस मौर्य को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देशित किया गया कि अविलंब मानक के अनुरूप रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही ग्राम वासियों से अपील की कि बेवजह जल की बर्बादी न करें। जल का उपयोग करने के बाद टोटी बंद कर दें तथा किए गए हाउस कनेक्शन की सुरक्षा भी करें ताकि कोई डैमेज न करने पाए। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि नियमित रूप से वाल्व ऑपरेटर ग्राम में भ्रमण करके नियमित रूप से जलापूर्ति का रिकॉर्ड मेंटेन करें तथा ग्रामीणों की समस्याओं को भी नोट करके फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को भेजें एवं यथाशीघ्र प्राप्त समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। नियमित रूप से ओवरहेड टैंक की साफ सफाई कराई जाए। ग्राम में जो कंज्यूमर हाउस कनेक्शन से वंचित रह गए हैं, उनको प्राथमिकता पर कनेक्शन प्रदान किया जाए।

### शीतलहर से बचाव के लिए शासन ने जारी किए निर्देश

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग द्वारा माह दिसम्बर 2024 से माह फरवरी 2025 के मध्य सामान्य से कम तापमान होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा शीतलहर से बचाव के लिए शमन, तैयारी और प्रतिक्रिया के उचित उपाय किये जाने के लिए निर्देश दिए गए है।जिसके अंतर्गत शीतलहर से बचने के लिए पर्याप्त सर्दियों के कपडे पहनें। आपातकालीन आपूर्ति तैयार रखें। शीतलहर के दौरान फ्लू, नाक से खून जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। इस तरह के लक्षणों होने पर तुरन्त डॉक्टर से सलाह लें। शीतलहर के दौरान मौसम और आपातकालीन प्रक्रिया की जानकारी का बारीकी से पालन करें और सलाह के अनुसार कार्य करें। भारी कपडों की एक परत के बजाय ढीले फिटिंग, हल्के, विंडप्रूफ गर्म ऊनी कपडों की कई परतें पहनें। दस्ताने पहनें क्योंकि दस्ताने ठंडक से गर्मी और इन्सुलेशन प्रदान करते है। टोपी और मफलर का प्रयोग करें। शरीर के तापमान का संतुलन बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार लें। गर्मी उत्पन्न करने के लिये बंद कमरे के अन्दर कोयला व अंगीठी न जलायें क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस उत्पन्न हो सकती है जो बहुत जहरीली होती है और कमरे में मौजूद लोगों की जान जा सकती है। हाइपोथर्मिया के मामले में व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाएं और उसके गीले कपडे बदले। व्यक्ति के शरीर को त्वचा से त्वचा के संपर्क में लाकर गर्म रखें, तौलिये या चादर की परतों से सुखाये। शरीर के तापमान को बढ़ाने में मदद करने के लिए गर्म पेय दें। स्थिति बिगड़ने पर चिकित्सीय सहायता लें। कपकंपी को नजरअंदाज न करें। यह पहला संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है-घर के अंदर शरण लें। प्रभावित व्यक्ति को तब तक कोई तरल पदार्थ न दे जब तक कि पूरी तरह से सचेत न हो जाए। उन्होंने कृषकों से कहा है कि शीत लहर और पाला फसलों को नुकसान पहुंचाते है, जिसमें उनमें काला रतुआ, सफेद रतुआ, पछेती-तुषार आदि रोग उत्पन्न होते हैं। शीत लहर के कारण अंकुरण, वृद्धि, पुष्पन, उपज और भंडारण अवधि में विभिन्न प्रकार के व्यवधान का कारण बनती है। इसके लिए उपचारात्मक उपाय अपनायें जैसे जड़ विकास को सक्रिय करने के लिए बोर्डो मिश्रण या कॉपर ऑक्सी क्लोराइड, फास्फोरस और पोटेशियम का छिडकाव करें। हल्की और बार-बार सतही सिंचाई करें। बागवानी और बगीचों में इंटरक्रॉपिंग खेती का उपयोग करें। उन्होंने पशुधन के शीतलहर से बचाव के संबंध में बताया कि शीत लहर के दौरान, जानवरों और पशुधन को जीविका के लिए अधिक भोजन की आवश्यकता होती है क्योंकि ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ जाती है। ऐसे मौसम में जानवरों के तापमान में अत्यधिक भिन्नता पशुओं की प्रजनन दर को प्रभावित कर सकती है।

# पूर्व विधायक और एक अन्य की हत्या की साजिश करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में मानिकपुर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने पूर्व विधायक व एक अन्य की हत्या की साजिश रचने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

मानिकपुर क्षेत्राधिकारी फहद अली ने बताया कि बीते शुक्रवार को राजेन्द्र द्विवेदी निवासी बैलोहन का पुरवा चैकी सरैंया ने थाना मानिकपुर सूचना दी कि महेश द्विवेदी निवासी बैलोहन का पुरवा चैकी सरैया द्वारा उसकी व पूर्व विधायक आनंद शुक्ला की हत्या की साजिश की जा रही है। जिसके लिए धीर सिंह उर्फ धीरु, निवासी अर्जुनपुर थाना राजापुर, प्रमोद कुमार पटेल उर्फ गोलू मामा निवासी मोहनपुर मजरा खण्डेहा थाना मऊ हाल पता कर्वी एलआईसी के पास, मो0 नफीस निवासी मऊगुरदरी थाना मानिकपुर व मो0 अशरफ उर्फ मानू निवासी शास्त्रीनगर कस्बा व थाना मानिकपुर को सुपारी दी गई है। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किए गए। इस मामले को पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान में लेते हुए खुलासे के लिए निर्देश दिए गए थे। जिसके अनुपालन में मामले की विवेचना करते हुए शनिवार को प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह व उनकी टीम द्वारा पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने पूछताछ करने पर बताया कि उन्होंने बेलौहन पुरवा निवासी राजेन्द्र द्विवेदी तथा पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला की हत्या करने की योजना गोपनीय तरीके से बनायी थी, परन्तु वह बात खुल गयी। पुलिस ने आरोपी महेश द्विवेदी के कब्जे से मोबाइल फोन व 170 रुपये, धीर सिंह उर्फ धीरु के कब्जे से एक मोबाइल फोन व 120 रुपये, प्रमोद कुमार पटेल उर्फ गोलू मामा के कब्जे से 310 रुपये, मो नफीस के कब्जे से एक मोबाइल फोन व 210 रुपये व मो0 अशरफ उर्फ मानू के कब्ले से एक मोबाइल फोन व 530 रुपये बरामद किए।

आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी मानिकपुर उपाधीक्षक फहद अली, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्ग विजय सिंह, उपनिरीक्षक कृपानंदन शर्मा, मुख्य आरक्षी कमलाकान्त, आरक्षी भास्कर शुक्ला, चालक प्रभात दुबे व एसओजी टीम के प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा, रोशन सिंह व पवन राजपूत शामिल रहे।

# 18 दिसम्बर को विधानसभा का घेराव करेगी कांग्रेस



**जन एक्सप्रेस । उरई**

प्रदेश में धार्मिक उन्माद फैलाने वाली भाजपा सरकार के विरोध में 18 दिसम्बर को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में लखनऊ पहुंचकर विधानसभा का घेराव किया जायेगा। उक्त बात रामनगर स्थित कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन में आयोजित वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने कही। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सभी लोगों को अवगत कराना है कि जनपद जालौन कांग्रेस कमेटी एवं समस्त फ्रंटल संगठन एवं सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ ही योगी सरकार की कुशासन से जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। सरकार हर मोर्चे पर विफल सावित हो रही है।अपनी नकामी छिपाने के लिये सिर्फ धार्मिक त्रृष्टिकरण की नीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के पास आय दिन कोई धार्मिक उन्माल फैलाने वाला एजेण्डा सेट किया जाता है। ताकि सरकार अपनी नाकामी पर पर्दा डाल सके। मगर कांग्रेस पार्टी संकल्पित है। सरकारी की हर नाकामी से पर्दा उठाने के लिये। हम सड़क पर उतरकर संघर्ष करेंगे।सरकार को जनता की आवाज सुनने के लिये 18 दिसम्बर को जनपद-जालौन से भारी संख्या में विधान सभा घेराव पूरी ताकत से करेंगे और सोती हुई प्रदेश सरकार से जबाव मांगेंगे। वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से कमल दोहरे, मो. फैजानुल हक, राजेश प्रजापति ऊमरी, शकुंतला पटेल, अयूब अंसारी, जितेंद्र मिश्रा, यादवेंद्र सिंह जादौन, राजेश बुधौलिया, अशोक सक्सेना, हाजी ख्वाजा बक्स मंसूरी आदि कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## भाजपा के मंडल अध्यक्ष पद पर हुए नामांकन



**जन एक्सप्रेस । उरई**

भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को जनपद के 19 मंडलों में मंडल अध्यक्षों के चुनाव के संबंध में नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान उरई नगर मंडल में सभासद आकाश त्रिवेदी व शिवम गुप्ता नें जोरशोर से नामांकन दाखिल किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने बताया कि इस बार मंडल अध्यक्ष में महिला भी शामिल रहेगी। विधानसभा बार आरक्षण को ध्यान में रखते हुए ओबीसी एवं एससी वर्ग के मंडल अध्यक्ष बनाए जाएंगे। प्रत्येक मंडल में लगभग 10 से 15 नामांकन भरे गए। मंडल अध्यक्ष पद के लिए अब इन नामो से 5 लोगों का पैनल बनाकर क्षेत्रीय कार्यालय भेज दिया जाएगा। इसके उपरांत प्रदेश स्तर से मंडल अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। आज सभी मंडल चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी ने मंडल में चुनाव संपन्न कराया। मुख्य रूप से उदयन पालीवाल, संतराम सेंगर, अरविंद चौहान, रामेंद्र सिंह सेगर, नरेंद्र सिंह, हरेंद्र विक्रम, देवेंद्र यादव, रामानुग्रह राजावत, रेखा वर्मा, बाबा बालक दास, संजीव उपाध्याय, अमित निरंजन, मनोज यादव एवं समस्त चुनाव अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध शराब के खिलाफ अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत शनिवार को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, संयुक्त आबकारी आयुक्त व उप आबकारी आयुक्त चित्रकूट धाम प्रभार बांदा के निर्देश पर आबकारी टीम के द्वारा थाना कर्वी अन्तर्गत ग्राम भैरोपागा में मन्दाकिनी नदी के किनारे आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान 20 लीटर अवैध कच्ची शराब व 700 किग्रा लहन नष्ट किया गया। साथ ही बरामद सामग्री के आधार पर आबकारी अधिनियम की धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया।

# 15 दिन बीतने के बाद भी खाद्य की कालाबाजारी के मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

## 30 नवम्बर को छापामारी के दौरान नकली खाद्य के साथ पकड़े गए थे दस लोग,

**जन एक्सप्रेस । उरई**

पुलिस ने नकली खाद समेत 10 लोगों को बीती 30 नवम्बर को गिरफ्तार किया था। इसका खुलासा पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में किया था। खुलासा करते हुए एसपी ने बताया कि कृषि अधिकारी, एसओजी टीम व कोतवाली उरई की संयुक्त टीम द्वारा खाद के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा था। जिसमें मुखबिर की सूचना पर शहर के कोंच रोड स्थित सीक्रेट हार्ड सैंटनरी एकेडमी स्कूल के सामने बने गोदाम में 224 बोरी, एक ट्रक से 616 बोरी और दो पिकअप से 57 बोरी, नदीगांव में निखिल अग्रवाल के बने गोदाम से कुल 104 बोरी कुल मिलाकर 1001 बोरी बरामद की गई है।जिसकी कीमत तकरीबन 16 लाख रुपए बताई गई है। नकली डीएपी खाद बनाने के प्रयोग के लिए रासायनिक की खाली बोरियां काफी मात्रा में पाई गई। पुलिस टीम ने आदित्य राठौर पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी कटरा मोहल्ला नदीगांव, गोविंद तिवारी पुत्र शेषनारायण तिवारी निवासी चंद्रपुरा पटेल नगर कोच, शिवम अग्रवाल पुत्र पुरुषोत्तम अग्रवाल निवासी नदीगांव, मनीष खटीक पुत्र लाखन सिंह निवासी मोहल्ला कटरा सहित दस लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने के बाद इन लोगों के पास से दो पिकअप गाड़ी, एक ट्रक और 1001 नकली डीएपी खाद की बोरी समेत अन्य सामान बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली टीम में जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, पुष्कर दीक्षित, वीरेंद्र शर्मा, लोकेश दीक्षित ने कार्यवाही की थी। जबकि इनमें से दो अभियुक्त भागने में कामयाब रहे थे। करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली के खाली है। इस बारे में जब उच्च अधिकारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि भागे हुए दो विशाल राजपूत निवासी मोहल्ला गांधीनगर उरई और निखिल अग्रवाल निवासी मोहल्ला नई बस्ती कोंच की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। जल्द ही भागे हुए को पकड़ लिया जाएगा।

# मंडलायुक्त व डीआईजी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

चित्रकूट धाम बांदा मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में कोतवाली कर्वी में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने फरियादियों की समस्या सुनकर सम्बन्धितों को गुणवत्तापूर्ण निर्देशन के निर्देश दिए। समाधान दिवस में मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने कोतवाली कर्वी में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों से दूरभाष से वार्ता कर निर्देशित किया। मंडलायुक्त ने कहा कि भूमि सम्बन्धित विवाद सहित नाली, चकरोड, सरकारी भूमि, तालाब व अवैध अतिक्रमण जैसे मामलों को संज्ञान में लेकर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लम्बित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि महिलाओं संबंधित विवाद प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि शासन स्तर से समस्या निस्तारण की समीक्षा करते हुए फीडबैक भी लिया जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मंडलायुक्त ने निस्तारण रजिस्टर का भी अवलोकन किया तथा समाधान दिवस में प्राप्त हुए प्रार्थना पत्रों के गुणवात्तापूर्ण निस्तारण निस्तारण कराए। इसके बाद मंडलायुक्त ने कोतवाली परिसर में बन रहे चिकित्सा कक्ष का निरीक्षण किया उन्होंने कार्यदाई संस्था पुलिस आवास निगम को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। साथ ही कार्य को महाकुंभ मेला 2025 से पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया है कि इस चिकित्सा कक्ष में डॉक्टर व नर्स भी तैनात किए जाए। थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह, अपर मंडलायुक्त भगवान शरण, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकार कर्वी राजकमल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कौंग्रेस करेंगी विधानसभा का घेराव

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

कौंग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने बताया कि आगामी 18 दिसंबर गुरुवार को कौंग्रेस पार्टी विधानसभा का घेराव करेगी। कौंग्रेस के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के अगुवाई में पार्टी विधानसभा का घेराव करेगी। कौंग्रेस पार्टी जनता की आवाज सुनने के लिए संकल्पित है तथा सड़कों पर उतरकर संघर्ष करते हुए सरकार को जनता की समस्या हल करने के लिए मजबूर करेगी। कहा कि भाजपा सरकार में किसान खाद के लिए परेशान है। विद्युत विभाग को निजी कंपनी के हाथों में देने का प्रयास कर रही है जिससे आम जनता को महंगी बिजली मिलेगी। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा पा रहा है। कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बदहाल है।

# जनपद न्यायाधीश ने फीता काटकर किया राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को सुलह-समझौते के आधार पर 80,377 मुकदमों का निस्तारण किया गया। इस दौरान 11,65,04,801 रुपये अर्थदण्ड प्रतिकर व बैंक ऋण वसूली के रूप में वसूल किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें जनपद न्यायाधीश ने चार सिविल प्रकीर्ण वाद, तीन प्रकीर्ण फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुए 1,200 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाया। इसके अलावा मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी कृष्ण यादव ने 41 वादों का निस्तारण करते हुये 3,57,52,168 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाया गया। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव ने सात वादों का निस्तारण करते हुए 64,000 रुपये आपसी सुलह-समझौते के आधार पर वादिया को दिलाया एवं कई वर्षों से एक-दूसरे से अलग हुये तीन जोडों आपस में सुलह-समझौते के आधार पर एक साथ भेजा। अपर जिला जज प्रथम अनुराग कुरील ने 75 विद्युत वादों का निस्तारण किया। विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट राममणि पाठक ने तीन वाद का निस्तारण करते हुये 1,000 रुपये अर्थदण्ड वसूला। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारतीय ने फौजदारी के 660 वादों का निस्तारण करते हुये 72,820 रूपये अर्थदण्ड वसूला। सिविल जज (सीनियर डिविजन) सचिन कुमार दीक्षित ने सात सिविल वाद व तीन उत्तराधिकार वादों का निस्तारण करते हुए 27,12,628 रुपये का प्रमाण पत्र जारी किया एवं 62 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुये 11,400 रुपये का अर्थदण्ड वसूला। सिविल जज (सीनियर डिविजन)/एफटीसी सोनम गुप्ता ने 149 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुये 8,150 रुपये अर्थदण्ड वसूला। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अंजलिका प्रियदर्शिनी ने 41 वादों का निस्तारण करते हुये 2,050 रुपये अर्थदण्ड वसूला। न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर खुशबूचन्द्रा ने 135 वादों का निस्तारण करते हुये 1,350 रुपये अर्थदण्ड वसूला। इस प्रकार अन्य न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 1191 वादों का निस्तारण करते हुये 3,86,26,766 रुपये राजस्व व अन्य विभागों द्वारा 79,187 मामलों का निस्तारण करते हुये 7,78,78,030 रूपये प्रतिकर के रूप में वसूला गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 11 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक आयोजित विशेष लोक अदालत (पेटी आफेंस) में कुल 31 वादों का निस्तारण किया गया।



**आग से सैंकड़ों झुग्गियां जलकर हुई राख...**

गाजियाबाद जनपद के ट्रांस हिंडन क्षेत्र के इंदिरापुरम थान अंतर्गत कनावनी गांव में सुबह आग लगने के कारण सैकड़ो झुग्गियां जलकर राख हो गई है। आग इतनी भयावह थी कि सैकड़ों झुग्गियों को स्वाहा का4 दिया। जिससे रहने वाले के खाने पीने से लेकर रोजमर्रा के... पढ़ें पेज 12 पर...

# वर्ष भर पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी वर्षः सीएम योगी

- 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास सहित सभी जिलों में होंगे विशेष कार्यक्रम, जनप्रतिनिधियों की भी होगी सहभागिताः मुख्यमंत्री



- प्रेरणा का स्रोत है देश और धर्म के लिए सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान- मुख्यमंत्री
- गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों की कहानी से नई पीढ़ी को अवगत कराएगी सरकार
- सिख गुरुओं की जीवनी-बलिदान को पाठ्यक्रम का हिस्सा व प्रेरणा का बनाएं स्रोतः मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश-सिख गुरुओं के त्योहारों को परंपरागत तौर पर उल्लास के साथ मनाया जाए
- स्कूलों में होंगी कविता, निबंध व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं

**लखनऊ**

सिख धर्म के नवम् गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी का 350वां वर्ष पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा। एक वर्ष तक चलने वाले इस आयोजन का शुभारंभ 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के विशेष अवसर पर लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास से होगा, जिसका प्रदेश के सभी गुरुद्वारों में सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। इसका समापन अवसर पर अगले वर्ष भव्य समारोह के साथ होगा।

शनिवार को एक विशेष बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहाकि देश व धर्म की स्थापना के लिए सिख गुरुओं का बलिदान अनुकरणीय है, इसलिए सिख गुरुओं के त्योहारों को पूरे प्रदेश में परंपरागत तौर पर उल्लास के साथ मनाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आगामी सत्र से सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान की अमर गाथा को स्कूली पाठ्यक्रमों का हिस्सा बनाया जाएगा। यही नहीं, मुख्यमंत्री के निर्देश पर गुरु तेग बहादुर के जीवनवृत्त पर आधारित पुस्तक भी तैयार की जाएगी। इस विशेष अवसर पर 11000 सहज पाठ का महायज्ञ भी किया जाएगा।

वीर बाल दिवस पर प्रमुख ग्रंथियों को करें आमंत्रित मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पूरे प्रदेश में वीर बाल दिवस का विशेष समारोह मनाया जाएगा। गुरु ग्रंथ साहब का पाठ हो, इस कार्यक्रम में सभी ग्रंथियों को भी आमंत्रित किया जाए। सभी जनपदों के सभी गुरुद्वारों में होने वाले इस आयोजन में माननीय सांसद, महापौर, विधायक, विधान परिषद सदस्य समेत जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया जाए। कविता, निबंध व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं भी हों आयोजित मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सिख गुरु यह हमारे प्रेरणास्रोत हैं। इनकी जीवनी व बलिदान को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाएं। इनसे जुड़े विषयों पर कविता, निबंध व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाए।

# गौरैया संस्कृति महोत्सव का नौटंकी कौशल्या के राम से समापन



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

शहर की ख्यातिलब्ध सांस्कृतिक संस्था गौरैया संस्कृति संस्थान के तीन दिवसीय गौरैया संस्कृति महोत्सव में भव्य रूप से स्थानीय कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम किया गया, परंतु प्रमुख रूप से प्रथम दिवस की शुरुआत पद्मश्री अनूप जलोटा के भजन गायन से हुई। द्वितीय दिवस में सर्वेश अस्थाना की टीम द्वारा कवि सम्मेलन संपन्न हुआ व तीसरे दिवस की संध्या में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से गौरैया संस्कृति संस्थान के तत्वावधान में संगीतमय नौटंकी नाट्य प्रस्तुति कौशल्या के राम का मंचन भव्य रूप से संगीत नाटक अकादमी के प्रांगण, गोमतीनगर, लखनऊ में सायं 6 बजे भव्य रूप से किया गया। इसकी परिकल्पना, लेखन, संगीत व निर्देशन अमित दीक्षित राम जी द्वारा किया गया। संस्था की सचिव रंजना मिश्रा ने बताया कि इस प्रस्तुति में प्रभु श्री राम के सुकृत्यों को जन जन के मध्य प्रस्तुत किया गया। प्रभु श्रीराम ने समाज को सदमार्ग पर चलने का जो रास्ता बताया वो हम सबके लिए प्रेरणा का केन्द्र बना। इस संगीतमय प्रस्तुति में लगभग 60 अभिनेता, गायक, नृत्यांगनाओं, संगत कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। प्रस्तुति में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महापौर सुषमा खरकवाल, विशिष्ठ अतिथि सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, रजिस्ट्रार महेन्द्र भीष्म अवस्थी मौजूद रहे। लेखक राम बहादुर मिश्र, आदित्य द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समस्त जनता ने एक स्वर में इस प्रस्तुति को सराहा और पूरा प्रांगड़ तालियों से गूंज उठा।

# अस्थल गांव में पुरानी रंजिश में युवक को उतारा था मौत के घाट

- खेत में गाय चलीं जाने को लेकर की थी हत्या, शव आलू के खेत में था फेंका, आरोपी गिरफ़्तार



**लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बीकेटी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों अस्थल गांव के पास एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकला नया अस्थल रैथा गांव निवासी किसान नरपत उर्फ सोनू (40) वर्ष पुत्र स्व.राम औतार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रैथा गांव के पास आलू के खेत के पास पड़ा मिला था। बता दें कि बीकेटी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामाना की कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाहीं में लगी हुई थी। वहीं पुलिस की जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर बीकेटी पुलिस, उपायुक्त उत्तरी क्राइम टीम ने शनिवार को रैथा गांव निवासी रजनीश उर्फ़ छोटू निषाद पुत्र केशव निषाद को रैथा अंडरपास छठामील जाने वाली रोड़ के पास से गिरफ़्तार कर लिया। वहीं पुलिस की पूछताछ में रजनीश ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर मैंने अकेले ही नरपत उर्फ सोनू की हत्या कर शव को घर के पास आलू के खेत में डालकर फरार हो गया था। वहीं शनिवार को एडीसीपी उत्तरी जोन जितेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि 10 दिसंबर 2024 को बीकेटी थाना क्षेत्र अस्थल गांव निवासी नरपत उर्फ सोनू का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया था और जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर रैथा गांव निवासी रजनीश उर्फ़ छोटू को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर मैंने सोनू की हत्या कर दी थी। वहीं पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया,जहां से जेल भेज दिया गया। वहीं घटना के सफ़ल अनावरण करने वाली टीम में थाना बीकेटी पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बीकेटी संजय सिंह, निरीक्षक कैलाश चन्द्र दुबे, उ0नि0 शशि प्रकाश सिंह, विपिन कमार उपाध्याय, का0 दीपक कुमार तथा पुलिस उपायुक्त उत्तरी क्राइम टीम में उ.नि.विश्वनाथ प्रताप सिंह, हे.का.नदीम, अवधेश गिरी, आज़म, वीर सिंह, संतोष कुमार, अमित कुमार गौतम शामिल रहें।

# नगर निगम टीम ने अतिक्रमण कर्ताओं को दिया एक सप्ताह का और समय



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

नगर निगम जोन 6 की सरकारी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण खाली कराने पहुंची नगर निगम टीम ने अवैध अतिक्रमण कर्ताओं के अनुरोध पर एक सप्ताह के भीतर कब्जा हटा लेने की हिदायत दी। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने अवैध कबजेदारों को हिदायत देते हुए कहा कि आपको एक सप्ताह का समय दिया जा रहा है और आप अपना कब्जा स्वयं हटा ले अन्यथा मुझे पुलिस बल के सहयोग से अपनी नगर निगम भूमि पर अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार ने बताया कि मैं अपनी टीम लेखपाल अनुपम कुमार, लेखपाल अजीत तिवारी, लेखपाल अरुण कुमार गौतम व राहुल यादव तालकटोरा थाने की भारी पुलिस बल के साथ नगर निगम जोन 6 के आलमनगर पुल के नीचे कुछ अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। जिसे खाली कराने पहुंचे कि इस दौरान अवैध कबजेदारों ने नगर निगम की टीम के लेखपाल अनुपम कुमार को देख लेने की धमकी दी। नगर निगम टीम ने मानवता दिखाते हुए एक सप्ताह का और समय दिया है अवैध कब्जा हटाने के लिए।

# कांग्रेस पार्टी ने मनाई संजय गांधी की जयंती

**लखनऊ**

भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पुत्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे संजय गांधी की जयंती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह सहित उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला ने कहा कि संजय गांधी बहुत दूरदर्शी नेता थे जो बहुत आगे की सोच रखते थे। उनके द्वारा चलाया गया अभियान जिसमें एक तरफ़ शहरों की सडकों को चौड़ा किया गया तथा शहरो को एक रंग में रंगने की शुरुआत हुई तो दूसरी तरफ़ बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चला कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम किया गया। श्री शुक्ल ने कहा कि उनके आकस्मिक रूप से चले जाने के कारण बहुत कुछ छूट गया या पिछड़ गया। संजय गांधी की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष आरपी त्रिपाठी, आदि ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



# लोकबंधु नर्सिंग ऑफिसर योगाचार्य पं नवीन ने सर्दी के मौसम मे योग के प्रति किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के कानपुर रोड स्थित लोकबंधु अस्पताल मे लोकबंधु के नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत और पतंजलि योग समिति मे युवा प्रभारी योगाचार्य पं नवीन द्वारा सर्दियों मे होने वाली बीमारिया सर्दी, जुकाम, खांसी, दमा, स्थमा और उनके यौगिक उपचार को बताया गया। उनके साथ अहम भूमिका मे योग शिक्षिका पूजा यादव ने सूर्य नमस्कार के 12 आसन किये द्य योगाचार्य नवीन ने योग की क्रियाओं मे जलनेति सूत्रनेति द्वारा गले, नाक, कान के रोग, बैक्टीरियल इन्फेकशन को दूर करने के उपाय बताए द्य पं नवीन का कहना है की सर्दियों मे ज्यादा से ज्यादा योगासन प्राणायाम से शरीर की इम्युनिटी पावर को बढ़ाया जा सकता है और हार्ट अटैक के खतरे को भी कम किया जा सकता है द्य आज के योग सत्र के एकदिवशीय कार्यक्रम मे अस्पताल के डायरेक्टर डा सुरेश चंद्र कौशल, प्रबंधक, फार्मासिस्ट और नर्सिंग संवर्ग के स्टॉफ भी मौजूद रहे आज के कार्यक्रम की सराहना करते हुए लोकबंधु डायरेक्टर ने बताया की योगाचार्य नवीन ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर योग के क्षेत्र मे एक अलग पहचान बनाई और लोकबंधु डायरेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

# रविवार को भाजपा लखनऊ महानगर के सभी 25 मण्डल अध्यक्षो का होगा चुनाव





**लखनऊ**

भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में लखनऊ महानगर कार्यालय पर मण्डल चुनाव अधिकारियों एवं मण्डल अध्यक्षों के साथ बैठक की और पार्टी द्वारा सुनिश्चित मण्डल चुनाव से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। वहीं लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि लखनऊ महानगर के सभी 25 मंडलों पर एक साथ 15 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे निर्धारित चुनाव स्थान पर नामांकन कराया जाएगा और आम सहमति से चुनाव

संपन्न कराया जायेगा। वहीं उम्मीदवार अपने मंडल के बूथ अध्यक्ष में से एक प्रस्तावक एवं एक अनुमोदक के साथ नामांकन कर सकेंगे। मण्डल चुनाव अधिकारीयों को चुनाव सम्पन्न कराने के बाद लखनऊ महानगर कार्यालय पर सभी नामांकन फार्मों को जमा करना होगा। संगठन द्वारा निर्धारित मण्डल अध्यक्ष उम्मीदवार की आयु 35 से 45 के बीच के साथ दो बार लगातार सक्रिय सदस्य होना चाहिए।

वहीं बैठक में मंडल चुनाव अधिकारी, मध्य उपविजेता रजनीश गुप्ता, पश्चिम उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, मनीष शुक्ला, हरशरण लाल गुप्ता, मान सिंह, रमेश तूफानी, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, विजय भुर्जी, अभिषेक खरे, मानवेंद्र सिंह, चेतन विष्ठ, प्रकाश मिश्र, विनायक पाण्डेय, विनोद कुमार कल्लू, योगेश चतुर्वेदी, दिलीप श्रीवास्तव, अखिलेश गिरी, सुरेश पांडेय, सीता नेगी, उपस्थित रहें।

**मण्डल अध्यक्ष हेतु संशोधित 4 नामांकन स्थल**

- पश्चिम-1 अन्नपूर्णा मंदिर कोठारी बंधु राजाजीपुरम,
- पश्चिम-2 कृष्णा लॉन रामनगर
- पश्चिम-3 नीरा मैरिज हॉल ई ब्लाक टैम्पो स्टैण्ड राजाजीपुरम
- पश्चिम-4 काली जी मंदिर के पास हाल चौक

**उत्तर-1 दुर्गा देवी मन्दिर लालजपतनगर**

- उत्तर-2 60 फिटा रोड चौराहा जय भोले प्लाजा त्रिवेणीनगर
- उत्तर-3 मोती फूड का कार्यालय हसनगंज कोतवाली के सामने डालीगंज
- उत्तर-4 सुरभि केशवनगर फैजुल्लागंज
- उत्तर-5 रघुवर लॉन सेक्टर एफ जानकीपुरम
- पूर्व-1 महामना मालवीय मिशन विवेकखण्ड 1 गोमतीनगर
- पूर्व-2 शकुन्तला मैरिज हॉल यूनिटी सिटी चौराहा कल्याणपुर चौराहा
- पूर्व-3 रौनक गेस्ट हाउस सर्वोदय नगर इंदिरा नगर
- पूर्व-4 पारिजात पैलेस सेक्टर 12 इंदिरानगर
- पूर्व-5 रामलीला मैदान, चिनहट
- मध्य-1 हलवासिया कोर्ट हजरतगंज
- मध्य-2 प्रदीप भार्गव जी के आवास पर बार्लिंगटन
- मध्य-3 किराना कमेटी हाल सुभाष मार्ग चुंगी
- मध्य-4 सेंट मैग्नस स्कूल, पीली कालोनी, ऐशबाग
- कैण्ट-1 होटल होम इन रविन्दर सिंह बग्गा आलमबाग बस अड्?डा के सामने
- कैण्ट-2 बारात घर आफिस गांधी विद्यालय आलमबाग मेट्रो के पास
- कैण्ट 3 उपकारम करौती आर्य नगर रोड
- कैण्ट-4 अग्रसेन वाटिका निकट रघुवर भवन सदर बाजार कैण्ट
- सरोजनी दक्षिण-1 शुभम पैलेस अमौसी
- सरोजनी दक्षिण-2 सोमेंट गेस्ट हाउस स्मृति उपवन के सामने
- सरोजनी दक्षिण-3 होटल वी स्कायर नियर बाबा भीमरावअम्बेडकर यूनिर्सिटी

# नशा मुक्त महिला फुल मैराथन दौड़ कों लेकर इटौंजा लखरैन माता धाम परिसर पर बैठक संपन्न



**लखनऊ**

लखनऊ जिले के बीकेटी विधानसभा क्षेत्र इटौंजा माल पर स्थित लखरैन माता धाम परिसर में नशा मुक्त महिला फुल मैराथन दौड़ कों लेकर बैठक संपन्न हुई। बता दें कि इस बैठक का आयोजन पूर्व सभासद वार्ड नंबर 4 सुधाकर अवस्थी द्वारा किया गया था। वहीं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद कौशल किशोर ने सैकड़ो नौजवानों, बुजुर्ग, महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा भारत देश में अंग्रेजों ने लाया था, जोकि आज हमारे भारतवर्ष में कई सैकड़ो नौजवानों अन्य लोगों को नशे की लत ने कमजोर बना दिया हैं, जिससे कि हमारा भारत भी कमजोर हो रहा है, सभी को नशे से दूर रहना चाहिए और नशा अपने जीवन में नहीं करना चाहिए, नशे से परिवार नष्ट होते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन सुधाकर अवस्थी पूर्व सभासद वार्ड नंबर 4 तुर्की द्वारा करवाया गया। जिसमें सैकड़ो की तादात में नौजवान, बुजुर्ग, महिलाएं शामिल हुए, 31 दिसंबर को नशा मुक्ति महिला फुल मैराथन दौड़ मे लखनऊ अन्य जिलों से हजारों की संख्या में नशा मुक्ति महिला फुल मैराथन दौड़ में महिलाएं शामिल होंगी। वहीं दुबग्गा से आई आई एम तक निशा मुक्त महिला फुल मैराथन दौड़ की जाएंगी। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, प्रतिनिधि जगदम्बा त्रिपाठी,इटौंजा चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल, कार्यक्रम आयोजक पूर्ण सभासद सुधाकर अवस्थी, आशीष त्रिवेदी अंशु, मायाराम रावत, सदाशिव मिश्रा, अवधेश प्रताप सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष अतुल मिश्रा, सतीश अवस्थी, नवनीत अवस्थी, पल्लू अवस्थी, गोलू अवस्थी,करन अवस्थी, भाजपा कार्यकर्ता व मंडल अध्यक्ष, बुजुर्ग महिलाएं नौजवान शामिल हुए।



# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में गूंजे कर्मचारियों के मुद्दे

**लखनऊ**

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की प्रान्तीय बैठक डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग के पेक्षा गृह में सम्पन हुई। बैठक की अध्यक्ष परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी और संचालन कार्यवाहक महामंत्री डा. नरेश द्वारा की गई। इस बैठक में सभी शीर्ष पदाधिकारियों ने नियमानुसार दस वर्षो में लागू होने वाले वेतन आयोग गठन और शासन स्तर पर तय शुदा मुद्दों पर आदेश जारी न होने तथा कर्मचारी शिक्षकों की विभाग स्तर पर लम्बित मांगों पर विचार करते हुए जनवरी 25 में एक प्रान्त व्यापी आन्दोलन का आहवान किया।परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी ने बताया कि आज की बैठक में कहा गया कि वेतन आयोग प्रत्येक दस वर्ष में आता है।अब आठवें वेतन आयोग का तत्काल गठन किया जाए। सरकारी काम में मोटर साइकिल का उपयोग किये जाने के बावजूद वाहन भत्ता न मिलने, वर्ष 2013 में 11 दिवसीय हड़ताल के दौरान मा. उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड के निर्देश के बावजूद 2016 को स्पष्ट नियमावली बनने के बाद भी उसे आज तक लागू नही किया गया। विभिन्न घटक संधों की जायज मांगो पर सहमति के बावजूद उन पर अधिकारियों द्वारा उच्च स्तरीय आदेशों के बाद भी निस्तारण नही किया जा रहा है। बैठक में तय किया गया कि इस तरह के प्रकरणों को संकलित कर सरकार तक पहुचाया जाएगा। परिषद के महामंत्री शिवबरन सिंह यादव ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए पिछले 11 वर्षों से लगातार धरना प्रदर्शन, रैलियॉ और वार्ताए करने के बाद लगभग 80 प्रतिशत 90 प्रतिशत कार्मिकों को लाभ मिलेगा। आदेश आना अभी बाकी है आदेश देखने के बाद उसमें मिलने वाली कर्मियों को ठीक कराने के लिए आन्दोलन कार्यक्रम तय किये जाएगे।। अनेकों विभागों में समय से पदोन्नति न किए जाने, सभी विभागों में भर्तिया बंद है लगभग हर विभाग में 50 प्रतिशत पद स्वीकृति के सापेक्ष रिक्त है। इन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए एवं नियमित पदों पर आउटसोर्सिग भर्ती न किए जाने का मुद्दा बैठक में मुख्य रूप से उठाया गया।

# खिलाड़ियों ने सदा राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बैंक का नाम ऊँचा किया है-चाण्डक

**लखनऊ**

हमारे खिलाड़ियों ने सदैव राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बैंक का नाम ऊॅचा किया है। खिलाड़ी उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन करेंगे''। यह विचार आज भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबन्धक एवं अध्यक्ष, मण्डल कल्याण समिति शरद एस.चांडक ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में स्टेट बैंक अन्तर्मण्डलीय वॉलीबॉल टूर्नामेन्ट का उद्घाटन कर 17 मण्डलों की टीमों को शुभकामनायें देते हुये व्यक्त किये।मंडल महामंत्री व समिति सचिव दिनेश कुमार सिंह ने कहा,''स्टेट बैंक ने अनेक राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दिये हैं, विश्वास है कि यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी। श्री सिंह ने बताया टूर्नामेन्ट में 13 से 16 दिसम्बर के मध्य 32 मैच खेले जायेंगे। 16 दिसम्बर को सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेला जायगाा। टूर्नामेन्ट में अहमदाबाद, भोपाल, जयपुर, बेंगलुरू, चेन्नई, चन्डीगढ़, दिल्ली, कोलकाता, पटना, गुवाहाटी, महाराष्ट्र, लखनऊ आदि 17 मंडलों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।इस अवसर पर भजनलाल एमएलवेंकटा शिवप्रकाश, दीपक कुमार झा महाप्रबन्धक व मंडल विकास अधिकारी-राजेश कुमार मीणा, हर्षवर्धन सिंह, अनूप त्रिपाठी, विनय पाल आदि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एसबीआई विनय भल्ला उपस्थित रहे।

## विधानसभा घेराव को लेकर कांग्रेस ने कसी कमर, मिली नेताओं को जिम्मेदारी

**लखनऊ**। भाजपा के कुशासन के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा18 दिसंबर को किये जा रहे विधानसभा घेराव के दृष्टिगत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक बनाकर जनपदों की जिम्मेदारी सौंपी गई है ।कांग्रेस ने घेराव को लेकर कमर कस ली है ।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि पार्टी अपने वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को जिम्मेदारी देकर विधानसभा के महा घेराव की तैयारी कर रही है। हमारे वरिष्ठ नेता जिन्हें जमीनी संघर्ष का पर्याप्त अनुभव है वह भाजपा के जनविरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाकर अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ आने के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि कुंभकर्णी नींद में सोई भाजपा सरकार को जगाने का काम किया जा सके।

# रामदेव पासी की हत्या के दोषी पुलिस कर्मियों पर दर्ज हो मुकदमा : श्यामलाल पाल

- पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा, आवास एवं कृषि योग्य भूमि देने हेतु सरकार से मांग
- प्रतिनिधि मण्डल ने पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद देने का भरोसा दिलाया

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उ.प्र. सरकार के पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव ने विगत दिनांक 11 दिसम्बर 2024 को जिला जेल में निरूद्ध बन्दी रामदेव पासी उर्फ गुड्डू पुत्र सन्तू की मृत्यु को गम्भीरता से लेते हुए समाजवादी पार्टी का नौ सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के नेतृत्व में मृतक रामदेव पासी के पीड़ित परिवार से मिलने वस्तुस्थिति से अवगत होने एवं शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु ग्राम मोहनपुर मजरे लोदीपुर थाना खीरों भेजा, जहाँ पर मृतक की माँ श्रीमती सुखाना ने बताया कि दिनांक 05 दिसम्बर को सादी वर्दी में पुलिसकर्मी मेरे घर आए एवं मेरे बेटे रामदेव व मुझे मारते हुए गाड़ी में बैठाकर थाना खीरों ले गये, जहाँ पर मेरे बेटे को पुलिसकर्मियों द्वारा बुरी तरह से लात-घूसों व डण्डों से मारा, मेरे मना करने पर गाली देते हुए धक्का देकर मुझे भी गिरा दिया, दिनांक 6 दिसम्बर को मुझे व मेरे बेटे को फर्जी मुकदमें में जेल भेज दिया। मृतक की पत्नी श्रीमती मीना एवं बहन नीलम ने प्रतिनिधि मण्डल के समक्ष कहा कि दिनांक 09 दिसम्बर को जेल मिलाई करने जाने पर रामदेव ने बताया कि उसे बुरी तरह से थाने में मारा पीटा गया है, जिस कारण उसकी तबियत अत्यधिक खराब है, चलने-फिरने में कठिनाई हो रही है जेल में उचित इलाज नहीं हो पा रहा है, फिर दिनांक 11 दिसम्बर को मुझे सूचना दी गयी कि मेरे पति की जेल में ही मृत्यु हो गयी है समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल एवं प्रतिनिधि मण्डल ने पीड़ित परिवार को ढांढस बँधाते हुए कहा कि उ.प्र. के पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव एवं समाजवादी पार्टी इस दुःख की घड़ी में न्याय दिलाने हेतु परिवार के साथ है परिवार की हर सम्भव मदद समाजवादी पार्टी करती रहेगी प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रतिनिधि मण्डल में सी.एल. वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, श्याम सुन्दर भारती विधायक, राहुल लोधी विधायक, इं. वीरेन्द्र यादव जिलाध्यक्ष मुनेश्वर पासी जिला उपाध्यक्ष चौ0 मोहसिन प्रदेश सचिव जगतपाल प्रदेश उपाध्यक्ष मजदूर सभा ने उपस्थित मीडिया के समक्ष उ.प्र. की सरकारसेमांग किया कि दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाए एवं गरीब पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपये की आर्थिक मदद, सरकारी आवास, कृषि योग्य जमीन का पट्टा दिये जाने की मांग रखी। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि उ.प्र. में जंगलराज कायम है पुलिस निरंकुश होकर निर्दोषों का उत्पीड़न कर रही है एवं अपराधियों को संरक्षण दे रही है यह घटना सरकारी तंत्र के द्वारा की गयी घटना है, यह संज्ञेय अपराध है श्री पाल ने कहा कि जब कानून के रक्षक ही भक्षक बन जाए तो फरियाद किससे करें पार्टी कार्यकर्ता गुड्डू पाल निवासी नया पुरवा भीतरगाँव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर उनके घर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल एवं जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव, विधायक राहुल लोधी के साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख उमाशंकर यादव आदि शोक संवेदना व्यक्त करने पहुँचे इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महासचिव अरशद खान जिला पंचायत सदस्य देशराज यादव, सुनील कुमार रावत, वरिष्ठ नेता ओपी यादव, जिला उपाध्यक्ष मेहरबान सिंह, चौ0 सुरेश निर्मल, राजेश मौर्या, सुरेश पटेल, मनोज पाल, गिरजाशंकर लोधी संदीप शुक्ला, रज्जू खान कमलाकर विक्रमादित्य वासुदेव यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित रहे।

## आर्मी चीफ जनरल अशोक राज बोले – भारत और नेपाल के संबंध हमेशा ही अच्छे रहे

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

नेपाल के आर्मी चीफ जनरल अशोक राज शनिवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। वे दोपहर बाद एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि अयोध्या आकर बहुत खुश हूं। नेपाल व भारत के सांस्कृतिक व धार्मिक संबंध प्राचीन हैं। भगवान श्रीराम व माता सीता के विवाह से जो संबंध बना वह आज भी कायम है। त्रेतायुगीन संबंध सदियों बाद भी जीवंत हैं। भारत और नेपाल के संबंध हमेशा ही अच्छे रहे हैं, हम विश्वास जताते हैं कि यह संबंध निरंतर प्रगाढ़ होंगे। एयरपोर्ट से वे सीधे रामलला के दरबार पहुंचे। रामलला के दर्शन कर आर्मी चीफ जनरल निहाल दिखे। राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने राममंदिर मॉडल व रामलला का चित्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

## जिला महिला कांग्रेस संगठन की आवश्यक बैठक तिलक भवन में संपन्न हुई



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिला महिला कांग्रेस संगठन की आवश्यक बैठक तिलक भवन में संपन्न हुई बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष व रायबरेली प्रभारी ऊर्षा राना ने बैठक करके संगठन के प्रति तेजी लाने संगठन को मजबूत करने के लिए तथा 18 दिसंबर को लखनऊ चलो भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ विधानसभा घेराव के लिए महिलाओं को चलने के लिए प्रेरित किया और कहा महिलाओं की भागीदारी रायबरेली से अवश्य होनी चाहिए इसी क्रम में महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्रीमती शैलजा सिंह एडवोकेट ने कहा कि हमारी संगठन की महिलाएं 18 तारीख को लखनऊ जरूर पहुंचेगी उन्होंने यह आश्वासन अपनी प्रभारी को दिया इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी विजय शंकर अग्निहोत्री किरण मिश्रा सुनीता गुप्ता श्वेता सिंह यशोदा देवी सौम्या त्रिपाठी रेखा वर्मा सोनी राजकुमारी गरिमा रत्ना सिंह सुप्रिया पांडे सुमित्रा मौर्य परवीन बानो रेखा विश्वकर्मा गुड़िया तारा देवी शालिनी जायसवाल ममता सिंह शकुंतला लोधी मंजू अंजू यादव सहित महिला संगठन सभी पदाधिकारी बैठक में मौजूद रही।

## संसदीय क्षेत्र अमेठी के पांचों विधान सभाओं में गो विधायक हुए मनोनीत

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद मुख्यालय गौरीगंज स्थित शंकराचार्य,ज्योतिर्मठ बद्रिकाश्रम कार्यालय के प्रभारी हरिप्रसाद दूबे ने बताया कि शनिवार को गौ सांसद अमेठी राकेश तिवारी की अध्यक्षता में स्थानीय कार्यालय पर गौभक्तों के साथ बैठक हुई।बैठक में सर्वसम्मति से अमेठी लोकसभा के पांचों विधान सभाओं में गो विधायक मनोनीत किए गए।जिसमें अमेठी से शिवम द्विवेदी,गौरीगंज से हरिभान सिंह, जगदीशपुर से अंकुर शुक्ल तिलोई से दुर्गेश त्रिपाठी,सलोन से जिलाजीत पान्डेय मनोनीत किए गए।ये सभी अपने विधानसभा क्षेत्र में गौभक्त,धर्मनिष्ठ,समाजसेवी जिम्मेदार साथी हैं। इनको गो विधायक नियुक्ति किया गया है।जो अपने विधानसभा क्षेत्र में भगवती गो माता एवं गोवंशों की सेवा एवं संवर्धन का कार्य करेंगे।और अपना दायित्व निष्ठा पूर्वक निभायेंगे।तथा समय समय पर स्वामी द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन भी पूरी निष्ठा से करेंगे।राकेश तिवारी ने कहा है कि आगामी जनवरी फरवरी दो महीने गौ मतदाता अभियान चलाया जाएगा और पूरी अमेठी लोकसभा में बड़े पैमाने पर गौ मतदाता बनाया जायेगा।साथ-साथ मनोनीत गो विधायक विधान सभा के सभी ग्राम पंचायतों में जाकर गौ माता को ग्राम-माता घोषित करवाने के लिए ग्राम प्रधान से कहेंगे।जिससे गौ संरक्षण एवं संवर्धन में जन सहभागिता सुनिश्चित हो सके।उन्होंने बताया कि गौ मतदाता जागरूकता अभियान निगरानी समिति का भी गठन किया गया है। जिसमें कृष्णानंद पाण्डेय गौरीगंज, कंचन सिंह गौरीगंज,गंगा सागर पांडेय मुसाफिरखाना,पंडित गोलू तिवारी मऊ,संजय दूबे दयालापुर, राजेश अग्रहरि गौरीगंज,राम अभिलाष अग्रहरि गौरीगंज ने प्रमुख भूमिका निभाने का संकल्प लिया। गौ सांसद राकेश तिवारी ने बताया कि गौ संरक्षण के लिए जन सहभागिता जगद्?गुरु के इस अभियान का उद्देश्य न केवल गौ माता की सुरक्षा और संवर्धन को बढ़ावा देना है,बल्कि जनसहभागिता के माध्यम से समाज में गौ संरक्षण की भावना को मजबूत करना है। सभी मनोनीत गो विधायक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और लगन के साथ करेंगे।कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने सभी को गौ माता की कृपा से प्रेरित होकर कार्य करने का संदेश दिया।

## कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने कई गांवों में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



ऊंचाहार कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ऊंचाहार अतुल सिंह ने भिलाईशेखनहार,चंदनिहा,पनवाड़ी,बीकचरुहार,भुरकुसापुर,चंदई चरूहार,आशानंदपुर,कोरिहानी,पूरे कलवारन आदि गांव में चौपाल एवं जनसंपर्क कर लोगों की समस्याऐं सुनी।इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जी देश की एकता व बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे है, साथ ही एम्स हॉस्पिटल में जो डॉक्टर एवं कर्मचारियों की कमी है,उसको पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक की निष्क्रियता के कारण ऊंचाहार की जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है,प्रधानमंत्री आवास जरूरतमंदों को नहीं मिल पा रहा है,आज भी लोग शौच के लिए खुले मैदान मे जाने को मजबूर है।छुट्टा जानवरों से किसान हमारा परेशान है,इतनी ठंड में किसान भाई को खेतों की रखवाली करना पड़ रहा है,भाजपा सरकार को किसानों की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है।श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार का विकास करना हमारी प्राथमिकता है,यहां की जनता हमारे परिवार की तरह है,मैं आपके साथ हमेशा खड़ा रहूंगा।इस अवसर पर प्रमुख रूप से राम कुमार सिंह,जिला सचिव शैलेंद्र सिंह,वरिष्ठ नेता भिखारी मिश्रा,श्री राम मौर्य अनुराग गुप्ता,लल्लू राम भारती,मोहम्मद जहीर,आशीष सिंह,अरविंद पाल,भगवानदीन गौतम,रवि लोधी,हाजिरा बानो,दीपक सरोज आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## उपचुनाव से पहले फिर मिल्कीपुर के युवाओं को सौगात, कई नामचीन कंपनियों में मिलेगी नौकरी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव से पहले यहां के युवाओं को नौकरी की सौगात दी जाएगी। इसके पहले, अगस्त में सीएम योगी की मौजूदगी में बेरोजगारों नौकरियां दी गई थीं। उपचुनाव से पहले मिल्कीपुर के युवाओं को एक बार फिर सौगात मिलने जा रही है। उन्हें देश की कई नामचीन कंपनियों में जॉब के अवसर मिलेंगे। इसके लिए रायबरेली राजमार्ग पर स्थित विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को वृहद रोजगार मेला आयोजित होगा। इससे पहले अगस्त माह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में बेरोजगारों को नौकरी मिली थी। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय और मॉडल कॅरियर सेंटर की ओर से पांच महीने के भीतर मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में दूसरा वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेला का शुभारंभ 15 दिसंबर को सुबह 10 बजे प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और श्रम व सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर करेंगे। मेला में श्रम विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित होगा। लाभार्थियों को हितलाभ प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इस बारे में जिला सेवायोजन अधिकारी शैलेंद्र शुक्ल ने बताया कि रोजगार मेला में आने वाली कंपनियों के पास विभिन्न पदों पर 5000 से अधिक रिक्तियां हैं। विभाग की ओर से कम से कम 1000 बेरोजगार युवाओं को नौकरी उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद 5000 तक की संख्या में जितने भी योग्य उम्मीदवार पहुंचेंगे, उन सभी के सामने रोजगार हासिल करने का सुनहरा अवसर होगा।

## केंद्रीय विद्यालय अमेठी में मनाया गया स्थापना दिवस



जन एक्सप्रेस। अमेठी

शनिवार को गौरीगंज अमेठी रोड ताला भीटा स्थित केंद्रीय विद्यालय अमेठी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई।तत्पश्चात केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के उद्देश्य एवं उससे जुड़े तथ्यों पर चर्चा की गई।और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।जिसमें समूह नृत्य तथा समूह गीत एवं केंद्रीय विद्यालय गीत मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य कपिल देव मिश्र ने कहा कि विद्यालय नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है।और अब यह नवीन भवन के परिसर में संचालित होने के साथ साथ सुविधाओं से युक्त केंद्रीय विद्यालय अपने परमानेंट भवन में पहला स्थापना दिवस मना रहा है।जिससे पठन पाठन की प्रक्रिया को और सुगम बनाया जा सका है।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक,छात्र,कर्मचारी व नागरिक गण उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस के दौरान डीएम व एसपी ने सुनी जन शिकायतें

- शिकायतें लंबित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध होगी कठोर कार्यवाह: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जन समस्याओं के सम्यक निस्तारण हेतु माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने जामों थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना। और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं, उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।उन्होंने सभी लेखपालों,कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली,चकमार्ग पर कब्जे सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे,अवैध, अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए।जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान थानाध्यक्ष जामों सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## ग्राम समाज की जमीन से काट ले गये पेड़, प्रधान ने दी तहरीर

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

महराजगंज इन दिनों कोतवाली क्षेत्र में लकड़ी कटान जोरो पर चल रही है। अब सरकारी जमीन पर लगे पेड़ भी सुरक्षित नहीं रह गये शुक्रवार को ग्राम सभा में लगे हरे पेड़ो को काटने के बाद उठा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें महिला ग्राम प्रधान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र पूरे अचली निवासी कलावती पत्नी राम विपति ग्राम प्रधान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि ग्राम कुसिहा पूरे बैसन हलोर गांव निवासी ननकऊ पुत्र मोहन व शोभापुर मझिगवां निवासी दयाराम द्वारा एक सप्ताह पूर्व पूरे अचली के ग्राम समाज की जमीन पर लगे हरे आम के पेड़ रात्रि को चोरी से काट लिए गए। इसके पहले भी इन लोगों ग्राम समाज की जमीन पर लगे आम, नीम, महुआ सहित अन्य हरे पेड़ों को रात्रि में चोरी से काटकर बेच दिए जाते है।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों महिलाओं का हुआ उपचार




जन एक्सप्रेस। रायबरेली

लालगंज रमा मल्टीस्पेशिलटी हॉस्पिटल रायबरेली व व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में कस्बे के आचार्य नगर स्थित बालाजी मेडिकल सेंटर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ जहां स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. श्वेता वर्मा ने एक सैकड़ा से अधिक मरीजो का उपचार किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने बताया कि रायबरेली की प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. श्वेता वर्मा प्रत्येक मंगलवार को अपनी सेवायें उक्त सेंटर पर देगी। शिविर के संयोजक विपिन वर्मा ने बताया कि शिविर में आनी वाली महिला मरीजों की निःशुल्क बीपी, शुगर आदि की जांच की गई। साथ ही दवाएं भी प्रदान की गईं। इसके पहले नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपेंद्र गुप्ता, व्यापार मंडल प्रभारी अनिल गुप्ता, उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने बुकें भेंट करके शिविर में मौजूद चिकित्साकर्मियों का अभिनंदन किया इस अवसर पर नितिन वर्मा, सचिन सिंह, अभिषेक सोनी, आयुष कौशल, संतोष मिश्रा, विनोद कुमार, अमित गुप्ता सहित तमाम सहयोगी मौजूद रहे।

## भाजपा की सदर विधायिका अदिती सिंह की सख्ती का दिखा असर

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

- जल्द ही शहर वासियों को मिलेगी नई सड़कों की सौगात

सदर विधायक अदिति सिंह की सख्ती का दिखा असर शहर वासियों को मिलेगी अच्छी सड़कों की सौगात, जल निगम की कार्यदाई संस्थाओं ने शुरू किया सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत का कार्य जेल रोड के भी बहुरेंगे दिन से भाजपा की सदर विधायक अदिति सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया की मुख्य सचिव मनोज सिंह के रायबरेली दौरे के समय उनके द्वारा सिविल लाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत न होने से शहर वासियों की समस्या से अवगत कराया गया था जिसके बाद मुख्य सचिव ने संबंधित कार्य दाईं संस्था को कड़ी फटकार लगाई थी सदर विधायक अदिति सिंह ने बताया कि उन्होंने खुद मरम्मत कराई जा रही सड़कों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि जल निगम के द्वारा शहर में लगभग 10 किलोमीटर से अधिक सड़कों को खोद कर उसमें सीवर लाइन डाली जा चुकी है लेकिन उनकी मरम्मत न होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने बताया लगभग तीन से चार किलोमीटर की सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका और से सड़कों का निर्माण जल्द पूरा होगा।

इसके साथ ही उन्होंने जेल रोड को पीडब्ल्यूडी व एनएचआईं को हैंड ओवर करने के लिए जल्द प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा ताकि भविष्य में समय से सड़कों की मरम्मत हो सके।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचकर डीएम ने नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों के कार्यों एवं दायित्वों का कराया बोध

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में पंचायती राज विभाग द्वारा नौ दिसंबर से नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचकर नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों का बोध कराया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव के समग्र विकास में तथा जन सामान्य को शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने में आप लोगों को शासन के प्रतिनिधि के रूप में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य करने का मौका मिल रहा है।आप लोग सीधे जनता से जुड़े अधिकारी होंगे जो शासन की योजनाओं का लाभ सीधे जनता को दिलाएंगे इसके लिए जरूरी है कि आप सभी लोग अपने-अपने कार्यों एवं दायित्वों को पूरी ईमानदारी,निष्ठा व लगन से करें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आप लोगों को बेहतर बनाने के लिए दिया जा रहा है।इस प्रशिक्षण के दौरान आप लोग धरातल पर कार्य करने की पूरी प्रक्रिया को अच्छे से समझ लें। जिससे आप लोगों को कार्य करने के दौरान किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे आपके उच्चाधिकारियों को कार्यवाही करने के लिए बाध्य होना पड़े।अपने-अपने क्षेत्र में शासकीय योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें।तथा जो पात्र लोग हैं,उनको शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें।और जन सामान्य की शिकायतों का भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को विभागीय प्रशासनिक ढांचा,त्री-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था,पंचायत को हस्तांतरित उनतीस विषय,ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा की बैठकों एवं कोरम, ग्राम पंचायत के कार्य, ग्राम प्रधान के कार्य एवं दायित्व, ग्राम प्रधान का मानदेय एवं अन्य भत्ते,स्थाई समितियां एवं उनके कार्य,भूमि प्रबंधन समिति,जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली,सीआरएस पोर्टल,परिवार रजिस्टर अनुरक्षण नियमावली,ऑडिट,ऑनलाइन सूचना का अधिकार एवं नियमावली,केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग,उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण,सेवा पुस्तिका,विभागीय प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारी का प्रतिनिधायन, बहुउद्देशीय पंचायत भवन एवं अंत्येष्टी स्थल का निर्माण, पंचायत कल्याण कोष,ग्राम सचिवालय में स्थापित कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन,ई डिस्टिक पोर्टल,परिवार रजिस्टर का डिजिटाइजेशन,ग्राम पंचायत विकास योजना पंचायत द्वारा स्वयं के आय स्रोत,राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान,पंचायत विकास सूचकांक,पंचायत पुरस्कार, पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार,ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन में रखरखाव,अटल भूजल योजना,मातृभूमि योजना, जेम पोर्टल,ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत कराए गए कार्य, निर्मित व्यक्तिगत शौचालय, बहुउद्देशीय पंचायत भवन,ई ग्राम स्वराज एवं अन्य विभागीय कार्यों के बारे में मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नौ दिसंबर से संचालित है।तथा अठारह दिसंबर तक चलेगा।



**बदमाशों ने बाइक चालक के सिर पर कपड़ा...**

शुक्रवार की देर शाम बदमाशों ने लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन को थाना खीरी क्षेत्र में हाईजैक कर लिया और लूटपाट करने लगे। हालांकि इस दौरान एक बाइक.... ▸ शेष पेज 07 पर...

# घर के अंदर मिला किशोरी का अर्धनग्न शव, हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शिवराजपुर। शिवराजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार सुबह घर के अंदर एक किशोरी का अर्धनग्न अवस्था में शव पड़ा होने की सूचना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। किशोरी घर पर अकेली थी। परिवार के सभी सदस्य रिश्तेदारी में शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हुए थे। घटना की सूचना मिलती ही क्षेत्रीय पुलिस के साथ-साथ जॉइंट कमिश्नर व पुलिस महकमें के अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं।



घटनाक्रम के मुताबिक शिवराजपुर थाना क्षेत्र के रौतापुर खुर्द गांव के रहने वाले किसान का परिवार शुक्रवार को अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। घर पर चार बहने और दो भाइयों में सबसे छोटी बहन कक्षा 12 की छात्रा और उसकी मासूम भतीजी अकेली थी। शनिवार की सुबह जागने पर मासूम ने मृतक्षा को अस्त्र-व्यस्त अवस्था में घर के अंदर पड़ा देखा। इसके बाद तुरंत पड़ोस मैं रहने वाली अपनी ताई को घटना के बारे में जानकारी दी। जानकारी मिलते ही भाभी सहित कई लोग मौके पर पहुंच गए और युवती को कमरे में बेड पर अर्धनग्न मृत अवस्था में पड़ा देखा सभी के होश उड़ गए। जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना पुलिस को फोन के माध्यम से दी। घटना की सूचना मिलती ही क्षेत्रीय थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिसोदिया, अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंच गए। वहीं घटना की सूचना आला अधिकारियों को मिलते ही ज्वाइन कमिश्नर हरिश्चंद्र, डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह, एडीसीपी विजेंद्र द्विवेदी, बिल्हौर एसीपी सुमित रामटेक, भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस की सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम ने घटना से जुड़े सभी साक्ष्यों को इकट्ठा किया है। वहीं घटना की जानकारी के बाद घर पहुंचे मृतका के परिजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं लोगों में स्थिति को देखते हुए युवती की दुष्कर्म के साथ हत्या की आशंका की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। परिजनों द्वारा हत्या का आरोप लगाकर मौके पर हंगामा काटा। काफी देर तक हंगामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने से इनकार करते रहे। इसके बाद प्रशासन द्वारा समझे जाने पर परिजन मान गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिसोदिया ने बताया कि फिलहाल घटना से संबंधित सभी साक्ष्यों को जुटाकर जांच पड़ताल की जा रही है।

शिवराजपुर पुलिस ने घटना के संबंध में शनिवार के शाम दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस इन लोगों से गहनता से पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिसोदिया ने बताया कि घटना में पुलिस को मौके से कुछ साक्ष्य मिले हैं। जिसके आधार पर पुलिस जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी।







# बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सामूहिक विवाह में 136 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हांथ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को बिल्हौर, ककवन और शिवराजपुर में आयोजित सामूहिक विवाह में 136 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया और उन्हें उपहार भेंट किए गए। बिल्हौर ब्लॉक परिसर में आयोजित में खंड विकास अधिकारी दिनेश वर्मा व ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया के नेतृत्व में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 27 हिंदू और तीन मुस्लिम सहित 30 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। ककवन में डीपीआरओ, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इं विनय यादव खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत , समाज कल्याण अधिकारी शिवेंद्र, ग्राम विकास अधिकारी बाबू सिंह प्रधान राजू स्वर्णकार राजा राम दोहरे की मौजूदगी में 31 जोड़ो का विवाह कराया गया। शिवराजपुर स्थित राम सहाय इंटर कॉलेज के ग्राउंड पर शिवराजपुर, चौबेपुर व कल्याण के संयुक्त रूप से आयोजित हुए सामूहिक विवाह में शिवराजपुर के 33, चौबेपुर के 27 और कल्याणपुर के 15 जोड़ो सहित 75 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।



कार्यक्रमों में वर वधू ने एक दूसरे को जयमाल पहनाकर अपना जीवन साथी चुना। सभी जोड़ों का उनके धार्मिक रीति रिवाज से पंडित और मौलवी की मौजूदगी में विवाह संपन्न कराया गया। सभी कार्यक्रमों में बारी-बारी से मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्थानीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया और बर्तन वस्त्र व आभूषण आदि उपहार भेंट किये इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष आलोक मिश्रा टुन्नू, अजीत सिंह, राजकुमार भदौरिया, गिरीश वर्मा, प्रधान रामेंद्र कटियार, आदि ग्राम प्रधान और ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

# अव्यवस्थाओं के बीच 75 जोड़ों ने सात फेरे लेकर खाई साथ जीने मरे की कसमें





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शिवराजपुर। शनिवार को कस्बे के राम सहाय कॉलेज इंटर कॉलेज के प्लेग्राउंड मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 75 जोड़ों ने अग्नि के चारों ओर फेरे लेकर साथ जीने मरने की काम खाते हुए विवाह के बंधन में बंध गए।

कार्यक्रम कल्याणपुर से 15 जोड़े, शिवराजपुर से 33 जोड़े, एवं चौबेपुर से 27 जोड़े विवाह स्थल पर पहुंचकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन का लाभ लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने सभी नव दंपति को आशीर्वाद दिया, साथ ही सरकार की तरफ से दिए जाने वाले उपहार भी उन्हें भेंट किए। वहीं सामूहिक विवाह में आने वाले रिश्तेदारों में खाने व बारातियों के बैठने की व्यवस्था को लेकर भगदड़ मची रही। सामूहिक विवाह में पहुंचे रिश्तेदारों को बैठने की व्यवस्था सही तरीके से ना मिल पाने के कारण भटकते हुए नजर आए। जिसको लेकर कई दंपति जोड़ों के रिश्तेदारों ने आपत्ति भी जताई। वहीं कई रिश्तेदारों को जमीन पर ही बैठना पड़ा। सारा कार्यक्रम श्रेष्ठ आचार्यों द्वारा पाणिग्रहण संस्कार हिंदू रीति रिवाज से संपन्न कराए गए। कार्यक्रम में नव दंपति जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थाम कर वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया साथ ही मंत्रोच्चारण के साथ विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने वहां मौजूद जोड़ों व उनके परिवार के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा गरीबों के लिए यह योजना बहुत ही बेहतर चलाई जा रही। इस योजना से सभी गरीबों का ख्याल रखते हुए विवाह सरकार की धनराज पर संपन्न कराया जा रहा है। पहले बेटियों की विवाह करने के लिए गरीब परिजनों को सोचना पड़ता था और ब्याज पर रुपए भी उठाने पड़ते थे लेकिन सरकार ने इसी को देखते हुए अब मुख्यमंत्री सामूहिक योजना चलाई है। जिसमें बेटी के विवाह का खर्च सरकार उठाती है और बेटियां मां-बाप पर बोझ नहीं बनती है। वही सामूहिक विवाह में खाने को लेकर भगदड़ मची रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिवराजपुर ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई, चौबेपुर ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी आरती जयसवाल, खंड विकास अधिकारी शिवराजपुर व चौबेपुर आशीष मिश्रा ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुख मय जीवन की मंगल कामना की। इसके अलावा ब्लॉक के सभी सचिव मौजूद रहे।

# आईआईटी छात्रा रेप केस में पीड़िता ने एसआईटी को सौंपे सबूत








जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आईआईटी की रिसर्च स्कॉलर के यौन उत्पीड़न मामले में एसआईटी व फॉरेंसिक टीम शुक्रवार सुबह आईआईटी हॉस्टल पहुंची।हॉस्टल पहुंचते ही टीम ने कर्मचारियों और छात्रों से अलग-अलग बातचीत की। 4 से 5 घंटे तक टीम हॉस्टल में रहकर मामले से संबंधित साक्ष्य को लेकर बातचीत की। इस दौरान छात्रा ने टीम को कॉल रिकॉर्डिंग फोटो वीडियो और सोशल मीडिया पर आरोपी से हुई चैटिंग जैसे सबूत सौंप दिए हैं। जांच टीम को एसीपी मोहसिन खान का आई कार्ड भी मिला है। इसमें इमरजेंसी नंबर वाले स्लॉट में छात्र का मोबाइल नंबर लिखा हुआ है। पुलिस की एक टीम ने सीसीटीवी फुटेज भी जुटाते हुए खंगालें है। इसके साथ ही छात्रा का मेडिकल कराने के बाद बयान दर्ज किए गए हैं। शनिवार को कोर्ट बंद होने के कारण मजिस्ट्रेट के सामने छात्रा के बयान दर्ज नहीं हो पाए। अब सोमवार के दिन छात्रा को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। बीते दिन आईआईटी पहुंची एसआईटी की टीम ने आईआईटी कैंपस से अपनी छानबीन शुरू की। जाट में पता चला कि आरोपी मोहसिन खान पीड़िता से बात करने के लिए अलग-अलग नंबर का इस्तेमाल किया करते था। जांच टीम मौसम के हॉस्टल में आने जाने के फुटेज लेकर गई है। वहीं एफआईआर दर्ज होने के 3 घंटे पहले आरोपी ने हाइलाइट जाकर मेडिकल बनवा लिया।

डॉक्टर ने रीड की हड्डी की बीमारी दिखाते हुए उसे हैलेट से रेफर कर दिया।

### कैंपस के सीसीटीवी फुटेज और छात्र का मोबाइल ले गई टीम

गुरुवार को साइबर क्राइम ब्रांच में तैनात एसीपी मोहसिन खान पर रेप का मुकदमा दर्ज हुआ। एफआईआर दर्ज होने के बाद मोहसिन को लखनऊ हेड क्वार्टर से अटैच कर दिया गया। पुलिस कमिश्नर ने महिला डीसीपी के नेतृत्व में एसआईटी टीम गठित कर दी। इसी कड़ी में आईआईटी में पुलिस की एक टीम ने छात्रा के हॉस्टल के बाहर मेस और क्लास रूम समेत कई जगह से सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा किए हैं। फुटेज में आरोपी एसीपी और छात्रा को एक साथ देखा गया है। छात्रा के हॉस्टल के रजिस्टर में एसीपी के आने जाने की एंट्रीयां भी साक्ष्य के तौर पर पुलिस ने ली है। जांच 3 सीसीटीवी फुटेज को बतौर साक्ष्य जांच में शामिल किया है। इसके साथ ही फॉरेंसिक टीम भी छात्रा के रूप में जांच करने के लिए पहुंची। जांच टीम में शामिल अफसरों की माने तो फॉरेंसिक टीम के हाथ भी बेहद अहम साक्ष्य लगें हैं। फॉरेंसिक टीम ने जांच के लिए छात्रा के मोबाइल को भी कब्जे में ले लिया है।

### शातिर एसीपी ने एफआईआर से पहले बनवाया मेडिकल

सूत्रों के मुताबिक शातिर एसीपी मोहसिन खान ने एफआईआर दर्ज होने के 3 घंटे पहले 3:00 बजे हैलेट अस्पताल पहुंचकर यहां उसने स्पाइन डिसीज से संबंधित एक मेडिकल बनवाने का प्रयास किया। डॉक्टर ने रीड की हड्डी की बीमारी दिखाते हुए उसे हैलेट से रेफर कर दिया। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संजय कला से बात करने का प्रयास किया गया। लेकिन मेडिकल इस संबंध में कॉलेज प्रशासन से लेकर डॉक्टर कोई भी सटीक जवाब नहीं दे सका।

# केएस ग्रैंड होटल का शिवपाल सिंह यादव ने किया उद्घाटन





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के शारदा नगर में स्थित के एस ग्रैंड होटल के उद्घाटन अवसर पर सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव कानपुर पहुंचे। उनके कानपुर पहुंचते ही होटल के मालिक व मुस्ता से जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला ने बुके व फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों से रूबरू होते हुए शिवपाल सिंह यादव ने हाल ही में संपन्न हुए सीसामऊ में विधानसभा चुनाव में मिली जीत को लेकर मतदाताओं को धन्यवाद दिया है। उन्होंने एक देश एक चुनाव को लेकर विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में सपा कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। वहीं पुलिस प्रशासन बेलगाम हो गया है। जिस प्रकार सीसामऊ विधान सभा मैं समाजवादी पार्टी ने जीत दर्ज की है उसी प्रकार 2027 विधानसभा चुनाव में 10 की 10 सीटों पर सपा का कब्जा रहेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एमएलसी कल्लू यादव, पूर्व विधायक सतीश निगम, नीरज सिंह गौर, अनुज तिवारी, बलवान सिंह प्रधान, देवेश श्रीवास्तव, सुरेश यादव, रामविलास निषाद पार्षद पति, आलोक मिश्रा,आशीष चौबे, अनुज तिवारी, इंद्रेश यादव, पुनीत यादव प्रशांत अवस्थी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### महाकुंभ के लिए 100 स्पेशल ट्रेनें कानपुर होकर जाएंगी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

महाकुंभ मेले में संगम तट पर देश और विदेश के श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। श्रद्धालुओं को किसी तरह से कोई दिक्कत न आए, रेलवे इसके लिए व्यवस्थाएं कर रहा है। गोविंदपुरी और पनकी धाम से जनवरी की शुरुआत से ही मेमू, पैसेंजर, इंटरसिटी का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही दूसरे शहरों से आने वाली स्पेशल ट्रेनें वाया कानपुर होकर जाएंगी।

अभी गोविंदपुरी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बैलास्ट रहित ट्रैक बन रहा है। इसके 25 दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके चालू होते ही स्टेशन से झांसी और प्रयागराज रूट पर चलने वाली ट्रेनें फिर से संचालित हो जाएंगी।

### एक डिग्री गिरा दिन का पारा, अगले सप्ताह बूंदाबांदी का अनुमान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। हिमालय से आ रही सूखी ठंडी पछुवा ने माहौल में गलन बढ़ा दी है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि हवा में नमी नहीं है। यह सिर्फ ठंडी है। इससे गलन अधिक तकलीफ देह हो जाती है। सूखी हवा से पशुओं और मानव दोनों को दिक्कत होती है। बारिश होने के बाद हवा में नमी बढ़ जाएगी। हवाओं की रफ्तार बढ़ने से धुंध कम हो गई है। सीएसए के मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार सुबह दृश्यता सामान्य दो किमी की तुलना में 1700 मीटर रही। हवाओं में निरंतरता बने की रहने की वजह से आने वाले दो दिनों में ठंड और बढ़ने का अनुमान है। हवाओं की निरंतरता बने रहने से 24 घंटे में अधिकतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है। वहीं, रात में बादल रहने के कारण न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री बढ़ा है। लेकिन अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान सामान्य औसत से कम रहे हैं। अधिकतम तापमान 14 दिसंबर के सामान्य औसत से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम और न्यूनतम 0.3 डिग्री कम रहा। पछुवा ने अपनी गति बढ़ा दी। शनिवार को 8.1 किमी प्रति घंटा गति से हवा चली। इससे माहौल में नमी कम हुई। 24 घंटे में माहौल में नौ फीसदी नमी घटी है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि पछुवा हवा में निरंतरता के कारण ठंड बढ़ रही है। कानपुर परिक्षेत्र समेत देश के सौ शहरों का तापमान गिरा है। स्थिति ऐसी ही रहने का अनुमान है। अगले सप्ताह बदलाव के संकेत हैं। इससे कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। सीएसए के मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि रविवार और सोमवार को तापमान और गिरने का अनुमान है। बारिश न होने से हवा सर्द तो है लेकिन सूखी है।

# आल इंडिया वैलुएर्स एसोसिएशन का आईआईटी ऑडिटोरियम में सेमीनार हुआ आयोजित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर





आल इंडिया वैलुएर्स एसोसिएशन द्वारा आउटरीच ऑडिटोरियम आईआईटी कानपुर में शनिवार को राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उ?द्घाटन मुख्य अतिथि सौमेन दलाल, सीनियर रीजनल हेड, कानपुर, आईडीबीआई बैंक द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सोविनियर का भी विमोचन किया गया। एसोसिएशन द्वारा चयनित श्री हनुमान मित्तल (हरियाणा), सतीश चन्द्र बोगरा (दिल्ली), भीम राव जलिगामा (हैदराबाद), टी0 एन0 सत्यनारायण राव (हैदराबाद), बी0 के0 पाठक (कानपुर) को वरिष्ठ मूल्यांकनकर्ताओ के तौर पर सम्मानित किया गया। सेमिनार का प्रारम्भ सरस्वती वंदना के साथ हुवा। मुख्य अतिथि श्री ने कहा कि आज बैंकिंग सेक्टर में अगर एनपीए खातो में कमी आई है तो उसमे बैंक के साथ-साथ मूल्यांकनकर्ताओ का एक अहम योगदान रहा है। मूल्यांकनकर्ता द्वारा दी गयी रिपोर्ट में संपत्ति का विश्लेषण जितने अच्छे तरीके से किया जाता है जिससे उस सम्पति में हम कितना सुरक्षित ऋण दे सकते है इसका हमें आसानी से सटीक अनुमान लगता है। जिससे अगर यह भविष्य में एनपीए हो तो दिया गया ऋण उससे वसूला जा सके जिससे बैंक को किसी प्रकार की कोई भी हानि ना उठानी पढ़े। आज हर क्षेत्र के साथ साथ मूल्यांकन के क्षेत्र में कई नयी तकनीकी आ चुकी है जिन्हें अपनाते हुवे हम सभी को मूल्यांकन करना चाहिये। अगर हम और आप मिलकर कार्य करेंगे तो आम जन का बैंकिंग सेक्टर पर विश्वास बढेगा। जो भारत को मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक सार्थक कदम होगा। सेमिनार में विभिन्न प्रदेशो से लगभग 140 प्रतिनिधियो ने भाग लिया। एसोसिएशन के सचिव श्री के0 के0 उपाध्याय ने मूल्यांकनकर्ताओ की समस्याओ का लिखित ज्ञापन मुख्य अतिथि को दिया, जिस पर मुख्य अतिथि ने सभी समस्याओ के निस्तारण का आश्वासन सभी को दिया। इस सेमिनार में वक्ता के रूप में चंदन घोष (कोलकाता), मैनाक घोषाल (कोलकाता), अब्दुल हमीद इदरीसी (कानपुर), श्याम सुन्दर दास (कानपुर), आनंद सिंह (कानपुर), भीम राव जलिगामा (हैदराबाद), राहुल सागवाल (कानपुर), चंद्रेश बहल(कानपुर), सतीश चन्द्र बोगरा (दिल्ली), पी0सी0 शुक्ला (कानपुर), दिनेश एन शर्मा (लखनऊ) ने मूल्यांकन के विभिन्न विषयो पर अपने अपने विचार रखे। एसोसिएशन के अध्यक्ष एस.एस. दास ने अपने परिचयात्मक भाषा में सभी मूल्यांकनकर्ताओ का उत्साहवर्धन करते हुवे उन्होंने कहा कि आप सभी शीतलहर के बाद भी इतनी बड़ी संख्या में उपस्थिति यह दर्शाती है आप सभी के हृदय में नेशनल सेमिनार का एक महत्वपूर्ण स्थान है। यदि हम सब सभी मूल्यांकनकर्ता आपस में संगठित होकर मित्रवत रहेगे तो आपसी समस्याओ का समाधान शीघ्र कर सकेंगे तथा साथ ही उन्होंने आवाहन किया कि इस नए युग में मूल्यांकन पद्धति में हम सभी मूल्यांकनकर्ता अपने सिद्धांतो के साथ किसी भी परिस्थिति में कोई समझौता नहीं करेंगे। आल इंडिया वैलुएर्स एसोसिएशन की तरफ से मुख्य अतिथि को संस्था के जनरल सेक्रेटरी के. के. उपाध्याय ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा संस्था के सभापति एस.एस. दास, उपसभापति एम. के. श्रीवास्तव एवं आनंद सिंह, ट्रेजरर डॉ. रजत खरे, कानपुर सेण्टर के चेयरमैन आशुतोष श्रीवास्तव तथा सचिव मयंक त्रिपाठी ने प्रतीक चिन्ह देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। टेक्निकल चर्चा के साथ साथ सभापति, उपसभापति जनरल सेक्रेटरी के नेतृत्व में हर सदस्यों की आम समस्या पर विचार किया गया तथा सभागार में उपस्थित सदस्यों की समस्या को आपसी चर्चा दद्वारा यथासंभव समाधान का उपाय निकालने का प्रयास किया गया। टेक्निकल सेमिनार के उपरांत सभी मूल्यांकनकर्ताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया तथा समस्त वक्ताओ को स्मृति चिन्ह भी भेट किया गया। जिसमे उपरलिखित पदाधिकारी के साथ साथ काउंसिल सदस्य तथा कानपुर सेन्टर के एग्जीक्यूटिव सदस्य जैसे ललितकांत मिश्रा, सत्येन्द्र मिश्रा, मनोज कुमार श्रीवास्तव, मोहम्मद मिनाज जाफरी, नरेश खंडेलवाल, पवन श्रीवास्तव, नरेश खण्डेलवाल, डॉ0 मोहम्मद मिनहाज जाफरी, पवन कुमार श्रीवास्तव, सुरेश त्रिपाठी, प्रदीप सिंह भाटिया, आशीष कुमार, सर्वेश कुमार पाण्डेय, अल्का तिवारी और एम0डी0 शरीक समेत अन्य उपस्थित रहे। सेमिनार के उपरांत नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन डे पर आआईटी कानपुर के पूर्व प्रोफेसर डॉ0 केशवकान्त द्वारा व्याख्यान दिया गया।जिससे सभी श्रोताओं को ऊर्जा संरक्षण महत्व के बारे में कई अहम् जानकारियां प्राप्त हुई । तत्पश्चात प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा गजले प्रस्तुत की गयी। जिसकी सभी दर्शको द्वारा तालियों की गडगडाहट द्वारा बहुत सराहना की गयी। कार्यक्रम की अंतिम बेला में धन्यवाद प्रस्ताव एसोसिएशन के कानपुर सेण्टर के सचिव मयंक त्रिपाठी जी द्वारा किया गया।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# ऊर्जा संरक्षण से होगी बिजली की जरूरतें पूरी

**सौर ऊर्जा प्रदूषण रहित, निर्बाध गति से मिलने वाला सबसे सुरक्षित ऊर्जा स्रोत है। भारत में सौर ऊर्जा लगभग बारह महीने उपलब्ध है। सौर ऊर्जा को और अधिक उन्नत करने के लिए हमें अपने संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। ऊर्जा के मामले में अधिक समय तक दूसरों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता है। ऊर्जा के क्षेत्र में हमें अपनी तकनीक और संसाधनों का उपयोग कर आत्मनिर्भरता हासिल करनी ही होगा। यह दुख का विषय है कि बहुत लम्बे समय तक हमने सौर ऊर्जा के उत्पादन व उपयोग पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया।**

*हमारे जीवन में प्रतिदिन विभिन कार्यों के संचालन के लिए ऊर्जा अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। दुनिया की अर्थव्यवस्था में वृद्धि के साथ-साथ प्रतिवर्ष ऊर्जा की मांग भी बढ़ रही है। हम प्रतिदिन विभिन रूपों में ऊर्जा का उपयोग करते हैं। अतः भविष्य में ऊर्जा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसका संरक्षण आवश्यक है। ऊर्जा संरक्षण से तात्पर्य विभिन्न उपायों के माध्यम से ऊर्जा का संरक्षण करना है। ऊर्जा संरक्षण के अंतर्गत विभिन कार्यों के माध्यम से ऊर्जा का उपयोग इस प्रकार किया जाता है। जिससे वर्तमान की आवश्यता की पूर्ति के साथ भविष्य की जरूरतें भी पूरी हो सकें। ऊर्जा संरक्षण से तात्पर्य ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग है। इसका अर्थ है ऊर्जा का अनावश्यक उपयोग ना करना एवं कम से कम ऊर्जा का उपयोग करते हुए कार्य करना। भारत ऐसा देश है जहां पूरे साल सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा का इस्तेमाल किया जा सकता है। भारत में साल भर में लगभग 310 दिनों तक तेज धूप खिली रहती है। भारत भाग्यशाली है जिसके पास सौर ऊर्जा के लिए खिली धूप की उपलब्धता, पर्याप्त मात्रा में भूमि की उपलब्धता, परमाणु ऊर्जा के लिए थोरियम का अथाह भंडार तथा पवन ऊर्जा के लिए लंबा समुद्री किनारा जैसा नैसर्गिक संसाधन उपलब्ध है। जरूरत है तो बस उचित प्रौद्योगिकी का विकास तथा संसाधनों का दोहन करने की। देश की ऊर्जा की मांग और आपूर्ति में बहुत बड़ा अन्तर है। देश में बिजली संकट लगातार गहराता जा रहा है। अगर इस समय बिजली संकट को गंभीरता से नहीं लिया गया तो यह भारत के विकास के लिए बड़ा अभिशाप सिद्ध हो सकता है। क्योंकि किसी भी देश की तरक्की का रास्ता ऊर्जा से होकर ही जाता है। सरकार को अब वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों पर गंभीरता से विचार करते हुए ऊर्जा बचत के लिए जरूरी उपाय अपनाने पड़ेंगे। इस मायने में सूर्य से प्राप्त सौर ऊर्जा अत्यंत महत्वपूर्ण विकल्प है। भारत में 31 मार्च 2023 तक स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 416,059 मेगावाट थी। जिसमें जीवाश्म ईंधन से 237,269 मेगावाट अथवा 57 प्रतिशत तथा गैर-जीवाश्म ईंधन से 178,790 मेगावाट अथवा 43 प्रतिशत शामिल। देश में कोयले से 205,235 मेगावाट अथवा 49.3 प्रतिशत, लिग्नाइट से 6620 मेगावाट, हाइड्रोपावर (पनबिजली) से 46,850 मेगावाट यानी कुल क्षमता का 11.3 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का योगदान 24,824 मेगावाट यानि क्षमता का महज 6 प्रतिशत और परमाणु ऊर्जा से 6780 मेगावाट, सौर उर्जा से 66,780 मेगावाट यानि 16.1 प्रतिशत, डीज़ल से 589 मेगावाट यानि 0.1 प्रतिशत, हवा से 42,633 मेगावाट यानि 10.2 प्रतिशत, बायो मास पावर/कोजेन से 10,248 मेगावाट, अपशिष्ट से 554 मेगावाट, लघु हाइड्रो से 4944 मेगावाट, नाभिकीय से 6780 मेगावाट बिजली उत्पन्न होती है। साफ है कि देश के सभी घरों तक 24 घंटे बिजली पहुंचाने के लिए मौजूदा क्षमता कम पड़ेगी। इसके लिए वर्तमान क्षमता से कम से कम 30 फीसदी अधिक बिजली की जरूरत होगी। इसके लिये देश में पावर प्लांटों में 100 फीसदी बिजली उत्पादन करना होगा। बिजली आज पूरी दुनिया की सबसे अहम जरूरत बन गयी है। बिजली के बिना कोई भी देश तरक्की नहीं कर सकता। थोड़े से समय के लिये बिजली चली जाने पर हमारे अधिकतर काम रुक जाते हैं। बिजली हमारे जनजीवन का कब मुख्य हिस्सा बन गयी हमें पता नहीं चला। आज पूरा जनजीवन बिजली से जुड़ा है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**इंटरनेट के माध्यम से सीखने और खेलने के विकल्पों ने शतरंज को अधिक सुविधाजनक बना दिया है। शतरंज को अब पहले से अधिक मीडिया कवरेज मिल रहा है, जिससे खेल के बारे में जागरूकता बढ़ रही है। प्रमुख समाचार चैनलों और खेल वेबसाइटों पर शतरंज की घटनाओं को कवर किया जा रहा है। शतरंज को अब स्कूलों में एक शैक्षणिक उपकरण के रूप में मान्यता दी जा रही है, जिससे बच्चों को खेल के लाभों का अनुभव करने का अवसर मिल रहा है। स्कूलों में शतरंज को बढ़ावा देने से आने वाली पीढ़ी के लिए इसे और लोकप्रिय बनाया जा सकता है। शतरंज में प्रायोजन में वृद्धि से खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी।**



डॉ. आर.के. सिन्हा

**प्रायोजकों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने से खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं को विकसित करने और प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलेगी। गुकेश का विश्व चैंपियन बनना भारत में शतरंज को और लोकप्रिय बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया जाएगा और शतरंज में करियर बनाने के लिए एक नया रास्ता खुलेगा।**

# गुकेश-शह और मात का नया शहंशाह

सारा भारत आज के दिन डी. गुकेश के विश्व शतरंज चैंपियन बनने से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गुकेश ने एक नया इतिहास रच दिया है। वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से पूरे भारत का मान बढ़ाया है। उनकी इतनी शानदार सफलता में उनकी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और रणनीतिक दृष्टिकोण अहम रहे। गुकेश ने बहुत कम उम्र में शतरंज खेलना शुरू कर दिया था, जिससे उन्हें खेल की बारीकियों को समझने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का पर्याप्त समय मिला। उनमें जन्मजात प्रतिभा है और उनकी ग्रहण करने की क्षमता बहुत तेज है, जिससे वे जटिल शतरंज रणनीतियों को आसानी से समझ पाते हैं। उन्होंने शतरंज के प्रति पूर्ण समर्पण दिखाया है और लगातार अभ्यास करके अपनी क्षमताओं को निखारा है। गुकेश को अनुभवी और कुशल प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन मिला, जिन्होंने उनकी खेल तकनीकों को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण और संसाधनों तक पहुंच मिली, जिससे उन्हें विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिली। गुकेश के प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग शामिल था, जिससे उनकी खेल रणनीति का विश्लेषण करना और सुधार करना आसान हो गया। गुकेश के पास शतरंज में गहरी रणनीतिक सोच है, जो उन्हें खेल के दौरान तत्काल सही निर्णय लेने में मदद करती है। वे दबाव की स्थितियों में भी शांत और संयमित रहते हैं, जिससे वे महत्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। उनमें मानसिक रूप से मजबूत होने की क्षमता है, जिससे वे हार से निराश नहीं होते और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित रहते हैं। गुकेश नियमित रूप से शतरंज का अभ्यास करते हैं और अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे अपने पिछले मैचों का विश्लेषण करते हैं और अपनी गलतियों से सीखते हैं, जिससे उनकी खेल रणनीति में लगातार सुधार होता रहता है। वे शतरंज के महान खिलाड़ियों के खेलों का लगातार गम्भीरतापूर्वक अध्ययन करते रहते हैं और उनसे नई तकनीकों को सीखते हैं। गुकेश ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जिससे उन्हें उच्च स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का



**जाहिर है, आनंद के पास खेल का अधिक अनुभव है और उन्होंने कई विश्व चैंपियनशिप जीती है, जबकि गुकेश अभी भी अपने करियर के शुरुआती चरण में हैं। आनंद ने दशकों तक शीर्ष स्तर पर खेला है, जबकि गुकेश अभी भी वैश्विक शतरंज समुदाय में अपनी जगह बना रहे हैं।**

अनुभव मिला है। उन्होंने अलग-अलग शैली के खिलाड़ियों का सामना किया है, जिससे उनकी खेल में विविधता आई है और उन्हें विभिन्न स्थितियों के लिए तैयार किया गया है। गुकेश को अपने परिवार से भरपूर समर्थन और प्रेरणा मिली है, जो उनकी सफलता में एक महत्वपूर्ण कारक है। उनके परिवार ने उनके संघर्षों के दौरान उनका भावनात्मक रूप से समर्थन किया और उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इन सभी कारणों के संयोजन ने गुकेश को विश्व शतरंज चैंपियन बनने में मदद की है। उनकी सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह भारत में शतरंज के विकास और प्रोत्साहन का भी प्रतीक है। इस बीच, कुछ जानकार गुकेश और पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद की तुलना भी रहे कर रहे हैं। गुकेश और विश्वनाथन आनंद, दोनों ही भारतीय शतरंज के महान खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी शैलियों, दृष्टिकोण और खेल में कुछ समानताएं और कुछ मौलिक अंतर भी हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में शतरंज की असाधारण प्रतिभा है। वे जटिल स्थितियों को समझने और सटीक चाल चलने में माहिर हैं। दोनों ही खिलाड़ी अपनी रणनीतिक गहराई के लिए जाने जाते हैं। वे न केवल तात्कालिक लाभ पर ध्यान देते हैं, बल्कि लंबी अवधि की योजनाओं को भी ध्यान में रखते हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में दृढ़ संकल्प है और वे कभी भी हार नहीं मानते हैं। उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों से वापसी की है और जीत हासिल की है। दोनों ही खिलाड़ी अपनी शालीनता और खेल भावना के लिए जाने जाते हैं। वे हारने पर भी सम्मान बनाए रखते हैं। विश्वनाथन आनंद एक अनुभवी खिलाड़ी हैं जो 90 के दशक से खेल रहे हैं, जबकि गुकेश एक युवा और उभरते हुए खिलाड़ी हैं। आनंद ने कंप्यूटर युग से पहले शतरंज खेला, जबकि गुकेश का विकास कंप्यूटर के युग में हुआ है। आनंद अपनी तेज और आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं, जबकि गुकेश एक अधिक रणनीतिक और रक्षात्मक खिलाड़ी हैं। आनंद त्वरित चालों और जटिलताओं में माहिर हैं, जबकि गुकेश स्थिति को नियंत्रित करने और धैर्यपूर्वक आगे बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जाहिर है, आनंद के पास खेल का अधिक अनुभव है और उन्होंने कई विश्व चैंपियनशिप जीती हैं, जबकि गुकेश अभी भी अपने करियर के शुरुआती चरण में हैं। आनंद ने दशकों तक शीर्ष स्तर पर खेला है, जबकि गुकेश अभी भी वैश्विक शतरंज समुदाय में अपनी जगह बना रहे हैं। आनंद एक अधिक सहज और रचनात्मक खिलाड़ी हैं, जबकि गुकेश अधिक व्यवस्थित और वैज्ञानिक खिलाड़ी हैं। आनंद स्वाभाविक रूप से प्रेरित होकर खेलते हैं, जबकि गुकेश अपनी तैयारी पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत में शतरंज पहले से ही काफी लोकप्रिय है, लेकिन गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों के उदय से यह और भी लोकप्रिय हो सकता है।गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों की सफलता से युवा पीढ़ी को शतरंज में रुचि लेने की प्रेरणा मिलेगी। युवाओं के लिए एक आदर्श मॉडल होने से अधिक युवा शतरंज खेलने के लिए आकर्षित होंगे। ऑनलाइन शतरंज प्लेटफॉर्म और कंप्यूटर विश्लेषण उपकरणों की उपलब्धता से खेल अधिक सुलभ हो गया है।

### एक्सप्रेस कविता


*मेरा अज़ीज़ निकला मेरा ही कातिल*
*कभी खँजर बदल गये कभी कातिल ।*
*शामिल मै किश्तों में तेरी जिंदगी में,*
*कभी ख़ारिज किया कभी शामिल।*
*बड़े दिनों बाद रौशनी लौटी है शहर में,*
*आज रूबरू हुआ यारों मेरा कातिल।*

*लहरे थक गई सागर में मचलते हुए,*
*तलाशती वो भी कहीं कोई शाहिल।*
*क़त्ल का इल्जाम न लगाना उस पर,*
*वो सिर्फ बेवफाई के जुर्म में है शामिल।*
*क़त्ल की आरज़ू इल्तजा भी मेरी ही थी,*
*बेहद है मासूम भला कैसे होगा कातिल।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**जब आप कुछ अच्छा कर रहे हो तो कोई ध्यान नहीं देता और उसमे कुछ ग़लत हो गया तो सब कुछ ख़त्म**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पूर्णिमा 14:34 तक |
| नक्षत्रः | मृगशीर्षा 26:20 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | शुभा, 25:57 |
| सूर्योदयः | 07:10 |
| सूर्यास्तः | 17:21 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 16:05-17:21 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:55-12:36 |

## जन एक्सप्रेस

### अलग नहीं कुछ स्वाद !

*चल रहा ना सत्र ।*
*बढ़ रहा विवाद ।।*
*रोज वही शिगूफा ।*
*अलग नहीं कुछ स्वाद ।।*
*अपने अपने रंग में ।*
*रंग गए हैं सारे ।।*
*देख रही है जनता ।*
*इनके नित नजारे ।।*
*सूझे ना उपाय ।*
*हो कैसे बदलाव ।।*
*देखते ही देखते ।*
*आया ये पड़ाव ।।*
*जा रहा पर पल पल ।*
*जनता को संदेश ।।*
*क्रिया कलाप लगता ।*
*चल रहा विशेष ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बच्चे को बिस्तर पर लेटाने के लिए पेरेंट्स फॉलो करें ये गाइडलाइन, नहीं होगी कोई परेशानी

**नए** पेरेंट्स के लिए नवजात शिशुओं को सुलाना किसी चुनौती से कम नहीं होता है। कई बार देखा जाता है कि पेरेंट्स नवजात शिशु को आराम के लिए गोद में सुलाते हैं, लेकिन जैसे ही उसे बिस्तर पर लेटाने की कोशिश करते हैं, वह जग जाता है और रोने लगता है। लखनऊ के बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण आनंद का कहना है कि सही समय पर और सही तरीके से शिशु को सुलाने से न केवल उनकी नींद बेहतर होती है, बल्कि यह उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है।



**सोने का समय फिक्स करें:** नवजात शिशुओं को हर दिन एक ही समय पर सुलाने की आदत डालें। एक निश्चित रूटीन उनके शरीर के बायोलॉजिकल क्लॉक को नियमित करने में मदद करता है। सोने और जागने का तय समय उन्हें जल्दी और गहरी नींद लेने में मदद करेगा।

**एक रूटीन बनाएं:** नवजात शिशुओं को सुलाने से पहले एक नियमित रूटीन बनाना बहुत जरूरी है। यह रूटीन बच्चों को मानसिक तौर पर सोने के लिए तैयार करता है, तो उनमें चिड़चिड़ापन को कम करता है। सबसे पहले हल्के गर्म पानी से नहलाएं, नहलाने के बाद हल्के हाथों से मालिश करें और बाद में बाहों में भरकर लोरी सुनाएं।

**माहौल बनाएं:** शिशुओं को सुलाने के लिए एक शांत, कम रोशनी वाला कमरा तय करें। ध्यान रहे कि कमरे में तेज रोशनी या शोरगुल न हो। छोटे बच्चों के बिस्तर पर भारी तकिए, कंबल या खिलौने न रखें, ताकि वे सुरक्षित रहें।

**आराम से लेटाने की कोशिश करें:** गोद से नवजात शिशुओं को बिस्तर पर सुलाने के लिए सबसे पहले उसे हल्के हाथों से लेटाने की कोशिश करें। बाद में सिर को हाथों से सपोर्ट करके लेटाएं। अगर आपको लगता है कि बच्चा बिस्तर पर लेटाने से उठ रहा है, तो 5 से 7 मिनट उसके बगल में ही लेट जाएं और जब वो गहरी नींद में सो जाए, तो आप उठ जाएं।

**धैर्य रखने की कोशिश करें:** हर बच्चा अलग होता है। कुछ बच्चे जल्दी सो जाते हैं, तो कुछ को सुलाने में अधिक समय लगता है। ऐसे में धैर्य रखना जरूरी है। पेरेंट्स होने के नाते आपको शांति रखने की जरूरत होती है।

**निष्कर्षः** बच्चे को सुलाना के लिए सही प्रक्रिया और गाइडलाइन्स का पालन करें। एक शांत और प्यार भरे माहौल में सोने की आदत डालने से न केवल उनका स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि माता-पिता की भी दिनचर्या आसान बनेगी।

### एक्सप्रेस विशेष



योगेश कुमार गोयल

**जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा लेकिन ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा।**

# ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता जरूरी

**प्रतिवर्ष देश में हजारों गैलन पानी बर्बाद होता है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण की बात करते समय जल की बर्बादी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना भी बेहद जरूरी है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं।**

**ऊर्जा** मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन एक विशेष थीम के साथ किया जाता है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की इस वर्ष की थीम है 'स्थायित्व को बढ़ावा देना- हर वाट मायने रखता है'। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था। दरअसल दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है। विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाईट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कदम उठाकर भी प्रत्येक नागरिक देश के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान में बहुत बड़ी मदद दे सकता है और इस प्रकार बड़ी मात्रा में ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है। अगर ऐसे ही कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाए। आई.एस.आई. चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, ए.सी., हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचण्ड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे। सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है, वहीं तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है।

# लैंड पोर्ट अथारिटी रुपईडीहा के सभागार में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विचार गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बहराइच



**रुपईडीहा।** लैंड पोर्ट अथारिटी रुपईडीहा के सभागार में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी एक विचार गोष्ठी गुरुवार की दोपहर 3 बजे आयोजित की गई। वक्ताओं ने स्त्री पुरुषों व उभयलिनीगियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार से चर्चा की।

वरिष्ठ अध्यापक अवधेश गुप्त ने स्त्री पुरुषों पर एक गवेषणात्मक मानसिक स्वास्थ्य का विस्तार से विवेचन किया। अवसाद, चिड़चिड़ापन व एक काम करते समय दूसरे काम के बारे मे सोचने आदि समस्याओं पर विस्तार से अपना कार्यपद प्रस्तुत किया। लखनऊ से पधारी डॉ प्रियंका सक्सेना ने लोगो की मानसिक स्थिति, महिला हिंसा, भ्रामकता, मतिविभ्रम, भावुकता, आवेश, आवेग व डरपोक पन जैसे विषयों का बारीकी से विश्लेषण किया। उन्होंने भारत सरकार का डाटा प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रति घन्टा 51 घटनाएं महिला हिंसा की हो रही हैं व 16 मिनट में एक रेप हो रहा है। उन्होंने कहा कि 1929 में बाल विवाह कानून आया था। इसके लिए राजा राम मोहन राय ने प्रयास किया था। परंतु आज हर पांचवी लड़की बालिका वधु बन रही है। डॉ स्वर्णिमा सिंह ने कहा कि मैंने आईटीबीपी व एसएसबी में मानसिक रोगियों की चिकित्सा की है। उन्होंने कहा कि गहरी नींद न आना, डाइजेशन खराब होना व मानसिक तनाव मस्तिष्क के अस्वास्थ्य का विशेष कारण है। तनाव प्रबंधन की टेक्निक है। तनाव से भी डाइजेशन खराब होता है। हर व्यक्ति को समय प्रबंधन करना आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य खराब होने का एक प्रमुख कारण आजकल की लाइफ स्टाइल भी है। डॉ सिंह ने कहा कि योग व प्राणायाम से मानसिक रूप से हम स्वस्थ रह सकते हैं।

इसे नियमित करना चाहिए। भारत नेपाल के अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत नेपाल के कस्टम, इमिग्रेशन, समाजिक कार्यकर्ता व एसएसबी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालक व आयोजक आईसीपी मैनेजर सुधीर शर्मा ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।

# पेट में पल रहे बच्चे का क्या कसूर ना पति अपना रहा, मायके वाले भी न रखने को मजबूर

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** वैवाहिक दंपति को अगर कोई सबसे बड़ी खुशी होती है तो यह खुशी होती है कि घर में नन्हा बच्चा अठखेलियां करें लेकिन कभी कभी ऐसे मामले सामने आते हैं। जैसा की एक गर्भवती पीड़ित पेट में पल रहा अभागा शिशु जिसकी सेवा सत्कार का तो दूर पीड़ित गर्भवती न्याय के लिए दर दर भटक रही है। पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता रिहाना बानों पुत्री जाफर अली ग्राम पंचायत प्रतापपुर थाना फरधान जिला लखीमपुर खीरी ने बताया पीड़िता के पिता ने ग्राम सरवा थाना फूलबेहड़ जनपद लखीमपुर खीरी के रहने वाले कल्लू के सबसे छोटे पुत्र मोहर्रम अली से 15.3.2023 को शादी अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर की थी।पीड़िता को ससुराल मे दो माह बाद से ही प्रताड़ित किया जाता रहा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारा पीटा जाता रहा पीड़िता ने किस तरह से शादी के एक वर्ष लगभग तीन माह काटे पीड़िता ही जानती है।पीड़िता अपने मायके अपनी पीड़ा बताती मायके वाले समझा-बुझाकर शांत रहने को कहते पीड़िता गर्भवती हो गई।गर्भ में पल रहे दो माह के बच्चे को मारने तक का प्रयास किया गया ससुरालियों द्वारा कहा गया पहले अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी करो तब बच्चे को जन्म दोगी वर्ना नहीं दिनांक 07.8.2024 को पति मोहर्रम अली व ससुर कल्लू,सास छोटी नन्द मुस्कान बानों किस्तम जहां नूरजहां जेठ सिराजुद्दीन व मोहम्मददीन आदि ने पीड़िता को मारा-पीटा जिसकी सूचना पीड़िता के पिता ताऊ के पुत्र के साथ आए और विवाद का कारण पूछा तो पीड़िता के ससुरालियों द्वारा आमादा फौजदारी होते हुए पिता को खूब गालियां दी मामले का विकराल रूप देख ताऊ के लड़के ने 5 बजकर 38 मीनट पर डायल 112 आईडी नम्बर पीओ 7082442055 पीआरवी यूपी 32डीजी 3237 मोबाइल नम्बर +915224562796 पर काल कर दिया विपक्षियों ने उसे खूब मारा पीटा पुलिस आई मामले को शांत कर पीड़िता की तलाशी ली और वीडियो बनाकर पुलिस ने पीड़िता के परिजनों के साथ भेज दिया पीड़िता के पति ने कोई सुध नहीं लिया। एक हफ्ते के बाद 14.08.2024 पति ने पीड़िता के विरुद्ध विदाई का केस डाल दिया जबकि पीड़िता पति के साथ जाना चाहती थी उसके बाद पीड़िता ने भी केस डाले जिससे झल्लाए पति ने केस वापस लेने का दबाव बनाया पीड़िता ने पति से कहा पहले विदाई का केस वापस लो तब मैं लूंगी सात माह से गर्भवती पीड़िता को मायके वाले रखने से डर रहे क्योंकि पति द्वारा कहा जा रहा है। मेरे बच्चे को कुछ हुआ तो खैर नहीं पहले बच्चे को मारने का प्रयास अब षड्यंत्र बच्चे को कुछ हों गया तो अंजाम भुगतने की धमकी भयभीत पीड़िता न घर की रही न घाट की काफी रोने गिड़गिड़ाने पर पति दिनांक 2.12.2024 को शाम 6 बजे आया पीड़िता ने साथ ले चलने को कहा पति बोला पहले अपने पिता से दो लाख रुपए मांगों तब अलग रहेंगे पीड़िता ने कहा मैं सात माह की गर्भवती हूं। इतने तनाव में मुझे रखे हों खाने पीने का भी ख्याल नहीं रखते मैं पिता से कुछ नहीं कहूंगी। इतना सुनते ही पति आगबबूला हो गया और पेशाब की जगह लात मार दी दर्द से पीड़िता चिल्लाने घर वाले आए पति पीड़िता को न ले जाने तीन तलाक़ दे दूसरी शादी करने की धमकी देकर चला गया पीड़िता को मायके वाले रखने को तैयार नहीं न पति न ससुराली सात माह की गर्भवती पीड़िता ने दिनांक 03.12.2024 आपसे मिली जिसके बाद 07-12-2024 को काल आई पुलिस अधीक्षक कार्यालय से पीड़िता आई और पति और ससुर आए और दिनांक 9.12.2024,14-12-2024 को परिवार परामर्श केंद्र में पति के साथ भेजने को कहा और पीड़िता से साइन करा लिया आज पीड़िता परिवार परामर्श केंद्र गई तो पति अधिवक्ता को लेकर आया बोला कोर्ट से ले जाएंगे इलाज़ के अभाव हर तरफ से ठुकराए जाने के कारण आत्महत्या के लिए मजबूर है। भय में परिजनों द्वारा रखने से इन्कार और पति द्वारा लगातार दौड़ाया जा रहा है पीड़िता पुनः पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपनी बात रखी है देखते हैं पीड़िता को न्याय मिलता है की नहीं जो भविष्य के गर्भ में है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दैनिक श्रमिक वन वाचर को दस माह से नहीं मिला वेतन, परिवार की जरुरतें नहीं पूरी कर पा रहे पीड़ित श्रमिक

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में रेंजर, वन दरोगा और वन रक्षकों के साथ ही जंगल व वन्य जीवों की सुरक्षा में वन वाचर (दैनिक श्रमिकों) की भी मुख्य भूमिका रहती है। कतर्नियाघाट डिवीजन में 202 वाचर जंगल की सुरक्षा को लेकर तैनात हैं। साइकिल और पैदल गश्त कर वाचर वनों व वन्यजीवों की रक्षा करते हैं लेकिन हर महीने विभाग से इनका वेतन नही मिल पा रहा है। वाचर संघ के अध्यक्ष शहरयार खान ने बताया कि कतर्नियाघाट डिवीजन में कुल 202 वाचरों की तैनाती है जिनहें पिछले 10 महीनों से विभाग द्वारा वेतन नही दिया गया है ऐसे में रोज़मर्रा की जरूरतों के साथ ही त्यौहार व अन्य मौकों पर वाचरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वाचरों ने कई बार उच्चधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर वेतन की मांग की है लेकिन पिछले कई महीनों से जल्द ही वेतन देने की बात कहकर मामले को टाल दिया जा रहा है। वाचरों में मायूसी है लोगों का कहना है कि अगर सही समय से वेतन नही मिला तो आगे नौकरी करना मुश्किल हो सकता है।

### चोरी की घटना में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार, बाइक बरामद

जन एक्सप्रेस । बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की ओर से अपराध व अपराधियों के रोक थाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए दिये गये दिशा निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक परमानन्द तिवारी के नेतृत्व में गठित पुलिस बल द्वारा विभिन्न मुकदमों में वांछित चोरी कारित करने वाले अभियुक्त अंकित श्रीवास्तव (25) पुत्र दिलीप कुमार श्रीवास्तव निवासी चन्दन कुरिया नासिरगंज थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती तथा मुख्तार अहमद उर्फ भूरे (26) पुत्र मुस्तकीम निवासी चन्दन कुरिया नासिरगंज थाना सोनवां जनपद श्रावस्ती उम्र 26 वर्ष को गठित की गई टीम द्वारा मोटर साइकिल स्पेलेन्डर प्लस जिसका नम्बर क्र34 व्क्ष 4667 जिसका चेचिस नम्बर क्स्रु्र्व्क्ष23ङ्गत्र्य्8्13463 व इंजन नं0 ॥11श्वत्र्य्8्19912 जो काले व ग्रे रंग माल मुकदमाती को अन्दर मालखाना दाखिल कर अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एस आई अमित प्रकाश हेड कांस्टेबल राघवेन्द्र यादव तथा कांस्टेबल राम नगीना शामिल रहे।

### फार्मर रजिस्ट्री योजना की प्रगति में सुधार नहीं, डीएम ने दिया अन्तिम अवसर

जन एक्सप्रेस । बहराइच। शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रट स्थित जिलाधिकारी कक्ष में फार्मर रजिस्ट्री योजना की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मानक से कम प्रगति पाये जाने पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अन्तिम चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि यदि प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं आता है तो सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता को देखते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य कर प्रगति में सुधार लायें। डीएम ने उप निदेशक कृषि को निर्देश दिया कि 20 दिसम्बर को पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की जाय। बैठक के दौरान कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि 20 दिसंबर तक अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना से आच्छादित किया जाय। डीएम ने कहा कि आगामी एक सप्ताह में अपेक्षित सुधार न होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध एक्शन लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने सोलर पंप, खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि ज़रूरतमन्द किसानों को शासन की मंशानुरूप उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराया जाय। डीएम द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण एवं कृषि यंत्रीकरण सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की तथा प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी बहराइच डॉ. सौरभ वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 1 लाख 46 हजार 489 वादों का हुआ निस्तारण

जन एक्सप्रेस । बहराइच। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी के कुशल नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 01 लाख 46 हज़ार 489 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला न्यायालय द्वारा 8217 वाद, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, बहराइच संजय कुमार-तृतीय की अध्यक्षता में पारिवारिक मामलों के 22 वाद, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बहराइच संजीव कुमार त्यागी द्वारा 50 वादों तथा जिला उपभोक्ता प्रतितोश आयोग, बहराइच के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र भारती द्वारा 16 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी के 1063 मामले तथा राजस्व के 137120 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सेटेलमेन्ट की कुल धनराशि रू. 10 करोड़ 21 लाख 76 हज़ार 161 रही।

### मौके पर प्रदर्शन'' की थीम पर वन विभाग की जागरूकता गोष्ठी आज से

जन एक्सप्रेस । बहराइच। पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहराइच वन प्रभाग के अंतर्गत स्थापित पौधशाला पर ''मौके पर प्रदर्शन'' की थीम पर 15 से 20 दिसम्बर 2024 तथा पौधशाला एवं वृक्षारोपण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गोष्ठी में वृक्षारोपण से सम्बन्धित सभी 26 विभागों के नामित अधिकारी, स्थानीय कृषक, गणमान्य व संभ्रान्तजन, स्थानीय लोगों के साथ मीडिया बन्धुओं को आमंत्रित किया जायेगा। गोष्ठी के दौरान वर्ष 2025 में प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु माइक्रोप्लानिंग, वृक्षारोपण की सुरक्षा एवं देख-रेख, सिल्विकलचरल ऑपरेशन, कटान के लाटों की मार्किंग, पातन में सावधानियां, वन्य जीव सुरक्षा एवं मानव वन्य जीव संघर्ष आदि विषयों पर उपस्थित लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा साथ ही नर्सरी में पौध उगान एवं अग्रिम मृदा कार्य का ''मौके पर प्रदर्शन'' भी किया जायेगा।

# बदमाशों ने बाइक चालक के सिर पर कपड़ा डालकर गिराया, पीटने के बाद नकदी-मोबाइल लूटकर हुए फरार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



शुक्रवार की देर शाम बदमाशों ने लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन को थाना खीरी क्षेत्र में हाईजैक कर लिया और लूटपाट करने लगे। हालांकि इस दौरान एक बाइक चालक बदमाशों के चंगुल में फंस गया। सिर पर गमछा डालकर बदमाशों ने उसे गिरा लिया और बांधकर उसकी जमकर पिटाई की। नगदी और मोबाइल लूट लिया। लूटपाट की सूचना पर तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो बदमाश अपनी बाइक मौके पर छोड़कर भाग निकले। के थाना हरगांव के गांव पकरिया निवासी नीरज लखीमपुर शहर में प्राइवेट जॉब करता है। वह अपनी बाइक से घर वापस जा रहा था। बाइक गड़बड़ होने के कारण वह काफी धीमी गति से था। नीरज ने बताया कि लखीमपुर सीतापुर फोरलेन पर ओयल पुलिस चौकी क्षेत्र में जीवन मुक्तिधाम के निकट एक युवक सड़क किनारे खड़ा था। उसने लिफ्ट मांगी। इस पर उसने बाइक रोक दी। बाइक रुकते ही झाड़ियों में बैठे दो अन्य बदमाश आ गए। सभी के पास तमंचे व डंडे थे। वह कुछ समझ पाता। इससे पहले ही बदमाशों ने उसके सिर पर कपड़ा डाल दिया और उसे घसीटते हुए तालाब के किनारे स्थित गन्ने के खेत में ले गए। जहां उसकी शर्ट फाड़ दी। उसी से उसके हाथ-पैर बांध दिए और पैरों के बीच डंडा डालकर डाल दिया। उसके पास से 1200 रुपये की नगदी-मोबाइल लूट लिया। नीरज ने बताया कि जब बदमाशों ने उसे दबोचा तो वह चीखता-चिल्लाता रहा, लेकिन कुछ लोग बाइक लेकर तेज रफ्तार निकल गए तो कुछ वापस हो गए। इधर लुटने से बचे लोग पड़ोसी गांव खागी ओयल देहात पहुंचे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राकेश कुमार राज को घटना बताई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने पुलिस को सूचना दी और खुद बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ लाठी-डंडा लेकर मौके की तरफ दौड़ पड़े। ग्रामीणों को आता देख बदमाश आनन-फानन में अपनी बाइक मौके पर छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस बंधक बनाए गए युवक और बदमाशों की खोजबीन में गन्ने के खेतों को खंगालती रही।काफी देर तक जब उनका पता नहीं चला तो वह वापस जा रही थी।इसी बीच किसी तरह से बंधनमुक्त हुआ नीरज सड़क पर आया।उसने वापस लौट रही पुलिस को पूरी बात बताई।नीरज को लेकर पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने झाड़ियों में खड़ी पीड़ित व बदमाशों की एक बाइक बरामद की। मौके पर जाकेट, दस्ताने व नीरज का बैग मिला। जिसमें उसका आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि थी। पुलिस ने बदमाशों की बाइक कब्जे में ली है। पीड़ित की तहरीर पर तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक हेमंत राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# प्रशासन की लापरवाही से हो सकता था बडा हादसा



जन एक्सप्रेस । सिगाही खीरी

परिवहन विभाग एवं पुलिस की मिलीभगत से राहगीरो पर मौत का साया बनकर घूम रहे हैं, निघासन बेलरायां रोड पर ओवर लोड गन्ना भर कर फर्राटा भर कर दौड रहे ट्रक। सिगाही निघासन रोड पर ओवरलोड गन्ने से भरा ट्रक की बॉडी फट गयी रोड पर गन्ना पलट गया साइड से जा रहे एक साइकिल सवार व मोटरसाइकिल सवार ने उछलकर किसी तरह से अपनी जान बचाई जबकि साइकिल व मोटरसाइकिल गन्ने के अंदर ही दब गए।सरजू सहकारी चीनी मिल में इन दिनों पेराई सत्र 24-2025 लेकर दिन-रात बड़ी संख्या में ओवरलोड ट्रक निघासन सिंगाही मार्ग पर निकल रहे हैं। आज निघासन के साहतेपुरवा के पास अचानक सड़क के किनारे ट्रक की बॉडी फट गई और गन्ना गिरने लगा। लोगों ने जब ट्रक की बॉडी फटते देखा तो चिल्लाने लगे।लेकिन सिंगाही के मोबिन अहमद (भल्लू) जब तक कुछ समझ पाते तब तक ट्रक पलटता हुआ उनकी ओर आ गया। इस दौरान वह मोटरसाइकिल छोड़कर भागे। भल्लू तो बच गए लेकिन उनकी मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे आकर दब गई। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। गन्ना बिखरने से जाम के हालात पैदा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम में फंसे वाहनों को निकलवाया। पता नहीं कब प्रशासन इन ओवरलोड ट्रैकों पर कार्रवाई करेगा लगता है कि कोई बड़े हादसे का इंतजार है। सूचना पाकर पहुंची निघासन पुलिस रोड से गन्ना हटवाकर रोड साफ करा दिया। पुलिस व परिवहन विभाग अगर वाहनों की फिटनेस पर ध्यान दें और ओवरलोड वाहनों पर कड़ाई से कार्यवाही करे तो सड़क पर चलने वाले रहगीरो के मुसीबत कम हो सकती।

### पुलिस ने सड़क किनारे का अतिक्रमण हटवाया

जन एक्सप्रेस । बहराइच।

रुपईडीहा। नगर पंचायत की सड़कों पर दोनों तरफ लोगों ने



अतिक्रमण कर रखा है। जिसके चलते कस्बे में आए दिन जाम लगता है। नगर पंचायत प्रशासन ने भी अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा। लेकिन सड़क किनारे पटरी दुकानदारों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। शुक्रवार की दोपहर के बाद प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा ददन सिंह के नेतृत्व में पीएसी व पुलिस जवानों के साथ रुपईडीहा नगर पंचायत की सड़कों पर व्याप्त आंशिक अतिक्रमण हटाया गया। प्रभारी निरीक्षक ने पटरी दुकानदारों को कुछ समय भी दिया है और कहा कि वह अपनी व्यवस्था कर ले नहीं तो बलपूर्वक दुकान हटवाई जाएगी। इसके पूर्व कस्बे की तीनों मस्जिदों पर पहुंच कर सुरक्षार्थ ड्यूटी की। कस्बे के गुजरने वाले एनएच 927 पर पटरी दुकानदार सड़क जाम किये हुए हैं। ठेले वालों को चेतावनी दी। इससे राहगीरों को कुछ आसानी हुई। एसएचओ ददन सिंह ने थाने का चार्ज लेते ही नियमित गस्त भी शुरू करा दिया। इससे भी लोगो ने राहत महसूस की है।

# करियर काउंसलिंग में छात्रों को मिला मार्गदर्शन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय सिटी माण्टेसरी इण्टर कॉलेज में बच्चों के उज्वल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए हुआ करियर गाइडेंस व काउंसलिंग कार्यक्रम।इस दौरान फ्यूचर यूनिवर्सिटी बरेली के करियर काउंसलर उपेन्द्र शुक्ला ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम में विद्यालय प्रबन्धक विशाल सेठ ने छात्रों को बताया कि हमें यह तो पता है कि हमें क्या बनना है, लेकिन कैसे बनना यह मालूम नहीं है।आपकी लाइफ में महत्वपूर्ण क्या है यह जानना बहुत जरूरी है। साथ ही उन्होंने छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी से संबंधित जानकारी भी दी।विद्यालय संचालिका लेखनी सेठ ने छात्रों को बताया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना ही सफल छात्र के गुण होते है। बिना लक्ष्य के किसी भी कार्य में सफलता नहीं मिलती है।कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रधानाचार्य धीरेन्द्र सिंह ने छात्रों से मार्गदर्शन व काउंसलिग में बताए गए बिंदुओं को अपनाकर जीवन सफल बनाने के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ रहा मौजूद।

# पिता ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर की कार्रवाई की मांग, मायूसी में बदली परिवार की खुशियां

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जनपद के ग्राम कटिलिया भूपसिंह गांव निवासी एक युवती की शनिवार को रानीपुर क्षेत्र से बारात आनी थी। लेकिन सुबह लड़के पक्ष के लोगों ने दहेज में पांच लाख रुपये नकदी और कार की मांग पूरी न होने पर बारात लाने से इनकार कर दिया। इससे वधू पक्ष में मायूसी छा गई। पिता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर केस दर्ज करने की मांग की है।

रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटिलिया भूपसिंह गांव निवासी अब्दुल अली की बेटी असमा बानो का विवाह जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम एलिया निवासी फैयाज खान पुत्र अयूब खान के साथ तय हुआ था। तय कार्यक्रम के मुताबिक शनिवार दोपहर में बरात आनी थी। अब्दुल अली ने बताया कि वर पक्ष के फैयाज और उसके पिता खेत अधिक होने का हवाला देकर कार और पांच लाख रुपये नकदी दहेज में मांग कर रहे थे। इतना दहेज न होने में असमर्थता जताई तो फोन पर बरात न लाने की सूचना दी और शनिवार को सभी बारात भी नहीं लाए। इंतजार के बाद लड़की के पिता ने डीएम और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर केस दर्ज किए जाने की मांग की है।


> **लड़की पक्ष पर दो लाख रूपए मांगने का आरोप**
>
> बहराइच। लड़के पक्ष के लोगों का कहना है कि कटिलिया भूप सिंह गांव में शनिवार को बरात आनी थी। लेकिन शादी करने के लिए लड़की पक्ष के लोग खुद दो लाख की मांग कर रहे थे। इसके लिए शुक्रवार को लड़के ने थाने में तहरीर भी दी थी। लड़का पक्ष खर्च का हिसाब मांगकर एक लाख रुपये देने के लिए तैयार हो गया था। इसके बाद भी बात नहीं बनी और बरात नहीं आई। दोनों शिकायती पत्र पर जांच की जा रही है...,
>
> **मनोज कुमार अपराध निरीक्षक।**

# 150 ग्राम स्मैक सहित तीन युवकों को पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस । बहराइच। रूपईडीहा। नेपाल पुलिस ने तीन लोगों को स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 150 ग्राम स्मैक बरामद किया गया है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत डेढ़ करोड़ रुपए आंकी जा रही है। इण्डो नेपाल सीमा पर मादक द्रव्य तस्करी थमने का नाम नही ले रही है। आये दिन मादक पदार्थ तस्करों को भारतीय व नेपाली सुरक्षा बल के जवान पकड़ भी रहे है। परन्तु मादक पदार्थ तस्कर पर कोई प्रभाव नही पड़ रहा। सीमा से सटे बांके जिले की पुलिस ने तीन लोगों को मादक पदार्थ के साथ पकड़ कर जेल भेजा है। बांके जिले के एसपी तुल बहादुर कार्की ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर मुखबिर ने बताया कि नेपालगंज उपमहानगर पालिका वार्ड नं.1 पुष्पलाल चौक के पास मादक पदार्थ की बिकी हो रही है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसपी कार्यालय के जवान व मादक पदार्थ नियंत्रण पुलिस के जवानों की एक संयुक्त टीम बनाकर उक्त स्थान पर भेजा गया। संयुक्त टीम ने सड़क किनारे खड़े तीन संदिग्ध लोगों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान इन तीनों के पास से कुछ नही मिला। लेकिन जब इनकी साइकिल की मुठिया की बारीकी से जांच की गयी तो उसमे काली प्लास्टिक में छुपाकर रखी गई स्मैक बरामद हुई। तीनों के पास से बरामद की गई स्मैक का जब इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल कराया गया तो उसका वजन 150 ग्राम निकाला। पकड़े गये युवकों की पहचान नेपालगंज उपमहानगर पालिका वार्ड नं. 22 निवासी राजेन्द्र कुमार गोड़िया 61 वर्ष, वार्ड नं. 5 निवासी मुजबी खां तथा वार्ड नं. 8 निवासी 26 को मोहिद अंसारी के रूप में हुई है। इन तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# दबंगई गुंडे के दम पर खेत पर जबरन कब्जा कर रहें हैं साहब

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



थाना दिवस में दिए शिकायती पत्र में मोहल्ला पट्टी रामदास कस्बा खीरी जिला-खीरी के रहने वाले मोहम्मद रईस पुत्र शहाबुद्दीन ने बताया उसका एक खेत गाटा संख्या 322/2, 323/2 स्थित खीरी मोहल्ला पट्टीरामदास का ही एक दबंग भूमाफिया आफताब खान पुत्र रफीक अदल खान व अनस खान पुत्र आफताब खान निवासी मोहल्ला प?ट्टी रामदास जो हमारे खेत पर जबरन दबंगई गुंडे के बल पर खेत पर जबरन कब्जा कर रहे हैं मना करने पर मारने पीटने की धमकी देते हैं इनका मकान रास्ते पर पड़ता है हमको कई बार अपने घर के पास रोक कर कई बार धमकाया है। मना करने पर लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो जाते है आफताब खान पुत्र रफीक खान या एक दबंग भू माफिया है किस्म का आदमी है इसने कई लोगों की जमीन छीन ली है कई बीघा मंदिर की जमीन पर कब्जा किये हुए है। अपने दबंगई के दम पर हमारी जमीन पर जबरन कब्जा कर रहा है।

इस बारे में कई प्रार्थना पत्र दिये गये परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। जिससे भूमाफिया के हौसले बुलन्द है। अगर समय रहते विभागीय अधिकारी नहीं चाहते तो दबंग हमारी जमीन पर कब्जा कर लेंगे क्योंकि उनकी शुरू से ही निगाहें हमारी जमीन पर हैं

दबंग इसी तरह से गरीबों को डरा धमका कर अपने रोब में लेकर जमीन हथियाना का कार्य करते हैं।

# व्यापार मंडल की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस । बहराइच

**रुपईडीहा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक गुड गुड डेरी के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में संरक्षक हाजी अब्दुल रहीम की अध्यक्षता में व्यापारिक समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की गई। संरक्षक रतन अग्रवाल ने समिति के विस्तार पर चर्चा की। अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने व्यापारियों को संगठित होकर शोषण से बचने और समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। महामंत्री संजय कुमार ने जल्द ही समिति का विस्तार कर नई जिम्मेदारियां सौंपने की बात कही। संरक्षक सुभाष चंद्र जैन ने भारत-नेपाल सीमा पर व्यापारियों और ग्राहकों की समस्याओं को दूर करने पर बल दिया। बैठक में पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद शुक्ला, विजय मित्तल, बंटी शर्मा, राजीव अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, बलराम शुक्ला, शेर सिंह कसौधन, मोहम्मद अरशद, अंकित अग्रवाल, मोहम्मद यासीन, आबिद, सिद्धनाथ गुप्ता, इंजीनियर राजेंद्र सिंह, विपिन अग्रवाल, केसरी सोनी, कृष्ण मोहन सिंह, आशीष अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# जंगली हाथी ने खेत में घुस कर गेहूं की फसल रौंदी

जन एक्सप्रेस । बहराइच

घुसकर फसलों के साथ आम लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कतर्नियाघाट वन क्षेत्र के ग्राम नौतोड़ में जंगली हाथी ने खेत में घुस कर गेहूं की फसल रौंद कर बर्बाद कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी सुरेन्द्र श्रीवास्तव, वन दरोगा इसरार अहमद व वाचर बंशी ने गांव पहुंच कर नुकसान का आंकलन किया। कतर्नियाघाट वन क्षेत्र के निशानगाड़ा रेंज अंतर्गत नौतोड़ गांव में सुबह लगभग चार बजे एक हाथी वन विभाग द्वारा लगाये गये चैन लिंक फेंसिंग को तोड़कर किसान नंदलाल, सूबेदार, इंद्रदेव के खेत में घुस गया। हाथी ने की गेंहू की लगभग दो बीघा गेंहू फसल रौंद कर बर्बाद कर दी। ग्रामीणों के शोर मचाने के बाद सूचना पाकर गजमित्र मौके पर पहुंचे और हांका लगाकर हाथी को भगाया। इस हाथी ने तीन बांस के पेड़ों को भी गिरा दिया। गजमित्रों ने घटना की सूचना वन क्षेत्राधिकारी सुरेन्द्र श्रीवास्तव, वन दारोगा इसरार अहमद, व वाचर बंशी को दी । इन लोगों ने मौके पर पहुंच कर किसान की फसल के नुकसान का आंकलन किया। गजमित्र नंदलाल ने बताया कि सुबह चार बजे घने कोहरे के बीच हाथी खेतों में घुस गया और फसल को नुकसान पहुंचाया। हाथी विशेषज्ञ अभिषेक ने बताया कि गजमित्रो की टीम अलर्ट है। लगातार पेट्रोलिंग जारी है। सुबह और शाम के समय कोहरा पड़ रहा है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# गोरखपुर के चार अपराधियों पर कसा शिकंजा, संपत्तियों की जब्ती-सजा पर मांगी शासन ने रिपोर्ट

## सीएम सीटी पुलिस ने 68 माफिआओं पर की बड़ी कार्रवाई की तैयारी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश में माफिया और उनके गैंग के खिलाफ पिछले 21 महीनों में की गई कार्रवाई का ब्योरा अब शासन ने तलब किया है। सभी जिलों से पूछा गया है कि इन माफिआओं के खिलाफ कितनी कार्रवाई हुई, कितनों की संपत्ति जब्त हुई, और कितनों को सजा दिलाई गई। खास बात यह है कि इस प्रदेशस्तरीय सूची में गोरखपुर और देवरिया के माफिआओं के नाम भी शामिल हैं।

### माफियाराज पर रोक: 2022 में बनाई गई थी सूची

25 मार्च 2022 को प्रदेश सरकार ने माफियाराज खत्म करने और अपराध पर लगाम लगाने के लिए 68 बड़े माफिआओं की सूची तैयार की थी। इस सूची में गोरखपुर के चार और देवरिया के एक माफिया का नाम शामिल है।



- विनोद उपाध्याय: गोरखपुर का कुख्यात माफिया, जो फरारी के दौरान पुलिस एनकाउंटर में मारा गया।
- सुधीर सिंहरू गोरखपुर समेत कई जिलों में केस दर्ज। हाल ही में आर्म्स एक्ट में मिली सजा।
- राकेश यादव: दो मामलों में पा चुका है सजा।
- राजन तिवारी: पूर्व विधायक, गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार, फिलहाल जमानत पर।
- रामू द्विवेदी (देवरियाध्लखनऊ)रू दोनों जिलों में कई गंभीर है दर्ज
- केस दर्ज, पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### शासन की सख्ती: जिलों से मांगी गई रिपोर्ट

शासन ने अब जिलों से पूछा है कि इन 68 माफिआओं में से कितनों पर प्रभावी कार्रवाई हुई है। खासतौर पर यह भी जांचा जा रहा है कि कितनों की संपत्तियां जब्त की गई और कितनों को सजा दिलाने में पुलिस सफल रही। गोरखपुर और देवरिया के माफिआओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### पिछले साल तक कार्रवाई में मिली थी ढिलाई

2022 तक 68 माफिआओं में से 17 पर पुलिस की नरमी सामने आई थी।

- पांच माफिआओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।
- 12 पर सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की गई।

इनमें से गोरखपुर के सुधीर सिंह और राकेश यादव पर कार्रवाई तेज हुई है, जबकि देवरिया के रामू द्विवेदी पर लखनऊ पुलिस ने भी शिकंजा कसना शुरू किया है।

### अपराध पर शिकंजा कसने की दिशा में बड़ा कदम

शासन ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि माफिआओं के खिलाफ ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करें। यह कदम साफ दिखाता है कि सरकार अपराधियों के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेगी।

### गोरखपुर और देवरिया पर विशेष फोकस

- गोरखपुर और देवरिया के माफिआओं पर अब पुलिस की नजर है।
- विनोद उपाध्याय का एनकाउंटर पुलिस की सख्ती का बड़ा उदाहरण है।
- सुधीर सिंह और राकेश यादव को सजा दिलाने में तेजी लाई गई है।
- राजन तिवारी और रामू द्विवेदी जैसे नामों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस




**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जनपद के समस्त थानों पर शनिवार कोष्थाना समाधान दिवसष् का आयोजन किया गया । पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा थाना चौक में थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। मौके पर एसपी के समक्ष कुल 6 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से मौके पर ही 2 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया तथा शेष मामलों में समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बन्धित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे कि फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े तथा प्रकरणों का त्वरित व न्यायपूर्ण निस्तारण हो सके । पुलिस अधीक्षक द्वारा जमीन सम्बन्धित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलवाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। आज थाना समाधान दिवस के दौरान जनपद में कुल 82 प्रार्थना पत्रों में से 10 का मौके पर ही हुआ निस्तारण द्य समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा सर्किल के थानों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का किया गया आयोजन एवं प्राप्त विभिन्न प्रार्थना पत्रों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों द्वारा गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा आदेश व निर्देश दिए गए।

## एक्सप्रेस खबरें...

### वॉलीबॉल में गोरखपुर ने देवरिया को हराया

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** क्रीड़ा अधिकारी रवि कुमार निषाद ने बताया कि ओपन राज्य आमंत्रण पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सेमी फाइनल मैच वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट कॉलेज, गोरखपुर बनाम देव प्रयाग अकैडमी, प्रयागराज के बीच हुआ जिसमें 25 अंक प्राप्त कर वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट कॉलेज, गोरखपुर प्राप्त किया तथा फाइनल मैच वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट कॉलेज गोरखपुर बनाम देवरिया छात्रावास के बीच हुआ जिसमें 2 - 1 से वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट कॉलेज गोरखपुर विजेता तथा उपविजेता देवरिया छात्रावास रही । सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार विनय राय अध्यक्ष कुशीनगर महोत्सव द्वारा वितरित किया गया। इस अवसर पर विनय राय, सूरज कुमार, पंकज यादव, राजेंद्र सिंह राजू, ममता भारती, दुर्गावती तथा निर्णायक मंडल शिवशंकर यादव, संकट सिंह, व्यास चतुर्वेदी, राजेश पटेल, अमित बच्चन, नर्मदा राय आदि लोग उपस्थित थे। अंत में कीड़ा अधिकारी ने आए हुए आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन कर किया गया निस्तारण

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जनपद न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह, पीठासीन अधिकारी मोटर दावा अधिकरण, मनोज कुमार राय, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बद्री विशाल पाण्डेय, व न्यायाधीशगणों द्वारा फीता काटकर एवं माँ सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। उक्त अवसर पर जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह के द्वारा 1 वाद का निस्तारण कर 500-रूपये की धनराशि प्रतिकर के रूप में दिलाया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के द्वारा 3 तथा अन्य अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के द्वारा 45 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया तथा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी मनोज कुमार राय द्वारा कुल 114 मामलो का निस्तारण किया गया एवं -78311000-रूपये की धनराशि प्रतिकर के रूप में दिलाया गया। तथा अन्य सभी सम्बन्धित न्यायिक अधिकारीगण के द्वारा कुल 3026 वादों का तथा राजस्व विभाग व अन्य विभागों के द्वारा 142200 वादों को निस्तारण किया गया। इस प्रकार इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल मिलाकर 1,45,389 मामलों का निस्तारण किया गया। प्रतिकर, जुर्माना एवं अन्य मामलों में कुल मु0- 15,72,92,802-रूपये की धनराशि का सेटलमेण्ट किया गया।

# गोला बाजार में परिवहन विभाग बस चालकों की होगी खुली भर्ती

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



उपनगर गोला बाजार में मेघा माह मेले के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने संविदा बस चालकों की सीधी भर्ती कैम्प लगा कर किया जा रहा है।18.11.2024 को चन्द्र चौराहा गोला बाजार गोरखपुर में रासीनगर डिपो द्वारा एक विशेष संविदा भर्ती कैम्प का आयोजन प्रातः 10रू00 बजे से 02.00 बजे तक किया जायेगा। इस भर्ती प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए रासी नगर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि प्रतिभागी का पहले टेस्ट देना होगा। जिसमे पहला टेस्ट कैम्प स्थल पर ही लिया जायेगा । प्रथम टेस्ट में पास हुए चालक अभ्यर्थियों का दूसरा टेस्ट किसी प्रशिक्षण संस्थान में कराया जायेगा। द्वितीय टेस्ट में पास अभ्यर्थियों को उ.प्र. परि. निगम रासीनगर डिपो में चालक पद पर आवबद्ध किया जायेगा। चालक पद पर आवेदन हेतु अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता न्यूनतम आठवीं पास होनी चाहिए तथा ऊचाई कम से कम 5 फुट 3 इंच व आयु न्यूनतम 23 वर्ष 6 माह होना आवश्यक है। कम से कम दो वर्ष पूर्व का भारी वाहन चलाने की हैवी लाइसेंस होना चाहिए। चालकों को प्रति किमी के हिसाब से रु.1.89 की दर से पारिश्रमिक देय होगा। महीने में न्यूनतम 22 दिवस ड्यूटी करने पर रु. 3000 का प्रोत्साहन देय होगा। इसके अतिरिक्त दुर्घटना-बीमा, ई.पी.एफ की सदस्यता का लाभ, पारिवारिक सदस्यों के लिए फ्री फैमिली पास, निगम बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा, तथा दैनिक आय आधारित प्रोत्साहन लाभ भी देय होगा। अधिक जानकारी के 8726005164, 8299534617,9451805544 दिए गए नंबर पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# आईटीएम में मेधा 2024 का हुआ भव्य शुभारंभ, दस दिनों तक चलेगा कार्यक्रम

- जनपद के प्रतिभावों को निखारने के लिए हर वर्ष किया जाता है कार्यक्रमक् विनय श्रीवास्तव
- पनियरा जोन के छात्रों ने बढ़ चढ़कर किया प्रतिभाग- प्रतिभाग प्रमाणपत्र से हुयें सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




जिले के चेहरी स्थित उच्च तकनीकी शिक्षण संस्थान आईटीएम में जिले स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा मेधा 2024 का भव्य शुभारंभ हुआ । मेधा परीक्षा के पहले दिन पनियरा जोन के छात्रों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। पनियरा जोन के संयोजक तथा मैकेनिकल विभाग के अध्यक्ष नूरुद्दीन खान ने बताया कि मेधा परीक्षा के पहले दिन पनियरा जोन से विभिन्न विद्यालयों से इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग के कुल 204 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें रामकुमार इंटर कालेज पनियरा से 77, स्वर्गीय तमेश्वर मल्ल इंटर कालेज से 65 तथा सुभागी देवी इंटर कालेज से 62 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। संस्थान के उपनिदेशक डी के सिंह तथा कुलसचिव अमित श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि जनपद स्तरीय मेधा का समापन 23 दिसंबर को किया जायेगा । जिसमे लगभग 3000 प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रतिभाग प्रमाण पत्र दिया गया। सभी जोन के संपन्न होने पर मूल्याकन के उपरांत मेधावी छात्रों को नगद पुरस्कार भी प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर इंजीनियरिंग के विभिन्न संकाय के छात्रों द्वारा मॉडल प्रस्तुत किया जा रहा है जो आकर्षण का केंद्र है। मेधा 2024 के शुभारंभ के पहले दिन के सफल आयोजन में उपनिदेशक डी के सिंह, कुलसचिव अमित श्रीवास्तव, मैकेनिकल विभागाध्यक्ष नूरुद्दीन खान,परीक्षा नियंत्रक अमित कौशल, राहुल,नितेश, विनोद, संध्या, अविनाश , संतोष, अजीत राय आदि का योगदान सराहनीय रहा है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल जनपद के प्रतिभावान बच्चों मे निखार आता है अपितु उनके लिए नये अवसर बनते है । हमारा हमेशा से प्रयास रहता है कि क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए काम किया जाए । इस तरह के आयोजन से जनपद स्तर पर उनकी प्रतिभाओं प्रतिभाओं को पहचान मिलेगा तथा पुरस्कार के साथ वह उत्साहित होकर नए मुकाम को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे।

# फाउंडेशन 18 वनटांगिया ग्रामों के महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित: डाक्टर देव चन्द्रा



**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जनपद में काम करने वाली अग्रणी संस्थान नव्या इंडिया फाउंडेशन द्वारा महराजगंज जनपद के लक्ष्मीपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत -लालपुर कल्याणपुर के वन ग्राम - तिनकोनिया के प्राथमिक विघालय मे ग्राम सभा के महिलाओं के साथ प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे महिलाओं को माहवारी के समय आने वाली समस्याओं के साथ साथ पैड के प्रयोग की जानकारी दी गयी । नव्या इण्डिया फाउंडेशन के हेड ऑफ ऑपरेशन डॉ देव चन्द्रा ने बताया कि फाउंडेशन प्रमुख अदिति कृष्ण द्वारा जनपद के 18 वनटांगिया ग्रामों की महिलाओं के लिए लगातार कार्य करने का संकल्प लिया गया है जिसके तहत इन महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ रोजगार और विभिन्न योजनाओं से जोड़ने की योजना तैयार है। प्रारंभिक दौर में फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम सभाओं में जाकर महिलाओं को सेनेटरी पैड बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही है । साथ ही साथ उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है कि माहवारी के दौरान अपने स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए क्या कुछ उपाय वह कर सकते हैं । इस दौरान महिलाओं को खान-पान, रखरखाव के साथ-साथ अपने शरीर की देखभाल कैसे करनी चाहिए इसका प्रशिक्षण दिया जाता है। आज के कार्यक्रम में करिश्मा,संध्या, अफसाना संगीता, सुधा, नीलम, अनुराधा, बिंद्रावती, रायमिला, लक्ष्मी, रूपा, माया, संगीता, उर्मिला, सोनी, पूजा, लक्ष्मी, फूलकुमारी, सुमन, कलावती, सुकली, निर्मला ,शलगूंनेशा, कलावती,सरिता,जरा वाती, जमुना, शुभावती,संगीता, मैमुन नेशा, सोना देवी, शिवराजी, सुमन,करिश्मा, अंजनी, गुजरती, पूजा, प्रभावती, रीमा, गीता, निर्मला, राधिका, निशा, गीता, सुंदरी, कमलावती,साबिरुन निशा, गीता, गुड़िया, सीमा, प्रमिला, मानती, प्रमिला, संगीता, ममता, लीलावती, प्रभावती, सीमा, शोभा, सुनीता, सोनमती, आशा, गिरिजा, आदि उपस्थित रही।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-521-24-2 (Advertising Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-RBL-OH-536-24-1 (Advertising Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3837/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# गोरखपुर में 124 गांवों में थाने नहीं जाते लोग

- पांच साल से एक अभी केस दर्ज नहीं, आपसी सुलह समझौते से सुलझा लेते हैं विवाद

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

राजतंत्र की याद दिलाते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर के सैकड़ों गांव जहां विगत पांच वर्षों में क्षेत्रीय थानों में गांव के लोगों पर एक भी केस नहीं दर्ज हुआ है। आज के दौर में यह कहें कि किसी गांव के लोग थाने नहीं जाते तो विश्वास नहीं होगा। लेकिन यह सच है। गोरखपुर जिले में ऐसे 124 गांव हैं, जहां के लोग 5 सालों में थाने गए ही नहीं। वे आपसी सामंजस्य से रहते हैं। कोई विवाद हो भी गया तो आपस में मिल-बैठकर उसे सुलझा लेते हैं। एसएसपी डाक्टर गौरव ग्रोवर ने थानेदारों से जिले में सबसे कम व सबसे ज्यादा मुकदमे वाले गांवों की सूची मांगी तो यह बात सामने आयी। सबसे अधिक 24 शांतिप्रिय गांव हरपुर बुदहट थाना में हैं। 21 गांवों के साथ बेलघाट दूसरे नंबर पर है। इसके उलट 28 ऐसे गांव व मोहल्ले हैं जहां सबसे अधिक मामले दर्ज होते हैं। अब पुलिस अच्छे गांवों के उदाहरण से विवाद में उलझे गांव-मोहल्लों को भी सुधारेगी। पुलिस के अधिकारी उनके बीच जाएंगे। समस्याओं को समझेंगे, विवाद के कारणों का अध्ययन करेंगे और शांति से रहने की सीख देंगे। जो गांव विवादों से दूर रहते हैं, वहां अपनाई जाने वाली कार्यशैली को साझा भी किया जाएगा। थानेदार को तीन, सीओ को दो और एएसपी को दो-दो गांव के लोगों को समझाने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

### शांतिप्रिय गांवों की कार्यशैली से विवादित गांवों को दी जाएगी सीख - एसएसपी



एसएसपी डाक्टर. गौरव ग्रोवर बताते हैं कि जिले में सबसे अधिक मुकदमे एवं सबसे कम मुकदमा विहीन गांवों की सूची तैयार की गई है। 124 ऐसे गांव हैं, जहां 5 साल से केस ही दर्ज नहीं हुआ। इन गांवों को उदाहरण बनाकर वहां भी माहौल बदलने का प्रयास होगा, जहां अधिक विवाद होते हैं और मामला थाने तक आता है। इसके लिए पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

### हरपुर बुदहट क्षेत्र के इन गांवों में है शांति

चनहा, जिगिना, पिपरा सूरस, छजनिया, सिवापार, जिगिनियाडाढ़, सुरसा, गोविंद चक, बासपार, तुलसी ओझा, तुलसी पांडेय, बरगदवां, कमरदेवा खुर्द, झुड़िया, गोसाईपुर, पीपरा सुरस, बहादुर पुर, झुड़िया, बनकटा, अकोलही, पोखरा, फरसा राठी, जिरदल्ली

### बेलघाट क्षेत्र में थाने से दूर रहने वाले गांव

पड़ी, पडौली, गनेशपुर, मोहनचक, बरैयाडा, छोटीपुर, पथरहामिश्र, गोसाईपुर, रसूलपुर मिश्र, धुनियापुरा, अमानाबाद, बालाचक, खैराती, भरौली, पथरहाबाबू, मचियारिया, बरपरवा काजी, चकरब्बाज, सिंगपुरजागीर, चकिया, नकौड़ी

### शहर क्षेत्र में भी हैं उदाहरण

कैंट क्षेत्र के प्रोफेसर कालोनी, हीरापुरी कालोनी, हरिओमनगर, गोरखनाथ क्षेत्र का भाटी विहार, गुलरिहा क्षेत्र का मेहदिया, खिरिया, मुहम्मदपुर उर्फ महदेवा, कैंपियरगंज का अमरहा, उलरापार, बजरहा, कुढी, धर्माढीह, पीपीगंज का मेथौली, नवापार, खाटपार, नरायनपुर, गीडा का टडवा माफी, मंझरिया, चकचोहरा, सहजनवा का पिपरही, बुआहिद, गुलऊर, कुल्ही, चुड़िहरा, डेलहा, चौरीचौरा थाना क्षेत्र के पकड़ी, मठिया खुर्द, मठिया पकचपेड़वा, झंगहा थाना क्षेत्र का विशुनपुरवा, कपरफोड़वा, लेहुआपार, गोबड़डीरी, खपड़ीभार, गौररौरा, बांसगांव का काल, कुसहा, गगहा का चिरैयाडाड, सेनुआपार, झरना टोला पकड़फरवा, बैवहवा, बनकटी, खरभरा, खसौहा, सियर, नौहटवा, बेलीपार का आईमा, गोला के पटखौली, बड़हलगंज का खुटहन, बधौवा, सरदह, नदुवापार, घोसी, खजुरी गोसाई, गोरखपुरवा, मुंडेरा, बेनी प्रसाद मल्ल, बेल्थरा देवार, बनकट, नेदुआ, सरस्वती, अकबाराबाद, लोगरापार, कनकपुर, उरुवा थाना क्षेत्र के बभनपुरा, लौहर पुरवा, शाहपुर, आशिक रौजा, सुगियापार, नोंचा, मद विक्रय, खजनी का ऐनवा, देवरिया गोपालपुर, धुलमुलही

### इन गांवों, मोहल्लों में होते हैं अधिक विवाद

कोतवाली के मेवातीपुर, राजघाट के चकरा अव्वल, तिवारीपुर के अंधियारीबाग, कैंट के इंजीनियरिंग कालेज, खोराबार में सुबा बाजार, रामगढ़ताल के आजाद चौक, एम्स के झरना टोला, गोरखनाथ के लक्ष्मीपुर, शाहपुर के व्यासनगर बधिक टोला, गुलरिहा के जंगल डुमरी नंबर दो, कैंपियरगंज के हरिरामपुर, पीपीगंज कस्बा, चिलुआता के मोहरीपुर, गीडा के हरैया, नौसड़, सहजनवा के पिपरा, हरपुर के बुदहट, चौरी चौरा के चौरी, झंगहा थाना के रसूलपुर नंबर दो, पिपराइच के जंगल धूसण, बांसगांव के माल्हनपार, गगहा के गजपुर, बेलीपार के मलाव, गोला कस्बा, बड़हलगंज के खड़ेसरी, उरुवा के किशनपुर, खजनी के संग्रामपुर, सिकरीगंज कस्बा व बेलघाट कस्बा।

# कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के जज बने चंद्र प्रकाश मणि व अनुराग कुमार




**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में 6 दिसंबर से 8 दिसंबर तक लखनऊ के चौक स्टेडियम मे रेफरी ,जज ,कोच व सेमिनार एग्जाम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के समस्त जनपदों के कराटे कोचों ने हिस्सा लिया। 9 दिसंबर को घोषित रिजल्ट में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर देवरिया जनपद के बैतालपुर स्थित बेलही ग्राम के चंद्र प्रकाश मणि त्रिपाठी व गोरखपुर स्थित जगतबेला क्षेत्र के डोहरिया निवासी अनुराग कुमार गौड़ कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के जज चयनित हुए। जज चुने जाने पर खिलाड़ियों ने इन्हें फूल मालाओं से लादकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस परीक्षा में उत्तर प्रदेश 75 जनपदों के कराटे कोचो ने हिस्सा लिया। लिखित व प्रैक्टिकल आधारित इस कड़े प्ररिक्षण में सबको पछाड़कर चंद्रप्रकाश व अनुराग राष्ट्रीय करांटे ऑर्गनाइजेशन के जज चुने गए। करांटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव एवं करांटे इण्डिया ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त सचिव क्योंशी जसपाल सिंह व वर्ल्ड करांटे ऑर्गनाइजेशन के अंतर्राष्ट्रीय कुमिते काता जज अनूप ने चंद्रप्रकाश मणि व अनुराग कुमार गौड़ को लाइसेंस व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# पालिका क्षेत्र में पाथवे निर्माण का हुआ शिलान्यास

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



पडरौना नगर के परशुराम नगर रविंद्रनगर धूस विकास भवन मार्ग पर पाथवे निर्माण का शिलान्यास नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देशन में उनके प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल द्वारा विधिवत पूजन कर किया गया ।ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय के अलावा जिला चिकित्सालय व जनपद न्यायालय होने के नाते हजारों की संख्या में प्रतिदिन फरियादियों, मरीजों और दैनिक कार्यो सहित प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े मामलों के निस्तारण के लिए लोगों का आवागमन उक्त मार्ग पर होता रहता है। आये दिन जाम की समस्या के साथ ही पैदल यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने बताया कि प्रतिदिन औसतन 30 से 40 हजार की संख्या में लोगों की सहूलियत के लिए रविंद्रनगर चौराहे से विकास भवन होते हुए चंद्रशेखर आजाद चौक तक मार्ग के दोनों तरफ जलनिकासी के लिए आरसीसी नाली तथा चौड़े पाथवे मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। नपा क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को पूरी तरह से विकसित करने को पहली प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने विभिन्न मार्गो पर हो रहे अन्य निर्माण कार्य की भी जानकारी दी।इस दौरान प्रमुख रूप से ईओ सन्तराम सरोज सभासद गण बबलू खरवार सभासद प्रमोद श्रीवास्तव,जेई रामबहादुर प्रसाद, आलोक विश्वकर्मा, संतोष चौहान सूर्यभान प्रसाद अंकित द्विवेदी,गब्बू शर्मा सुनील गुप्ता, दिनेश चौधरी, बबलू गुप्ता ,रितेश जायसवाल ,मनीष सिंह, पिंटू साह, संजय सिंघल, राहुल सिंह ,अरुण गुप्ता, अशोक पाण्डेय सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पश्चिम बंगाल के भाजपा कार्यकर्ता देवरिया जेल से हुए रिहा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



पश्चिम बंगाल के मालदा जिला निवासी भाजपा के सदस्य वीरन राय को देवरिया जेल से रिहा कर दिया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने राय को जेल से लाकर भाजपा कार्यालय पर रुकने और घर भेजने की व्यवस्था की है।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता वीरन राय को 8 वर्ष से फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दिया गया। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने भाजपा कार्यालय पर वीरन सिंह का स्वागत किया और बताया कि पश्चिम बंगाल से उनके परिवार वाले उन्हें लेने देवरिया आ रहे है, उन्हें सोमवार को उनके घर भेज दिया जाएगा। वहीं वीरेन राय जेल से छुटने के बाद अत्यंत भावुक हो गए, उन्होंने जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और भाजपा के कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया और कहा कि ये संगठन की ताकत है कि मुझ जैसा गरीब कार्यकर्ता इतनी दूर होने के बावजूद शनिवार को जेल से रिहा हो पाया। यहां के कार्यकर्ताओं का प्यार और स्नेह जीवनपर्यंत याद रखूंगा । इस अवसर पर जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, जितेंद्र सिंह, संजय पांडे, विजय बेलदार, अक्षय सिंह राजपूत, राहुल सिंह, यशवंत शाही आदि उपस्थित थे।

### आयुर्वेदिक अस्पताल में चपरासी कर रहा मरीजों का इलाज

# अस्पताल खुद है बीमार अव्यवस्थाओं का भरमार जरुरी दवाइयां नहीं है मौजूद

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के आयुर्वेदिक चिकित्सालय बरियावन को खुद इलाज की जरूरत है। यहां पर अव्यवस्थाओं की भरमार है। लोगों का इलाज करने वाला अस्पताल खुद बीमार है। यहां ना तो जरूरी दवाइयां है और ना ही अन्य सुविधायें चपरासी के सहारे अस्पताल में आने वाले मरीजों का इलाज हो रहा है। विभागीय अधिकारियों की उपेक्षा के चलते यहां जरूरी सुविधाओं का अभाव है।



बरियावन आयुर्वेदिक अस्पताल का संचालन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर के भवन में चल रहा है। वर्षों बीत गए लेकिन आज तक अस्पताल का अपना कोई भवन नहीं है। मरीजों का इलाज करने वाला अस्पताल आज खुद बीमार है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यहां पर ना तो चिकित्सक बैठते हैं और ना ही मरीजों की जरूरतों के हिसाब से दवाइयों की आपूर्ति की जाती है। यहां मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

अस्पताल में तैनात चपरासी राम रूप ही मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण करता है। यहां प्रतिदिन औसतन 50 से 60 मरीज इलाज कराने आते हैं। जबकि बुनियादी सुविधाओं के नाम पर कागजों में लाखों रुपए खर्च भी दिखाया जाता है। शनिवार को इलाज के लिए पहुंचे बूढ़नपुर के अरविंद, व अमौली के रामनाथ ने बताया कि यहां जब भी इलाज के लिए आते हैं। चिकित्सक नहीं मिलते है। जरूरी दवाइयों का भी अभाव रहता है। विवश होकर अप्रशिक्षित चिकित्सकों से इलाज कराना पड़ रहा है। आयुर्वेदिक जिला चिकित्सा प्रभारी जयप्रकाश यादव ने कहा कि मैन पावर की कमी है। अस्पताल में चपरासी का काम मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण करके दवा देना नहीं है यह गलत है इसकी जांच की जाएगी।

# परिवहन विभाग द्वारा बजाज चीनी मिल में चलाया गया जागरूकता अभियान



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के उतरौला तहसील क्षेत्र मे स्थापित बजाज हिंदुस्थान शुगर कंपनी इटई मैदा में शनिवार को परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर ट्रक तथा ट्राली ट्रैक्टर चालकों को जागरूक किया गया । जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर को सड़क सुरक्षा जन जागरण अभियान के तहत बजाज चीनी मिल इटई मैदा इटईमैदा में ट्रक ड्राइवर एवं ट्रैक्टर चालकों को कैंप लगाकर सहायक परिवहन अधिकारी बलरामपुर बृजेश कुमार यादव द्वारा विभिन्न सड़क सुरक्षा नियमों तथा सावधानियों से अवगत कराया गया। घने कोहरे से बचाव के लिए ट्राली और ट्रक के पीछे लाल कपड़े और रेडियम लगाने के निर्देश दिया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना आरपी शाही, गन्ना प्रबंधक योगेश त्रिपाठी, एचआर हेड बृजेश चंद मंडल, प्रशासनिक प्रबंधन केपी सिंह व अशोक कुमार पांडे सहित बड़ी संख्या में चीनी मिल के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। चीनी मिल के केन यार्ड में मौजूद ट्रक और ट्रालियों के पीछे लाल कपड़ा बांधा गया जिससे घने कोहरे में दुर्घटना को टाला जा सके।

# डीएम ने गन्ना तौल केंद्र का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

- कृषकों के लिए बैठने, शुद्ध पेयजल सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का निर्देश
- किसानों से की वार्ता , सिंचाई के साधन के बेहतर उपलब्धता हेतु तालाब योजना की दी जानकारी

शनिवार को जिले के डीएम पवन अग्रवाल द्वारा विकास खंड हरैया सतघरवा में गन्ना लाल केंद्र शिवपुरा बीह का निरीक्षण किया गया।इस दौरान उन्होंने ट्रैक्टर ट्रॉली पर गन्ने की तौल अपने समक्ष कराया। उन्होंने निर्देश दिया कि गन्ने की तौल पूरी पारदर्शिता से की जाए।

उन्होंने तौल केंद्र पर कृषकों के लिए बैठने , शुद्ध पेयजल आदि आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया।


दुर्घटना आदि से बचाव हेतु चीनी मिल के अधिकारी को गन्ना ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगवाए जाने का निर्देश दिया।

इस दौरान उन्होंने गन्ना तौला को आए कृषकों से हालचाल लेते हुए वार्ता की एवं सिंचाई के बेहतर उपलब्धता हेतु खेत तालाब एवं ड्रीप इरीगेशन की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार, तहसीलदार सदर व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# आज से लग रहे खर मास मांगलिक कार्यों पर रहेगा प्रतिबन्ध: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ**



ग्रहों के राजा सूर्य के गुरु की राशि धनु या मीन में प्रवेश करने के साथ ही खरमास का प्रारंभ हो जाता है। मान्यता है कि इन दिनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं किये जाते इसके साथ ही खरमास में पूजा पाठ, विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि जैसे मांगलिक कार्यों पर भी प्रतिबन्ध रहता है। वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार वर्ष में दो बार खरमास लगते है। जिसमें पहला खरमास मार्च से अप्रैल और दूसरा खरमास दिसंबर से जनवरी के बीच पड़ता है।आज रात 10-19 मिनट से सूर्य धनु राशि में प्रवेश करेंगे,सूर्य के राशि परिवर्तन को संक्रांति कहा जाता है,और जिस राशि में सूर्य प्रवेश करते हैं उसी राशि के नाम से संक्रांति का नाम दिया जाता है इस प्रकार यह सूर्य की धनु संक्रांति होगी जिसके साथ ही खरमास लग जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज से प्रारंभ होने वाले खर मास की अवधि एक माह तक यानि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने तक रहेगी जो कि अगले वर्ष 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति के साथ समाप्त होंगे।खरमास के दौरान भगवान सूर्य और विष्णु की आराधना से अनंत फल की प्राप्ति होती है। इस महीने में ब्राह्मण, गुरु, गाय और साधु-संन्यासियों की सेवा करने का भी विशेष महत्व बताया गया है,इसके साथ ही तीर्थ यात्रा एवं पवित्र नदियों में स्नान भी खर मास में करने विशेष महत्व है।

# नाबालिग लड़की की हत्या से सनसनी, चाकू से गोदकर की गई हत्या

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में शनिवार को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम समदा लोनिया पुरवा में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की हत्या की घटना के बाद क्षेत्र मे सनसनी फैल गई। हत्या मामले में नामजद आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर को समय करीब सुबह 9 बजे पीआरवी से सूचना मिली कि समदा लोनियन पुरवा में 16 वर्ष की लड़की की गांव के ही धर्मपाल चौहान उम्र 19 वर्ष ने चाकू मारकर हत्या कर दी है। घटना स्थल पर पहुंचे कोतवाली देहात पुलिस ने मृतका के शव को पंचायतनामा कराकर पीएम के लिए भेज दिया है । अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी धरमपाल चौहान को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है । मृतका के भाई हरीश चौहान पुत्र रामदीन की तहरीर पर थाना कोतवाली देहात पर सुसंगत धराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# टप्पल-बाजना में बनेगा मल्टी मॉडल लॉजिस्टक हब, जमीन चिह्नांकन शुरू

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ**

प्रोजेक्ट के लिए 1512 हेक्टेयर भूमि अर्जित की जाएगी। किसानों से भूमि लेने के लिए गाटा संख्या के अनुसार भूमि चिन्हित की जा रही है। किसानों को यीडा के माध्यम से इसका नोटिस दिया जा रहा है, इसमें किसानों से उनकी आपत्तियां भी ली जाएंगी।

वर्ष 2021 में आधारशिला रखे जाने के बाद जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट में बीती 11 दिसंबर को एक बड़े विमान का पहली ट्रायल उड़ान हुई। इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण तेज गति से होने के कारण यमुना एक्सप्रेस वे, अलीगढ़-पलवल हाईवे, अलीगढ़ के टप्पल कस्बे और आसपास के इलाकों में भी विकास रफ्तार पकड़ने लगा है।

वर्ष 2023 में यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की ओर से यमुना एक्सप्रेस वे पर टप्पल और बाजना के बीच मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब और अर्बन सेंटर बनाया जाना प्रस्तावित हुआ। अब यीडा ने इसके भूमि अधिग्रहण की सूचना अलीगढ़ जिला प्रशासन को भेजी है।

एडीएम प्रशासन पंकज कुमार ने बताया कि नियमानुसार भूमि अधिग्रहण में यीडा की मदद की जा रही है। इस प्रोजेक्ट के लिए 1512 हेक्टेयर भूमि अर्जित की जाएगी। किसानों से भूमि लेने के लिए गाटा संख्या के अनुसार भूमि चिन्हित की जा रही है। किसानों को यीडा के माध्यम से इसका नोटिस दिया जा रहा है, इसमें किसानों से उनकी आपत्तियां भी ली जाएंगी। जिनका निराकरण किया जाएगा। इसके बाद भूमि अधिग्रहण शुरू होगा। इसमें अधिकांश जमीन टप्पल की है, जिससे यहां के किसान भी जुड़े हैं।

# डॉ. सुनील मौर्या और डॉ. पूजा मौर्या शादी के पवित्र बंधन में बंधे, शुभकामनाओं का लगा तांता

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के प्रतिष्ठित डॉ. आर.एस. मौर्य (संस्थापक, मौर्य हॉस्पिटल, बसखारी) के भतीजे और मनीराम मौर्य (पूर्व ब्लॉक प्रमुख, गौर, बस्ती) के सुपुत्र डॉ. सुनील मौर्या (एमबीबीएस, एमएस) एवं प्रतापगढ़ सदर विधायक राजेंद्र प्रसाद मौर्य की सुपुत्री डॉ. पूजा मौर्या (एमबीबीएस) ने शादी के पवित्र बंधन में बंधकर जीवन के नए अध्याय की शुरुआत की। यह भव्य शादी समारोह शुक्रवार को



मौर्य रिजॉर्ट, प्रतापगढ़ में संपन्न हुआ। समारोह में प्रदेश भर से कई उच्च पदों पर तैनात गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। सरकारी अधिकारी, समाजसेवी, शिक्षाविद और राजनेता इस विशेष अवसर के साक्षी बने। यह विवाह दो प्रतिष्ठित परिवारों के मेल का प्रतीक रहा। डॉ. सुनील मौर्या, जो मौर्य हॉस्पिटल की उत्कृष्ट सेवाओं को आगे बढ़ा रहे हैं, और डॉ. पूजा मौर्या, जो चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा के लिए समर्पित हैं, ने इस शुभ दिन पर साथ रहने का संकल्प लिया।

मौर्य रिजॉर्ट में शादी का आयोजन बेहद भव्य और सांस्कृतिक परंपराओं के मेल का प्रतीक था। समारोह में मौजूद सभी लोगों ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

समारोह के दौरान हर किसी के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। परिवार, मित्र और शुभचिंतक नवदंपति को सुखद और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते नजर आए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने गरीब बच्चों को बांटा स्कूली बैग

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के अकबरपुर तहसील क्षेत्र के सुल्तानपुर तुलसीपुर गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गरीब बच्चों को मुफ्त में स्कूली बैग बांटा। स्कूली बैग पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम प्रति वर्ष गरीब बच्चों को मुफ्त में कापी किताब व स्कूली बैग बांटती है। भाजपा कार्यकर्ता विशाल कुमार के नेतृत्व में उक्त गांव में 70 गरीब बच्चों को मुफ्त में स्कूली बैग वितरित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा कार्यकर्ता विशाल कुमार ने कहा कि सुविधा संपन्न परिवारों के बच्चे तो नामी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर लेते हैं।




उनकी जरूरते आसनी से पूरी हो जाती है।लेकिन गरीब बच्चों के अभिभावकों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गरीब बच्चों की मदद करना पुनीत कार्य है। हम सभी को आगे बढ़कर गरीब बच्चों की मदद करनी चाहिए। उक्त अवसर पर विशाल समाजसेवी, आकाश, पंकज, इंद्रेश, रविंदर आदि मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-InEXT-197330-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-InEXT-155464-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.12.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-InEXT-109933-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.12.2024 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-InEXT-174932-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.12.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-InEXT-96839-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.12.2024 समय 11:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3836/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# शैक्षिक भ्रमण पर जा रहे बच्चों को विधायक ने प्रदान किया किट



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में शनिवार को जनपद स्तरीय सामुदायिक सहभागिता हेतु बच्चों के शैक्षिक भ्रमण के लिए लगभग 250 बच्चों को तीन बसों में हरी झंडी दिखाकर सदर विधायक पलटू राम ने रवाना किया । विधायक ने सभी बच्चों को खाद्य सामग्री से भरा किट भी प्रदान किया । जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर को शैक्षिक भ्रमण जाने से पहले बच्चों को फल, बिस्किट, पानी की बोतल एक बैग में सदर विधायक के द्वारा बच्चों को वितरित की गई । इस अवसर पर जिला समन्वय निरंकार पांडे, ए आर पी नगर अरुण कुमार मिश्रा, अरुण कुमार यादव, नोडल शिक्षक राहुल श्रीवास्तव, विश्व मोहन श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, सलमा खान, आमना खातून, श्रद्धा सिंह, प्रियंका वर्मा, उत्तम चंद, अनुज गिरी, मीनाक्षी त्रिपाठी, संगीता, बृजेश दुबे व सीताराम उपस्थित थे उपस्थिति रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

**आगरा।** पुलिस और लूट के आरोपी बदमाश के बीच में मुठभेड़ हो गई। शमसाबाद पुलिस, एसओजी ने बदमाश की घेराबंदी की। पुलिस पर फायरिंग के बाद जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ दिन पहले शमसाबाद में बदमाशों ने सहकारी समिति के सचिव से 2.70 लाख रुपए की लूट कर ली थी। पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए प्रयास कर रही थी। शुक्रवार रात को पुलिस को सूचना मिली कि लूट में शामिल एक बदमाश पुष्पेंद्र उर्फ भोला मेहरमपुर बाइपास के पास है।

## एसीपी मोहसिन ने विदेशी मेहमानों तक को नहीं बख्शा

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

एसीपी मोहसिन की आगरा में तैनाती के दौरान भी विवादों से नाता रहा। उन पर उस समय कमीशनखोरी के गंभीर आरोप लगते रहे। शिकायत के बाद उन्हें सीओ ताज सुरक्षा के पद से हटा दिया गया था।

कानपुर में एसीपी साइबर क्राइम व कलक्टरगंज मोहम्मद मोहसिन खान पर आईआईटी से पीएचडी कर रही छात्रा ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। मामले में कल्याणपुर थाने में केस दर्ज कराया गया है। एसीपी मोहसिन खान कानपुर में तैनाती से पहले आगरा में तैनात थे। सीओ ताज सुरक्षा रहने के दौरान उन पर गंभीर आरोप लगाए गए थे।

आगरा में तैनाती के दौरान मोहसिन की जिम्मेदारी ताज का दीदार करने आए विदेशी पर्यटकों को खरीदारी कराने, घुमाने और उनकी सुरक्षा की थी। विदेशी पर्यटकों के साथ दोस्ती कर उन्हें खरीदारी कराने के लिए वे ऐसी दुकान पर ले जाते थे, जहां मोहसिन का कमीशन सेट था।

इसके चलते मोहसिन मोटी कमाई कर रहे थे।

# थाना ललिया में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचकर डीएम ने सुनी जनता की शिकायतें



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

माह के दूसरे शनिवार पर जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डीएम श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में थाना लालिया में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।

थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने पैमाईश के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर किसी भी प्रकार से अवैध कब्जा न हो , यह लेखपाल एवं राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# पूरनपुर में मकान का ताला तोड़कर नगदी, जेवर सहित हजारों की चोरी




- शादी समारोह में गया था परिवार, चोरों ने रेकी के बाद की वारदात
- मौके पर पहुंची पुलिस ने जुटाई जानकारी, चोरों की तलाश में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

देर रात मकान का ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने नगदी, जेवर सहित हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गए। मकान का ताला टूटा देख पड़ोसियों ने सूचना गृहस्वामी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर जानकारी जुटाई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। चोरों का कोई भी सुराग नहीं लगा। नगर से सटे देहात क्षेत्र के मोहल्ला ढका जमीमा निवासी गुलिस्तां तीन दिन पूर्व पीलीभीत में रह रहे पिता शमसुल हसन के घर गई थी। पिता ताला की चाबी बनाने का काम करते हैं। शुक्रवार देर रात परिवार की गैरमौजूदगी में चोरों ने बंद घर में धाबा बोल दिया। मकान के गेट का ताला तोड़कर चोर घर में दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में रखा सोने का पेंडल, झुमकी, अंगूठी, जेवरी, चांदी के हथ के फूल, सहित पच्चीस हजार रुपए की नगदी घर में रखे कपड़े भी चोरी कर लिए। इन्वर्टर और बैट्रा भी चोरी करने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हुए। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गए। शनिवार सुबह पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखा तो खलबली मच गई। वारदात की जानकारी पर आस पड़ोस के दर्जनों लोग एकत्र हो गए। कमरे में सामान बिखरा पड़ा हुआ था। वारदात की जानकारी गृहस्वामी को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे कस्बा चौकी इंचार्ज ने जांच कर जानकारी जुटाई। पीड़ित की ओर से कार्रवाई के लिए तहरीर पुलिस को दी गई।

चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। कोतवाली इंस्पेक्टर नरेश कुमार त्यागी ने बताया कि घर में चोरी की सूचना मिली थी। पुलिस को मौके पर भेजा गया था। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, सड़क के किनारे पड़ा मिला शव



- हादसे की आशंका, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव
- देर रात बाइक से घर लौट रहा था युवक, परिजनों में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

संदिग्ध परिस्थितियों में बाइक सवार युवक की मृत्यु हो गई। शव सड़क के किनारे खेत में पड़ा मिला। हादसे में युवक की मृत्यु होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव पजाबा निवासी हरनारायण शुक्रवार देर रात नजीरगंज से घर वापस लौट रहा था। देर रात राहगीरों ने देखा तो नजीरगंज खेत के पास बाइक सवार युवक लहुलुहान पड़ा हुआ था।बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई थी।हादसे की जानकारी पर कई लोग एकत्र हो गए। राहगीरों ने घटना की जानकारी युवक के स्वजनों को दी। युवक के स्वजन मौके पर पहुंच गए। आनन फानन में बाइक सवार युवक को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घायल युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत के बाद से स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।थाना प्रभारी मृदुल कांत शुक्ला ने बताया कि युवक की पत्नी ने जानकारी दी कि पति को चक्कर आते थे। घटनास्थल पर सड़क के किनारे लगे तारों से टकराने के निशान मिले हैं। मृत युवक के कपड़े भी फटे हुए हैं। प्रथम दृष्टया गिरने से मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। बाइक को कब्जे में लिया गया है।

# बस से शादी में जा रही किशोरियों से छेड़छाड़



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि ग्यारह दिसंबर को उसके बेटे की शादी बहेड़ी रोड पर स्थित दियुरनिया के कटरहा ढाल आयुष बैंकट हॉल में गई थी। बस में बारातियों के साथ ग्रामीण की नातिन भी सवार थी।आरोप है कि गांव निवासी एक युवक ने किशोरियों के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकतें की। शादी के बाद घर लौटी किशोरियों ने मामले की जानकारी स्वजनों को दी।आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपितों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# सेंट जोसेफ़ के बच्चों ने देखी पुलिस की कार्य प्रणाली, हेल्प लाइन के नंबरों की दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



स्कूली बच्चों ने पुलिस के कार्यों को बारीकी से जानने के लिए कोतवाली पहुंच कर पुलिस कर्मियों से रूबरू होकर उनके कार्यों को जाना। बच्चों ने पुलिस के तमाम तौर तरीक़ों को देखा। उनको मुल्ज़िम पकड़ने के बाद की जाने वाली प्रक्रिया के बारे में बताया गया। नगर नगर के सेंट जोसेफ स्कूल के कक्षा सात ए के बच्चों ने पूरनपुर कोतवाली पहुंचकर पुलिस द्वारा किए जाने वाले कार्यों को बारीकी से देखा प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार त्यागी ने कोतवाली में होने वाले कार्यों को बताने के लिए बच्चों को कमरों का भ्रमण कराया। एस आई गजेंद्र सिंह ने बच्चों को विस्तार से पुलिस के कार्यों को समझाया। बढ़ते साइबर क्राइम पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज के दौर में साइबर अपराधी बहुत ही शातिर हो गए है इसलिए बहुत ही सावधानी की ज़रूरत है। सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि अगर अकॉउंट बनाना ही पड़े तो अपनी असली डीपी उस पर हरगिज़ न लगाएं ख़ासकर लड़कियां। इस बीच बच्चों ने कई सवाल पूछे जैसे कि अगर किसी को अगर रिपोर्ट लिखाना हो तो उसको क्या करना होता है इसके जवाब में बच्चों को कार्यालय दिखाया गया और बताया कि किस तरह कोई भी पीड़ित पुलिस स्टेशन आकर पुलिस की मदद ले सकता है। सभी हेल्पलाइन नम्बरों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन की ओर से शालिनी, सलोनी त्यागी स्कूल की ओर से सोशल सेल के कारज सिंह, रियाज़ अहमद खान व अंजुम खान मौजूद रहे।

## बीडीओ पर भाकियू कार्यकर्ताओं से अभद्रता का आरोप, विरोध में धरना प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर।** तहसील पहुंचे भाकियू टिकैत गुट ने खंड विकास अधिकारी शिरीष वर्मा के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया।आरोप था कि चकमार्ग की शिकायत करने पहुंचे भाकियू कार्यकर्ताओं से खंड विकास अधिकारी द्वारा अभद्रता की गई। शनिवार तहसील पहुंचे भाकियू कार्यकर्ताओं ने खंड विकास अधिकारी के खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। तहसील परिसर में धरने की जानकारी से हड़कंप मच गया। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को बताया कि 10 दिसंबर को वह ग्राम पंचायत लाह में चकमार्ग की पैमाइश में दोनों साइड में खडे यूकेलिप्टस के पेडों को कटवाने की मांग को लेकर खंड विकास अधिकारी से वार्ता के लिए पहुंचे थे।आरोप था कि खंड विकास अधिकारी ने कार्यकर्ताओं से अभद्रता की। कार्यकर्ता बीडीओ को बुलाने की जिद पर अड गए। कुछ देर बाद बीडीओ मौके पर पहुंच गए। उप जिलाधिकारी की मौजूदगी में दोनों में वार्ता के बाद विवाद खत्म हो गया।

## डीएम साहब एक नज़र इधर भी......

# देवीपुरा गौशाला के गौवंशों की लगातार हो रही दुर्दशा

- हिंदू महासभा ने थाना दिवस पहुंचकर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



शनिवार को अखिल भारत हिंदू महासभा कोतवाली में आयोजित थाना दिवस में पहुंचकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को देवीपुरा गौशाला में मृत गौवंशीय पशुओं को ट्रैक्टर से बांधकर खींचने के संबंध में शिकायती पत्र दिया।

बताते चले की जिले की देवीपुरा गौशाला में निरंतर अनियमितताएं सामने आ रही हैं जिसके संबंध में कुछ समय पूर्व भी हिन्दू महासभा ने जिलाधिकारी को फोटो के माध्यम से वहां की स्थिति से अवगत कराया था जिस पर उनके द्वारा प्रधान को नोटिस दिया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे पूर्व जून माह में भी हिन्दू महासभा ने देवीपुरा गौशाला में पशुओं की दुर्दशा को देखते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन भी किया था जिसके बाद शनिवार को एक वीडियो संगठन के कार्यकर्ता ने बनाकर वायरल करी जिसमें प्रधान मृत गौवंशीय पशुओं को ट्रैक्टर से बांधकर खींचता दिख रहा है जिसको देखने से गौसेवकों को अपने ऊपर बड़ा अफसोस सा महसूस हो रहा है कि ऐसे भी कोई हिन्दू गौवंशों के साथ हरकत कर सकता है योगी सरकार गौवंशों के लिए इतना योगदान भेज रही है। इस प्रधान के द्वारा योगी सरकार की गौ संरक्षण योजना को पलीता लगाने का कार्य किया जा रहा है। संगठन के द्वारा शिकायत करते हुए प्रधान के ऊपर इस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए तत्काल सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाने की मांग की गई है संगठन ने कहा है कि यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई तो अखिल भारत हिन्दू महासभा बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन करेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा ने कहा कि जिलाधिकारी उन गौशालाओं का निरीक्षण करते हैं जिनमें वो पहले से सूचना दे देते हैं। जिसके बाद उन गौशालाओं की व्यवस्था में सुधार करके निरीक्षण के फोटो भेज दिए जाते हैं लेकिन जब संगठन निरीक्षण करता है तो स्थिति कुछ और ही होती है अब एक इंसानियत को शर्मिंदा करने वाली स्थिति देवीपुरा गौशाला से सामने आई है अब देखना यह है कि जिलाधिकारी द्वारा इस मामले में क्या कार्रवाई की जाती है। यदि इस मामले में प्रधान पर एक सप्ताह के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो अखिल भारत हिन्दू महासभा जिलाधिकारी कार्यालय के सामने जिला स्तर पर आंदोलन करेगी। शिकायती पत्र देने के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, विपुल पांडेय, सर्वेश कुमार, अनिल कुमार, नरेंद्र श्रीवास्तव, अजय सक्सेना, जितेंद्र मौर्य, मनोज वर्मा, शिवओम राठौर, हृदयेश राठौर आदि लोग तत्काल मौके पर उपस्थित रहे।

## ए टी एम से पैसा निकाल रहे अधेड़ को बदमाशों ने लूटा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बेलवा बाजार से एटीएम से पैसा निकाल रहे एक अधेड़ से 20 हजार लूट कर भाग रहे कार सवार बदमाशों को ग्रामीणों ने पीछा कर मड़ियाहूं गोला बाजार से कार चला रहे एक बदमाश को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। तीन भीड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। बताया जाता है कि क्षेत्र के ककराही गांव निवासी आत्माराम यादव बेलवा बाजार स्थित हिताची एटीएम से 20हजार जैसे ही निकाले वहां पहले से खड़ा एक बदमाश उनके हाथ से पैसा व ए टी एम छीन कर आगे खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार में बैठकर भागने लगा। शोर मचाने पर वहां सामने के दुकानदार सचिन दुबे, अमन चौरसिया व सिरताज अली ने बाइक से कार का पीछा किया। बदमाश कार लेकर मड़ियाहूं पहुंच गए। रास्ते में एक बदमाश ददरा बाईपास पर तथा एक हनुमान बिल्डिंग के पास उतर कर भाग गया। उक्त युवक चोर चोर का शोर मचाते हुए गोला बाजार में जाकर गाड़ी को रोक लिए। गाड़ी में बैठा एक बदमाश भीड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।गाड़ी चला रहे एक बदमाश को पीछा कर रहे युवकों ने पड़कर पुलिस के हवाले किया ।मौके पर पहुंची पुलिस ने कार व बदमाश को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। कार में पुलिस का लोगो लगा हुआ है। कार का नंबर यू पी 70 सी वाई 3300 है। कार से काफी संख्या में एटीएम कार्ड व फिंगरप्रिंट डिवाइस व अन्य कई सामान बरामद हुए हैं।

# खेलों से खिलाड़ियों का होता है शारिरिक एवं बौद्धिक विकास-संजय सिंह गंगवार





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

गन्ना विकास एंव चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज शनिवार अपरान्ह को ऐमी स्थित चौधरी निहाल सिंह कालेज में आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के हैसियत से भाग लिया और समापन समारोह को सम्बोधित किया। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने अपने सम्बोधन में कहा की खेल जीवन के आवश्यक अंग है खेल प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों शारिरिक विकास होता है वही वौद्धिक क्षमता भी बढ़ती है उन्होनें इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं के समय-समय पर आयोजित किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया।



चौधरी जगवीर सिंह-प्रेमवती स्मृति क्रीड़ा प्रतियोगिता का जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह एवं कोषाध्यक्ष चौधरी हरेन्द्र सिंह ने फीता काट कर शुभारम्भ किया। इसके बाद कालेज में स्थित उनकी प्रतिमाओं पर माल्र्याण किया प्रतियोगिता के शुरूआत गतवर्ष चैम्पीयन रहे अमन कुमार ने मशाल जलाकर किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता में खो-खो, कब्बडी, बॉलीबाल, दौड़ 100 मी0, 200 मी0, 400 मी0, 600 मी0, 800 मी0, 1600 मी0, रस्सा कसी, फ्राग दौड़, गोला फेक, चक्का फेक, ऊची कूद, लम्बी कूद आदि प्रतियोगितायें करायी। इन प्रतियोगिताओं में 559 प्रतिभागियों ने भाग लिया 100 मी0 दौड़ में आशीष, योगेन्द्र, तनिश ने प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान 1600 मी0 दौड़ में बालक वर्ग में अमन वृजेश, शेखर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 1600 मी0 दौड़ दिशा, पायल, सुमन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार एवं ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने ने विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कार प्रदान किये।

प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में प्रेमपाल, राम सेवक आर्या, मोहन लाल एवं पी0टी0आई0 श्री संतोष, श्री रोहन, श्रीमती रेखा गंगवार, जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष पूरन लाल गंगवार, डा0 शैलेन्द्र, के0सी0 वर्मा, डी0पी0 गंगवार, राजवीर सिंह आदि रहे कार्यक्रम में कालेज प्राचार्य एस0पी0 सिंह0, इण्टर कालेज प्रधानाचार्य श्रीमती स्वपनिल जैन, चीफ प्राक्टर आदेश यादव, कृषि विभाग अध्यक्ष कुलदीप गंगवार, यशपाल, शिवानी कटियार आदि मौजूद रहे। कालेज अध्यक्ष चौधरी दिग्विजय सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने किसानों की कई समस्याओं को लेकर तहसील प्रशासन को ज्ञापन दिया। इसमें किसानों को पर्याप्त संख्या में गन्ना सप्लाई पर्ची देने, छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने, खतौनियों में अंश निर्धारण स्ही कराने आदि की मांग की गई है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि डिवीजन क्षेत्र में सुबह से शाम छह बजे तक दिन में कई बार बिजली कटौती होती है। इससे किसान गेहूं फसल की सिंचाई नही कर पा रहे हैं। पूरनपुर चीनी मिल बार- बार बंद हो रही है। किसानों को गन्ना सप्लाई पर्चियां भी नहीं रही है। चीनी मिल में मरम्मत के नाम पर हुए घोटाले की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई और पर्याप्त गन्ना सप्लाई पर्चियां दी जाएं। पूरनपुर तहसील में किसानों की खतौनियों में अंश निर्धारण में भारी त्रुटियां हैं। अंशों का सही निर्धारण और क्षेत्र में घूम रहे छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशालाओं में आश्रय दिया जाए। ज्ञापन में जनपद में नकली खरपतवार, जिंक, जाइम, खाद को लेकर छापामार अभियान चलाने, नगर के प्रमुख मार्गों के अलावा माधोटांडा रेलवे क्रासिंग पर रोजाना बनने वाली जाम की समस्या से निजात दिलाने की भी मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, सर्वेश कुमार, बालकराम, रूपराम, गोपाल वर्मा आदि शामिल रहे।

# खेलकूद बच्चों को प्रेरणा के साथ बच्चों के समग्र विकास में सहायक होते हैं- रमेश चंद्र मिश्र

- जौनपुर बना चैम्पियन चन्दौली द्वितीय व गाजीपुर तृतीय स्थान पर रहे।

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



बेसिक शिक्षा विभाग जौनपुर के आतिथ्य मे दो दिवसीय 46वी मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का समापन धूमधाम से बी.आर.पी. इन्टर कालेज मैदान में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र, विशिष्ट अतिथि प्रबंधक बीआरपी इ.का. हरिश्चंद्र श्रीवास्तव व दिलीप श्रीवास्तव रहे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह् प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि रमेश चन्द्र मिश्र विधायक बदलापुर ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चो को प्रेरणा देते हैं और उनके समग्र विकास मे सहायक होते हैं, उन्होंने प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में जौनपुर ने 304 अंक प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता, जबकि चन्दौली 266 अंकों के साथ दूसरे और गाजीपुर 193 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा जिन्हें ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। वाराणसी 173 अंको के साथ चौथे नम्बर पर रहा।

विभिन्न खेलों में रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमे खो-खो जूनियर बालिका वर्ग मे जौनपुर प्रथम, वाराणसी द्वितीय व बालक वर्ग मे वाराणसी प्रथम, जौनपुर द्वितीय रहे। खो खो प्राथमिक बालक वर्ग मे जौनपुर प्रथम, गाजीपुर द्वितीय, बालिका वर्ग मे गाजीपुर प्रथम, चन्दौली द्वितीय स्थान पर रहे।

दौड़ प्राथमिक 400 मीटर बालिका वर्ग मे आंचल चन्दौली प्रथम, पायल प्रजापति वाराणसी द्वितीय, अंशू गाजीपुर तृतीय व बालक वर्ग मे अनुराग कुमार चन्दौली प्रथम, आदित्य अब्राहम जौनपुर द्वितीय, रविकिशन गाजीपुर तृतीय व दौड़ 400 मीटर जूनियर बालक वर्ग मे शिवा सरोज जौनपुर प्रथम, आयुष वाराणसी द्वितीय, व बालिका वर्ग मे अंजलि पटेल वाराणसी प्रथम, बिन्दू पटेल जौनपुर द्वितीय, शालिनी चन्दौली तृतीय। दौड़ 200 मीटर जूनियर बालिका नैंसी यादव जौनपुर प्रथम, निशा गाजीपुर द्वितीय, महिमा कुमारी चन्दौली तृतीय व बालक वर्ग मे सतीश चन्दौली प्रथम, विशाल राजभर गाजीपुर द्वितीय, अंश गुप्ता वाराणसी तृतीय। 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग मे आकाश जौनपुर प्रथम, सतीश चन्दौली द्वितीय, राहुल गाजीपुर तृतीय। 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग मे निशा गाजीपुर प्रथम,सृष्टि सिंह द्वितीय, अंशिका सिंह जौनपुर तृतीय। बैडमिंटन बालिका में जौनपुर प्रथम, चन्दौली द्वितीय। बैडमिंटन बालक चन्दौली प्रथम, जौनपुर द्वितीय। समूह गान मे जौनपुर प्रथम, चन्दौली द्वितीय, गाजीपुर तृतीय। लोकगीत/लोकगीत में जौनपुर प्रथम, चन्दौली द्वितीय, गाजीपुर तृतीय। अंताक्षरी में जौनपुर प्रथम, गाजीपुर द्वितीय, वाराणसी तृतीय। एकांकी में जौनपुर प्रथम, चन्दौली द्वितीय, गाजीपुर तृतीय।

कुश्ती बालिका वर्ग मे 25 से 30 किलो भार मे कोमल पटेल जौनपुर प्रथम, नेहा बिन्द गाजीपुर द्वितीय। 31 से 35 किलो मे फूलमति चन्दौली प्रथम, प्रिया जौनपुर द्वितीय। 36 से 40 किलो मे सृष्टि सिंह वाराणसी प्रथम, खुशी शर्मा जौनपुर द्वितीय। 41 से 45 किलो दीक्षा पाल वाराणसी प्रथम, सुरभि जौनपुर द्वितीय। 46-50 किलो मे शशि पटेल वाराणसी प्रथम, शिवानी जौनपुर द्वितीय। कुश्ती बालक वर्ग 25 से 30 किलो में विनीत यादव चन्दौली प्रथम, शिवम यादव गाजीपुर द्वितीय, 31-35 किलो मे शिवम राजभर वाराणसी प्रथम, वारिस अहमद गाजीपुर द्वितीय। 36-40 किलो मे इन्दल जौनपुर प्रथम, दिवाकर यादव गाजीपुर द्वितीय। 41-45 किलो मे पवन यादव वाराणसी प्रथम, रविकान्त चन्दौली द्वितीय व 46-50 किलो में शिवम यादव वाराणसी प्रथम, लकी यादव जौनपुर द्वितीय स्थान पर रहे।

कबड्डी प्राथमिक बालक बालिका दोनो वर्ग में जौनपुर प्रथम, गाजीपुर द्वितीय। कबड्डी जूनियर बालक व बालिका वर्ग मे जौनपुर प्रथम, गाजीपुर द्वितीय स्थान पर रहे। लम्बी कूद प्राथमिक बालक वर्ग मे अमर यादव चन्दौली प्रथम, सावन वाराणसी द्वितीय, उत्तम गाजीपुर तृतीय। बालिका वर्ग मे संध्या गाजीपुर प्रथम, अंशिका जौनपुर द्वितीय, आंचल चन्दौली तृतीय। लम्बी कूद जूनियर बालक वर्ग मे आकाश चौहान जौनपुर प्रथम, सतीश चन्दौली द्वितीय, अनुराग वाराणसी तृतीय। लम्बी कूद बालिका वर्ग मे मुस्कान वाराणसी प्रथम, पूजा गाजीपुर द्वितीय, छोटी चन्दौली तृतीय। ऊंची कूद बालक वर्ग मे आर्यन जौनपुर प्रथम, प्रियांशु चन्दौली द्वितीय प्रिंस वाराणसी तृतीय। ऊंची कूद बालिका वर्ग मे पूजा गाजीपुर प्रथम, आरती चन्दौली द्वितीय, शेजल पाल जौनपुर तृतीय। जिम्नास्टिक्स बालिका वर्ग मे चन्दौली प्रथम, वाराणसी द्वितीय। बालक वर्ग मे गाजीपुर प्रथम, चन्दौली द्वितीय।

गोला प्रक्षेप बालक वर्ग मे प्रियांशु जौनपुर प्रथम, आरिफ मंसूरी चन्दौली द्वितीय, अभिनव गाजीपुर तृतीय। गोला प्रक्षेप बालिका वर्ग मे सोनू चन्दौली प्रथम, शिल्पा राव गाजीपुर द्वितीय, काजल वाराणसी तृतीय। चक्र-क्षेपण बालक वर्ग मे निखिल गिरि चन्दौली प्रथम, शिवम यादव जौनपुर द्वितीय, अमन चौहान गाजीपुर तृतीय व बालिका वर्ग मे ज्योति चन्दौली प्रथम, काजल जौनपुर द्वितीय, संजना गाजीपुर तृतीय स्थान पर रहे जिन्हें मेडल, प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान कर अतिथियों ने सम्मानित किया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।जिला व्यायाम शिक्षक रवि चन्द्र यादव, प्रियंका सिंह, राकेश यादव व अन्य जनपद एवं ब्लाकों के व्यायाम शिक्षकों ने प्रतियोगिता सफल बनाने मे विशेष योगदान दिया।

इस अवसर पर कई स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संचालन बीईओ रमेश चन्द्र पटेल, रिचा सिंह, सै मो मुस्तफा, प्रीति श्रीवास्तव, नुपुर श्रीवास्तव, शैलेश मिश्रा, मनीषी श्रीवास्तव, राम दुलार यादव ने किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा प्रमोद श्रीवास्तव, बीईओ नीरज श्रीवास्तव, बसन्त कुमार शुक्ल, विपुल उपाध्याय, रमाकांत सिंह, अश्वनी प्रताप सिंह, सुभाष गुप्ता, जनपद के सभी व मण्डल के कई खण्ड शिक्षा अधिकारी, सभी जिला समन्व्यक, विन्ध्वासनि उपाध्याय, राजू सिंह, प्रीति सिंह, डा संतोष तिवारी, प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला, जिलाध्यक्ष अमित सिंह, यूटा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, अध्यक्ष हेमंत सिंह, जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष डा अतुल प्रकाश यादव, जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, राष्ट्रीय शैक्षिक संघ जिला संयोजक सतेन्द्र सिंह राणा, महिला शिक्षक संघ अध्यक्ष अर्चना सिंह, टीएसटीसी अध्यक्ष अरविंद यादव, पीएसपीएसए जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, सहित मंडलीय पदाधिकारी एसआरजी, एआरपी , शिक्षक छात्र आदि उपस्थित रहे।

# बाराबंकी की सियासत बिल्कुल काफी की तरह है... कहीं गरम तो कहीं नरम

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



शहर में एक निजी प्रतिष्ठान के उद्घाटन समारोह में दिखे समाजवादी पार्टी के चार बड़े दिग्गज नेता एक साथ सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरें तो शुरू हो गई राजनीतिक चर्चाएं ऐसा बहुत कमी होता है जब चारों नेता एक साथ एक ही महफिल में देखने को मिले मौके तो कई मिलते हैं लेकिन इस तरह की तस्वीर बहुत ही काम देखने को मिलती है तस्वीर में पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, सदर विधायक सुरेश यादव, चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह वर्मा ये सभी नेता सपा के दिग्गज नेताओं में शुमार है लेकिन कभी कभी गुटबाजी जैसी खबरें भी काफी की चुस्कियां की तरह सुनने को मिल जाती है लेकिन सपा की एकता चुनाव में देखने को मिलती है तभी तो बाराबंकी जिले को सपा का गढ़ भी कहा जाता है वैसे प्रस्तुत तस्वीर को आप देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि कौन क्या कर रहा है

- **जाड़े में आता है काफी का मजा तो सुनने को मिलती है चुस्कियो की आवाज**

हमारे सुरेंद्र चाचा काफी का दीदार कर रहे हैं पूर्व मंत्री राकेश वर्मा हाथों में काफी लिए इंतजार कर रहे हैं पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप कॉफी का लुत्फ उठा रहे हैं तो सदर विधायक सुरेश यादव कॉफी पी चुके हैं पूर्व विधायक रामगोपाल रावत कॉफी को लेकर विचार कर रहे हैं

तो आप शहर की राजनीति का अंदाजा भी लगा सकते हैं और गरमा गरम कॉफी का जाड़े में लुत्फ भी उठा सकते हैं।

## डायट में तीन दिवसीय अंग्रेजी रिमीडियल प्रशिक्षण हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस । बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में चल रहे तीन दिवसीय अंग्रेजी भाषा की रिमीडियल टीचिंग पर आधारित प्रशिक्षण के प्रथम बैच का समापन शनिवार को हुआ। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को रिमीडियल शिक्षण के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना और छात्रों में अंग्रेजी भाषा कौशल को सुदृढ़ करना है। प्रशिक्षण में संदर्भदाता के रूप में एसआरजी आशीष श्रीवास्तव और उमा शंकर ने रेमीडियल कक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि रेमेडियल शिक्षण कमजोर छात्रों के लिए किस प्रकार सहायक सिद्ध हो सकता है। एआरपी अविनाश चंद्र दुबे और संदीप सिंह ने नेमिंग वर्ड्स, सिंगुलर-प्लूरल और जेंडर जैसे विषयों पर चर्चा की। संदर्भदाता संजय चौहान और शशि वर्मा ने वाक्य रचना के विकास पर अपने विचार प्रस्तुत किए। एसएन पाण्डेय और संतोष सिंह ने टीचिंग कंपोजिशन के विभिन्न तरीकों और महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डॉ. रविनाथ त्रिपाठी ने बताया कि यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण था, जिसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग विषयवस्तु पर केंद्रित सत्र आयोजित किए गए। इस प्रकार के प्रशिक्षण शिक्षकों की क्षमता विकास में सहायक सिद्ध होंगे और बच्चों की शैक्षणिक दक्षता में सुधार करेंगे।

## सुपर स्पेशलिटी रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ओपीडी अस्पताल की शुरुआत

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर



मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पटपड़गंज ने आज सहारनपुर के तारावती अस्पताल के साथ मिलकर रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। यह पहल सहारनपुर और आसपास के क्षेत्रों में कैंसर मरीज़ों के लिए विशेष उपचार को सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉक्टर रजनीश कुमार ने कहा कि ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डॉ.रश्मि शुक्ला की उपस्थिति में हुआ। डॉ. शुक्ला अब हर महीने के दूसरे और चौथे गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगी। इन ओपीडी सेवाओं के माध्यम से अस्पताल का उद्देश्य कैंसर मरीज़ों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली रेडिएशन थेरेपी को उनके घर के पास सुलभ कराना है, जिससे समय पर प्रभावी उपचार सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डॉ.रश्मि शुक्ला ने कहा, इन ओपीडी सेवाओं का उद्देश्य कैंसर से संबंधित लक्षणों जैसे शरीर में गांठें, खून की उल्टी, निगलने में कठिनाई, वजन कम होना और अन्य गंभीर स्थितियों के लिए परामर्श और उपचार प्रदान करना है। हमारी आशा है कि इस ओपीडी के माध्यम से अधिक से अधिक मरीज़ों को समय पर सही निदान और उपचार का परामर्श मिल सके। इस रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं के माध्यम से व्यापक परामर्श, उपचार योजना और नवीनतम रेडिएशन थेरेपी तकनीकों द्वारा फॉलो-अप देखभाल प्रदान करेगा। सहारनपुर में इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पटपड़गंज की विश्व स्तरीय कैंसर देखभाल सेवाओं को सुलभ बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मैक्स हेल्थकेयर पूरे क्षेत्र में लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लिए अभिनव और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं के प्रति समर्पित है।

# उन्नाव जीआरपी पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के दो चोरों को पकड़ा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत व पुलिस उपमहानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रशांत वर्मा के आदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक रेलवे द्वितीय हृषीकेश यादव के कुशल निर्देशन में दिनांक 14.12.2024 को थाना जीआरपी उन्नाव, अनुभागीय सर्विलांस टीम व आरपीएफ चौकी सीपीबी की संयुक्त टीमो द्वारा सदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की चेंकिग व गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन गंगाघाट के प्लेटफार्म न.1 के पर उन्नाव की तरफ बने टीनशेड के नीचे पढी बेन्च से अभियुक्त जनवरी कुमार मंडल पुत्र दरोगा मंडल निवासी ग्राम बाबूपुर पोस्ट बाकरपुर थाना पीरपैन्ती जनपद भागलपुर बिहार उम्र करीब बीस वर्ष, मनोज कुमार मंडल पुत्र अरूण कुमार मंडल निवासी ग्राम बाबूपुर पोस्ट बाकरपुर थाना पीरपैन्ती जनपद भागलपुर बिहार उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी के कुल 16 अदद मोबाइल विभिन्न कम्पनियों के बरामद हुए। जिनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 33/2024 धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्तगण उपरोक्त न्यायिक हिरासत में जिला कारागार उन्नाव भेजा गया गिरफ्तार करने वाली टीम में रुप उ0नि0 राममोहन थाना जीआरपी उन्नाव उ0नि0अनिल यादव थाना जीआरपी उन्नाव हे0का0 हे0का0 असमोद कुमार थाना जीआरपी उन्नाव का0 धर्मेन्द्र कुमार यादव थाना जीआरपी उन्नाव के साथ अन्य उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अभिषेक सिंह छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सहरी एवं कंपोजिट विद्यालय बिरौली में वार्षिकोत्स एवं दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सिरौलीगौसपुर संजय कुमार ने मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शासन की मंशा के अनुरूप विकास खंड सिरौलीगौसपुर के दोनों चयनित पीएम श्री विद्यालयों में छात्रों की विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिता कबड्डी, खो खो, रिले रेस, दौड़ का आयोजन हुआ एवं इसके साथ ही छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। विजयी एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर सतगुरू शरण, रमेश कुमार, सचिन जायसवाल, सफीक अहमद, रकीम अंसारी, सचिन वर्मा, कुंवर वरुण, बलराम यादव, राकेश कुमार, दुर्गेश, राहुल गुप्ता, दौलत राम, कुलदीप त्यागी, कमरुज्जमा, राजन आदि षिक्षक मौजूद रहे।

## मजबूत इरादे हों तो सफलता निश्चित है- ओम प्रकाश सिंह

जन एक्सप्रेस । बस्ती



आज शनिवार को हरैया विधानसभा के संत तुलसीदास इंटर कॉलेज बस्थनवाँ के परिसर में सफलता की कुंजी अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन हरैया विधायक अजय सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार पाठक की नेतृत्व में सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के विद्यार्थी हैं यदि आप सभी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंको से उत्तीर्ण हो जाते हैं तो यह भी सफलता है। लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए यह नीव है यदि आप अपने हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कक्षाओं के विषय वस्तु को मजबूती से तैयार करेंगे तो निश्चित तौर पर आपका भविष्य उज्जवल होगा। कहा कि सफलता का अर्थ बहुत ही व्यापक है। यदि इरादे मजबूत हो तो सफलता पक्की है। विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी विषय को नजरअंदाज ना करें बल्कि सभी विषयों को समान रूप से पढ़ें तभी आपके अच्छे अंक आएंगे। कहा कि आप सभी एक लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें और आज ही लक्ष्य बनाएं क्योंकि जिंदगी में कल कभी नहीं आता है। कहा कि आप सभी विद्यार्थी हैं जो भी सपना देखेंगे और पूरे मनोयोग से मेहनत करेंगे तो निश्चित है आप सभी के सपने पूरे होंगे।

थानाध्यक्ष परशुरामपुर दिनेश कुमार चौधरी ने कहां की सकारात्मक सोच व कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। संत तुलसीदास के प्रधानाचार्य विनोद पाठक ने कहा कि सफलता पाने के जरूरी है कि लक्ष्य निर्धारित करके कड़ी मेहनत करना चाहिए, और विद्यार्थियों को चाहिए कि वह अपनी कमजोरियो का आकलन करें तथा कमजोरियो को पहचान करके उस पर काम करें। तथा विद्यार्थियों को हमेशा सकारात्मक सोच रखना चाहिए।

इस अवसर पर लक्ष्मण पाण्डेय, सन्तोष कुमार शुक्ल, श्याम शंकर पाल, पुरुषोत्तम आर्य, अशोक गुप्ता, विनोद कुमार त्रिपाठी, विनोद कुमार, आशुतोष श्रीवास्तव, अवधेश कुमार पाण्डेय, शशि भूषण सिंह, सर्वेश कुमार पाण्डेय, मोहम्मद सफी, निर्मल सिंह आदि मौजूद रहे।

## श्री राजकुमारी राठी ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय उन्नाव द्वारा आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम खुशियां आपके द्वार का शुभारंभ स्थानीय गेस्ट हाउस के प्रांगण में हुआ जिसमें माउंट आबू राजस्थान से मुख्य वक्ता के रुप में पधारे प्रोफेसर ओंकार चन्द और विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारी जिलाधिकारी उन्नाव की माता राजकुमारी राठी एवम् अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने जीवन में खुश रहने के तरीके बताते हुए कहा कि खुशी हमारे अंदर होती है हम खुशियां बाहर के भौतिक संसाधनो में ढूंढते है बाहरी साधन हमे आराम देते है खुशी नहीं देते जब तक हम अपने मन के विचारों और इच्छाओं पर अंकुश नहीं लगाएंगे तब तक हमे जीवन में असली खुशी नहीं मिल सकती। इस पुनीत अवसर पर प्रमुख रूप से राकेश सिंह विनय दीक्षित बाबूलाल यादव कांति मोहन गुप्ता रेखा सिंह पुत्तन लाल पाल के अलावा तीन सैकडा लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रजापिता कन्याकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उन्नाव की संचालिका ब्रह्म कुमारी कुसुम बहन ने दी और बताया हमें रहना चाहिए।

## बसारा पहुंचे जिला न्यायाधीष, किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। जिला न्यायधीश पंकज सिंह ने ग्राम बसारा में प्रस्तावित ग्राम न्यायालय की भूमि का निरीक्षण किया उनके साथ कई न्यायिक अधिकारी और बार संघ के पदाधिकारी भी मौजूद दिखाई दिये। अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय ग्राम चक काजीपुर और खेरिया की सरकारी जमीनों पर बनाये जाने की मांग की है। मालुम हो कि शनिवार को प्रातः करीब 11 बजे जनपद न्यायधीश पंकज सिंह ग्राम बसारा में प्रस्तावित की गयी ग्राम न्यायालय की भूमि का निरीक्षण किया, और आसपास के आवागमन तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण तथा पर्याप्त स्वच्छ वातावरण का स्थान सुविधाजनक होना चाहिये। आवागमन के दृष्टिकोण से अधिवक्ताओं को ग्राम खेरिया और राजस्व ग्राम चक काजीपुर की खाली पडी सरकारी जमीन पर यदि ग्राम न्यायालय बना दिया जाता है तो अधिवक्ताओं को कोई दिक्कत नही होगी और इस स्थान से प्रस्तावित आउटर रिंग रोड एन एच 727 भी पास में ही पडता है। अधिवक्ताओं के इस विचार पर जिला न्यायधीश ने उपजिलाधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा को निर्देशित किया कि ग्राम खेरिया व चक काजीपुर की प्रस्तावित भूमि की एक विस्तृत रिपोर्ट बनाकर भेजी जाये जिससे ग्राम न्यायालय की स्थापना इस तहसील में हो सके।

इस मौके पर अपर जिला जज व जनपद न्यायालय की अवस्थापना समिति के अध्यक्ष राजीव माहेश्वरम, ग्राम न्यायालय के न्यायधीश ललित सिंह,

एसडीएम राजेश विश्वकर्मा, नायब तहसीलदार अंकिता पाण्डेय, बार संघ अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम, महामंत्री संजय सिंह नम्बरदार, राजीव नयन तिवारी, प्रेमचन्द्र पाल, राकेश श्रीवातस्तव, इन्द्रेश शुक्ला, ओमप्रकाश यादव, सर्वेश श्रीवास्तव, पुलकित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## बिल्हौर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ने रैन बसेरा भ्रमण कर दुरुस्त कराई व्यवस्थाएं




जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा ने दो दिन पहले रैन बसेरा का भ्रमण कर उसमें जरूरी चीज दुरुस्त कर शनिवार को चालू करवा दिया है वहां पर 5 चारपाई, बिस्तर रजाई आदि व्यवस्थाएं तैयार मिलेगी उन्होंने बताया कि देर से आने वाले यात्री इधर-उधर भटकते रहते हैं और उनका गांव क्षेत्र दूर होने की वजह से वहां वह पहुंच नहीं पाते हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप पर पूरी रात गुजारा करना पड़ता था जिसको देखते हुए नगर पालिका परिसर में रैन बसेरा चालू करवा दिया गया है और अगर उस मुसाफिर के पास में भोजन व्यवस्था नहीं होगी वह भी व्यवस्था कराई जाएगी। केयरटेकर दीपक कुमार को नियुक्त किया गया है जिनका मोबाइल नंबर 63070350 72 है जिनके नंबर पर बात कर सकता है कोई भी यात्री और सुविधाएं वहां पर मिलेंगी।

## ग्रामीणों ने बिलिका को बचाया

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** हाइवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा निवासी फूलचंद्र की 18 वर्षीय बेटी नेहा शनिवार को एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। खेतों की ओर जा रही नेहा त्रिभुवन खेड़ा पुलिया में बने गहरे गड्ढे में गिर गई और करीब तीस फीट नीचे चली गई। हादसे के समय नेहा पुलिया पर से गुजर रही थी। पुलिया पर कई जगह बने गड्ढों के कारण वह संतुलन खो बैठी और एक गहरे गड्ढे में जा गिरी। आसपास के लोगों ने नेहा को गिरते हुए देखा और तुरंत परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों ने मिलकर नेहा को गड्ढे से बाहर निकाला और उसे प्राथमिक उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले गए। नेहा की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# उत्तरीपूरा दबंग राइस मिल मालिक ने कर्मचारी पर जानलेवा हमला किया, किस्मत से बच गया



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

**राइस मिल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय शुक्ला ने बताया कि राइस मिल में सहयोग से कभी-कभी झगड़ा हो जाता है जो एक नजीर बन जाता है हमारी उनसे बात हुई है सुबह लेकिन उनका कोई ऐसा उद्देश्य नहीं है उन्होंने बताया है कि दो ठेकेदार आपस में लड़े हैं जब उनसे यह पूछा गया कि इस तरह से मिल मालिक बदनाम हो रहे हैं कि एक ही जगह पर मजदूरों के साथ में हत्या से लेकर मरणासन तक पहुंचाया जाता है ऐसा क्या है वहां पर और ऐसे क्या उनकी सरकार से पहुंच जिसके चलते वह दबंगई कर रहे हैं उन्होंने बताया कि हम उनको बुलाकर उनसे इस संबंध में कमेटी बनाकर जांच कराई जाएगी जिससे मजदूरों के साथ में अन्याय ना हो और मिल मालिकों का भी अपमान ना हो।**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपुरा के हलवाई चर्चित राइस मिल मालिक ने फिर एक मजदूर पर जानलेवा हमला किया लेकिन वह किस्मत से बच गया। एक दलित मजदूर को दबंग राइस मिलर द्वारा कारखाने में बंद कर मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने पुलिस में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में नदीहा रोड के शांती नगर निवासी मजदूर सोनू ने कहा कि मालिक ने गोदाम के अन्दर उसे जान से मारने की कोशिश की। वह कारखाने में ठेकेदारी करता था। उसने घर से एक लाख रूपया लेबरों को बांटा है। बिना पैसा दिये वहां से भगा दिया है। वह अतिन गुप्ता उर्फ गोविन्द गुप्ता के राइस मिल में मजदूरी करता था। बताया कि इसी काम में उसकी मुनीम अजय सिसोदिया से काम के विषय मे कहासुनी हो गई। इतने में मुनीम ने मेरा गिरेबान पकड़कर गाली गलौज किया व जान से मारने की धमकी देकर वहाँ से निकाल दिया। मैने डर की वजह से मजदूरों से काम बन्द करा दिया। इसके पश्चात राइस मिल मालिक गोविन्द गुप्ता व कुछ अन्य व्यक्ति मेरे पास आए और मुझे गोदाम और कमरे के अन्दर ले गए। वहां जूतों, हाथो , लोहे की रॉड से मारा पीटा है और धमकाते हुए जाति सूचक गालियां देते हुए कहा कि यदि आज के बाद यहाँ दिखा तो तुझे जमीन में गाड़ दूंगा। जिस तरह से एक को जान से मारा था उसी तरह तुम्हे भी मार दूंगा और तुम लोग मेरा कुछ नहीं कर पाओगे। कह रहे थे कि तुम्हारे पास क्या सबूत है कि हमने मारा है तुम्हारी कौन गवाही देगा और तुम्हारे सारे लेबरों को बोला है कि तुम लोग काम करो। मालिक ने लेबर को पैसा देकर अपने कब्जे में कर लिया है। एक लेबर हमे मारने का विडियो बना रहा था तो उसका मोबाइल तोड़ दिया। कैमरे की जाँच करवाई जाए। 12 बजे से लेकर 6 बजे शाम तक की प्रार्थी को हमेशा जाति सूचक गाली गलौज किया करते है।

आरोप है कि इस सम्बन्ध में उसने उत्तरीपूरा चौकी में दिनांक 21.11.2024 को प्रार्थना पत्र दिया था। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

जब वह एसीपी से मिला उसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। कोतवाल अशोक कुमार सरोज ने बताया मुकदमा पंजीकृत कर दबंगों की तलाश के लिए टीम लगा दी गई है जल्द गिरफ्तारी होगी।

## कोतवाली गंगा घाट में समाधान दिवस का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जहां क्षेत्रीय जनता ने अपनी समस्याएं लेकर कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा, जो मुख्य रूप से भूमि विवाद और राजस्व से संबंधित थे। हालांकि, समाधान दिवस में जिले से कोई भी अधिकारी उपस्थित नहीं हुआ, जिससे फरियादियों में निराशा का माहौल था।

कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने खुद ही सभी समस्याओं को सुना और उन पर चर्चा की। इस दौरान, अधिकांश मामले जमीन और राजस्व संबंधित पाए गए, जिनमें लोग अपनी भूमि से जुड़ी समस्याओं का समाधान चाहते थे। कोतवाली प्रभारी ने इन मामलों के समाधान के लिए संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि कुल 19 मामलों में से 17 राजस्व से संबंधित थे, जबकि 2 मामलों में पुलिस का हस्तक्षेप था।

# खड़े यात्रियों को ट्रक ने मारी टक्कर, दो की मौत और चार घायल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

कन्नौज जिले में दिल्ली से नेपाल काठमांडू जा रही नेपाल-भारत मैत्री बस सेवा 31 सवारियां लेकर जा रही थी। शुक्रवार रात एक बजे के करीब बस हीट होने कारण चालक ने खड़ी कर दी। बस से उतर कर खड़ी सवारियों को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। सभी घायलों को मेडिकल कॉले, तिर्वा भेजा गया है।

नेपाल जिला सप्लाई थाना लालगढी जनकपुर आंचल निवासी चालक पुष्कर थापा पुत्र श्रीराम बहादुर थापा



दिल्ली से 31 सवारियों को लेकर नेपाल काठमांडू जा रहा था। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे थाना तालग्राम के रनवा गांव के पास हीट होने के कारण चालक बस खड़ी कर रेगुलेटर में पानी डाल रहा था। कुछ सवारियां बस से उतर कर नीचे खड़ी हो गई। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने सवारियां को टक्कर मार दी।

### मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है

हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हुए हैं। जानकारी होने पर यूपीडा सहायक सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कनौजिया, थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेजा गया, जहां दो लोगों को डॉक्टरों पर ने मृत घोषित कर दिया। एसओ ने बताया कि दो की मौत हुई है और चार घायल हुए हैं। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी परिवार पर साधा निशाना, कहा

# कुविचार, कुरीति, कुनीति इनकी परंपरा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा में पीएम मोदी ने संविधान के 75 वर्ष के गौरवशाली यात्रा पर बहस में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस और गांधी परिवार पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा- कांग्रेस के एक परिवार ने संविधान को चोट पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। देश के लंबे इतिहास में एक ही परिवार ने राज किया है। इस परिवार के कुविचार, कुरीति, कुनीति, इसकी परंपरा निरंतर चल रही है। हर स्तर पर इस परिवार ने संविधान को चुनौती दी है।

### संविधान निर्माताओं का भी अपमान हुआ था- पीएम

पीएम मोदी ने आगे कहा- 1947 से 1952 इस देश में चुनी हुई सरकार नहीं थी। एक अस्थायी व्यवस्था, एक सेलेक्टेड सरकार थी। चुनाव नहीं हुए थे। एक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर खाका खड़ा हुआ था। 1952 के पहले राज्यसभा का गठन नहीं हुआ था। जनता का कोई आदेश नहीं हुआ था। अभी अभी तो संविधान निर्माताओं ने संविधान बनाया था। तब उन्होंने ऑर्डिनेंस कर के संविधान को बदला और किया क्या- अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला कर दिया गया। ये संविधान निर्माताओं का भी अपमान था। लेकिन वहां उनकी चली नहीं। बाद में जैसे ही मौका मिला, उन्होंने अभिव्यक्ति की आजादी का हथौड़ा मार दिया। वो जो संविधान सभा में नहीं करवा पाए, वो उन्होंने पीछे के दरवाजे से किया। जो चुनी हुई सरकार के नेता नहीं थे, उन्होंने ये किया।

### 'कांग्रेस के मुंह लगा संविधान संशोधन का खून'

पीएम मोदी आगे कहा कि, संविधान संशोधन का ऐसा खून कांग्रेस के मुंह लग गया कि वो समय-समय पर इसका शिकार करती रही। छह दशक में करीब 75 बार संविधान को बदला गया। देश के पहले प्रधानमंत्री के बाद एक पाप इंदिरा गांधी ने किया। उन्होंने 1975 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटा था। अदालतों से उनका अधिकार छीन लिया गया था। कोई रोकने वाला था नहीं। इसलिए जब इंदिरा जी के चुनाव को अदालत ने खारिज कर दिया और उनको सांसद पद छोड़ने की नौबत आई, तो उन्होंने गुस्से में देश पर इमरजेंसी थोप दी। अपनी कुर्सी बचाने के लिए और उसके बाद 1975 में 39वां संशोधन किया और उसमें उन्होंने क्या किया- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अध्यक्ष इनके चुनाव के खिलाफ कोई कोर्ट में जा ही नहीं सकता, ऐसा नियम बनाया और इसे पीछे के लिए भी लागू कर दिया।

### पीएम मोदी ने किया नेहरू जी की चिट्ठी का जिक्र

पीएम मोदी ने कहा- नेहरू जी ने उस दौरान एक चिट्ठी लिखी थी। अगर संविधान हमारे रास्ते में आ जाए तो हर हाल में संविधान में परिवर्तन करना चाहिए। जब देश में संविधान नहीं था। तब राजेंद्र प्रसाद जी ने चेताया था कि यह गलत कर रहे हो। तब हमारे स्पीकर ने भी इसे गलत बताया था। आचार्य कृपलानी, जयप्रकाश नारायण जैसी बड़ी शख्सियतों ने भी इसे गलत करार दिया। लेकिन नेहरू जी का अलग संविधान चलता था। इसलिए उन्होंने इतने वरिष्ठ महानुभावों की सलाह नहीं मानी और उनकी राय को दरकिनार कर दिया।

### आज 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया

पीएम ने कहा कि बड़ी-बड़ी कथाएं सुनाने वालों ने आजादी के कई दशक के बाद भी आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय नहीं बनाया गया। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में यह काम किया गया। मछुआरों, सहकारिता के लिए हमने काम किया। अलग मंत्रालय बनाया। अलग कौशल मंत्रालय बनाया। ताकि युवा तैयार हों। पूर्वोत्तर के विकास के लिए हम काम कर रहे हैं। हमने लैंड रिकॉर्ड के लिए स्वामित्व योजना बनाई। पिछले 10 वर्ष में हमने गरीब को मजबूती दी, उसमें आत्मविश्वास पैदा किया। आज 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। मैं संविधान के तहत काम कर रहा हूं।

### हमने टॉयलेट बनाए तो मजाक उड़ाया गया

यहां जुमले की बहुत बातें होती हैं। इस देश का सबसे बड़ा जुमला था- गरीबी हटाओ। यह इतना बड़ा जुमला था कि गरीबी की बातें तो होती थीं, लेकिन उनके लिए कांग्रेस को एक टॉयलेट बनाने की फुरसत नहीं थी।

### नेहरू, इंदिरा और राजीव पर पीएम हमला

पीएम मोदी ने आगे कहा- यह परंपरा यही पर नहीं रुकी, नेहरू ने जो शुरू किया था, जिसे इंदिरा गांधी ने आगे बढ़ाया, इसी वजह से राजीव गांधी की सरकार उस वृद्ध महिला से हक छीन लिया था जिसे कोर्ट ने हक दिया था। शाहबानो की भावना, कोर्ट की भावना को राजीव गांधी ने नकार दिया था, उन्होंने संविधान को कुचल दिया था। उन्होंने न्याय के लिए एक बूढ़ी महिला का साथ नहीं दिया बल्कि कट्टरपंथियों के साथ चले गए, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। लेकिन बात यहां पर नहीं रुकी। संविधान के साथ खिलवाड़ करने का लहू उनके मुंह पर लग चुका था।

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का जिक्र

अपने भाषण में पीएम मोदी ने कहा- मेरे से पहले जो प्रधानमंत्री थे, एक किताब में उनका वक्तव्य लिखा था। मुझे ये स्वीकार करना होगा कि पार्टी अध्यक्ष सत्ता का केंद्र है। सरकार पार्टी के प्रति जवाबदेह है। इतिहास में पहली बार चुने हुए प्रधानमंत्री के ऊपर एक गैर-संवैधानिक और जिसने कोई शपथ नहीं लिया था। नेशनल एडवायजरी काउंसिल, पीएमओ के ऊपर बिठा दिया था।

### राहुल गांधी पर पीएम मोदी का निशाना

पीएम मोदी ने आगे कहा- इतना ही नहीं और एक पीढ़ी आगे चलें तो उस पीढ़ी ने भारत के संविधान के तहत देश की जनता जनार्दन देश की सरकार चुनती है। उस सरकार का मुखिया कैबिनेट बनाता है। इस कैबिनेट ने जो निर्णय किया। संविधान का अपमान करने वाले अहंकार से भरे लोगों ने पत्रकारों और कैमरों के सामने कैबिनेट के उस फैसले को फाड़ दिया। संविधान के साथ खिलवाड़ करना, उसे न मानना, ये उनकी आदत हो गई थी। और दुर्भाग्य देखिए- एक अहंकारी व्यक्ति कैबिनेट के फैसले को फाड़ दे और कैबिनेट अपना फैसला बदल दे। ये कौन सी व्यवस्था है।

## आग से सैंकड़ों झुग्गियां जलकर हुई राख, कोई हताहत नहीं

- 2 बकरियां जलकर हुई राख और मुर्गियों की भी आशंका
- विकास प्राधिकरण की लापरवाही आई सामने

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गाजियाबाद**



गाजियाबाद जनपद के ट्रांस हिंडन क्षेत्र के इंदिरापुरम थान अंतर्गत कनावनी गांव में सुबह आग लगने के कारण सैकड़ो झुग्गियां जलकर राख हो गई है। आग इतनी भयावह थी कि सैकड़ों झुग्गियों को स्वाहा का4 दिया। जिससे रहने वाले के खाने पीने से लेकर रोजमर्रा के सामान जलकर स्वाहा हो गया है। बताया जाता है कि गांव की गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित भूमि को किराए पर देकर कुछ लोग पैसे वसूलते थे। जिसमें बिजली और अन्य सुविधाओं के किए संबंधित विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत रहती थी। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पॉल ने बताया कि शुभ जैसे ही सूचना मिली तत्काल दमकल दस्ता मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन आग इतनी ताजी से फैली कि झुग्गियां जलकर राख हो गई । घास फूस और प्लास्टिक की बनी झुग्गियों में आग तेजी से फैली। शी पॉल ने बताया कि कर्मचारियों की तत्परता और कार्यकुशलता के कारण कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन 2 बकरियां और कुछ पक्षियों के जलने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। कुल 7 से 8 अग्निशमन गाड़ियां आग बुझाने में लगी। ज्ञात हो कि दिल्ली एनसीआर की सबसे महंगी कालोनियों में शुमार इंदिरापुरम का क्षेत्र इसी गांव का बदला स्वरूप है। कनावनी गांव की जमीनों का अधिग्रहण करके गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अहिंसा खंड क्षेत्र निर्मित किया है।

### जीडीए के अधिकारियों की खुली कलई

गांव वालों ने बताया कि कनावनी गांव में उक्त जमीन को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित करके अधिग्रहित किया गया है। जिसके बाद उसकी सुरक्षा और चल चौबंद व्यवस्था नहीं होने के कारण खुले होने के कारण अवैध झुग्गियों से लोग अवैध रूप से किराए वसूलकर कमाई कर रहे हैं। जिसमें विभागीय कर्मचारियों की कथित रूप से मिली भगत भी है। आज भी बदस्तूर दूसरी तरफ हज़ारों झुग्गियां खड़ी है। जिनसे मासिक किराया वसूला जा रहा है।

### वोटर नोएडा के एवं थाना गाजियाबाद, कनावनी गांव की अजब कहानी

कनावनी गांव की बड़ी विडम्बना विधानसभा और लोक सभा नोएडा और थाना गाजियाबाद का इंदिरापुरम लगता है। दो जनपद की योजनाओं के अधीन आने के बाद भी यहां का विकास समुचित रूप से नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण ऐसी जमीनों पर अवैध कब्जे करके दबंग भूमि पर अवैध झुग्गियों के कारण मोटी किराए की वसूली करने में लगे हैं। बिजली विभाग के संविदा पर कार्यरत और कुछ निजी कर्मचारियों के द्वारा अवैध रूप से बिजली चोरी कराकर बिजली दिया जा रहा है। करोड़ों की बेशकीमती जमीन कनावनी गांव को पूरे दिल्ली एसीआर में सभी जानते हैं। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की उदासीनता के कारण यह गांव आजतक सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। जबकि इन पर दबंग कब्जा करके मोटी किराएदारी बना रहे हैं।

### फ़र्क बस इतना सा.....!

विकास का दौर है मित्रों...!
सुदामा समाज में है ही नहीं....
सबके पाँव में जूता-पनहीं है...और...
सबके तन पर अच्छे-नए कपड़े....
काँटे किसी को चुभते ही नहीं....
मतलब साफ है कि कहावत....!
जो ताको काँटा बुऐ ताहि बुए तू फूल
बस उपदेश और नीति की बात....
पैरों में बिवाई...बीते दिनों की बात...
चाहे कितनी हो गरीबी...
एक तो अब फटती नहीं..
दूजे उपलब्ध है...हर ओर.....
अच्छी-अच्छी दवाई की सौगात....
मतलब...फिर वही बात...कहावत..!
जाके पाँव फटी न बिवाई,
वो क्या जाने पीर पराई....
बस उपदेश और नीति की बात....
रही जमाने में श्रीकृष्ण की बात..!
अब नहीं किसी की औकात,
सपने में भी दे सके....
मित्र को महलों की सौगात....
ना ही किसी मित्र में है...!
कुछ दे सकने का जज्बात....
इतना ही नहीं....
आश्चर्य का दौर है मित्रों....
जाने कौन सा स्वाभिमान.....!
सुदामा भी पाले पड़ा है.....
जो श्रीकृष्ण के यहाँ भी,
यानी अपने बाल-सखा के यहाँ भी...
कभी न जाने की जिद पर अड़ा है....
लगता है उसको ऐसा कि....!
मित्र ही मित्र के साथ नहीं खड़ा है....
और तो और मानता है कि...
प्रगति के पथ में....
वही दुश्मन सबसे बड़ा है....
हर पल लगता है उसे कि....!
दरबार उसका ही,
समाज में सबसे बड़ा है....
इसी कड़ी में मित्रों......
यह भी याद नहीं आता कि....
इस दौर में....मित्र कोई कर्ण सा...!
दुश्मनों के सामने....
कभी कोई हुआ खड़ा है....?
हँस लो या फिर विचार कर लो
प्यारे, विकास के इस दौर में....!
मित्रता में फ़र्क बस इतना सा पड़ा है
मित्रता में फ़र्क बस इतना सा पड़ा है



रचनाकार.....
जितेन्द्र कुमार दुबे
अपर पुलिस उपायुक्त, प्रयागराज

## प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी के भाषण को बताया गणित के पीरियड जैसा उबाऊ



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को आरोप लगाया कि लोकसभा में संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कोई नई बात नहीं की और सिर्फ मुख्य विपक्षी दल के खिलाफ आरोप मढ़े हैं। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस ने सदन में इस बात का खुलासा कर दिया है कि यह पूरी सरकार अदाणी समूह के लिए चल रही है।

### प्रधानमंत्री के भाषण में कुछ नया नहीं : वेणुगोपाल

उनका कहना था, प्रधानमंत्री के भाषण में कुछ नया नहीं है। सिर्फ कांग्रेस के खिलाफ आरोप लगाए हैं। हमने कल और आज खुलासा कर दिया कि पूरी सरकार अदाणी के लिए चल रही है। जिस तरह से आरएसएस और हिंदू महासभा ने पहले दिन से संविधान का विरोध किया था, इसका भी खुलासा हुआ है। इस दौरान केसी वेणुगोपाल ने दावा किया, राहुल गांधी के भाषण के समय प्रधानमंत्री अनुपस्थित थे, गृह मंत्री अनुपस्थित थे। या तो वे राहुल गांधी का सामना करने से डरे हुए हैं या फिर वे विपक्ष में विश्वास नहीं करते हैं।

### प्रधानमंत्री ने मुझे बिल्कुल बोर कर दिया : प्रियंका

वहीं पीएम मोदी के बयान पर वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ भी नया या रचनात्मक नहीं कहा। उन्होंने मुझे बिल्कुल बोर कर दिया... मुझे लगा कि वे कुछ नया कहेंगे। उन्होंने 11 खोखले वादों के बारे में बात की। अगर उनमें भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस है, तो उन्हें कम से कम अदाणी पर बहस करनी चाहिए।

### तृणमूल कांग्रेस ने संकल्पों पर कसा तंज

वहीं पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस ने भी पीएम मोदी के लोकसभा में दिए भाषण पर निशाना साधा है। तृणमूल कांग्रेस की तरफ से सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अघोषित संकल्प - मणिपुर पर चुप रहना। बता दें कि, लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शनिवार को लोकसभा में कहा कि विपक्षी दल के माथे से यह कलंक कभी नहीं मिट सकेगा। पीएम मोदी ने सदन में %संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा% पर चर्चा का जवाब देते हुए नेहरू-गांधी परिवार पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस परिवार ने हर स्तर पर संविधान को चुनौती दी।

### बिहार, केरल, ओडिशा के 11 जिलों में बाढ़ और सूखा का खतरा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी और मंडी ने मिलकर एक जुलवायु जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बिहार, केरल और ओडिशा के 11 जिले बाढ़ और सूखा दोनों के लिए बहुत उच्च जोखिम में हैं। इनमें पटना, अलाप्पुझा और केंद्रपाड़ा जैसे जिले भी शामिल हैं। इन जिलों में तुरंत कदम उठाने की जरूरत है। रिपोर्ट का शीर्षक भारत में जिला स्तरीय जलवायु जोखिम मूल्यांकन आईपीसीसी ढांचे का उपयोग करके बाढ़ और सूखा जोखिम मानचित्रण है। इसे बंगलूरू के भारतीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नीति अध्ययन केंद्र (सीएसटीईपी) के सहयोग से तैयार किया गया है।

## बीपीएससी पेपर लीक व थप्पड़ कांड पर भड़के चिराग, कहा, मामले की हो निष्पक्ष जांच



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। औरंगाबाद**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में थप्पड़ कांड की निंदा करते हुए पेपर लीक प्रकरण की जांच कराने की मांग की है। चिराग पासवान शनिवार को औरंगाबाद के अम्बा में चिल्हकी हाई स्कूल मैंदान में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पंकज पासवान को एलजेपीआर में शामिल करने के लिए आयोजित नव संकल्प सभा सह मिलन समारोह को संबोधित करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि बीपीएससी की परीक्षा के दौरान पटना के डीएम ने हिंसक व्यवहार किया है। डीएम ने छात्र को थप्पड़ मारा है। मैं और मेरी पार्टी थप्पड़ कांड की कड़ी भर्त्सना करती है। साथ ही बीपीएससी पेपर लीक के आरोपों की जांच की मांग करते है।

### चिराग ने जांच की मांग की

चिराग पासवान ने कहा कि यदि छात्रों को पेपर लीक और धांधली को लेकर एक प्रतिशत भी संदेह है, तो इसकी जांच होनी चाहिए। सांच को आंच नही आनी चाहिए। छात्रों के संदेह को दूर किया जाना चहिए। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ को लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) कतई बर्दाश्त नही करेगी।

### 10 माह बिहार की राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण

इसके पूर्व मिलन समारोह में चिराग पासवान ने कहा कि बिहार की राजनीति के लिए आने वाले दस महीने बेहद महत्वपूर्ण हैं। दस महीने बाद बिहार में विधानसभा चुनाव होना है। इन दस महीनों का इस्तेमाल एक-एक कार्यकर्ता को चिराग पासवान बनकर करना है। मैं ही नही हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता चिराग पासवान है। इसलिए इन दस महीनों में हर कार्यकर्ता को चिराग पासवान बनकर हर घर तक पहुंचना है। लोगों को बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट की बात बतानी है। इसके मायने क्या है, यह बताना है, तभी जाकर विधानसभा चुनाव में एनडीए को सफलता मिलेगी। चिराग पासवान ने कहा कि पंकज पासवान हमारे पिता रामविलास पासवान के पुराने संपर्की रहे है। पार्टी में शामिल होने के पहले उन्होने मुझे मेरे पिता के साथ की तस्वीर दिखाई। तस्वीर में मेरे पिता पंकज पासवान को आर्शीवाद दे रहे थे। जिसे मेरे पिता का आर्शीवाद प्राप्त हो, उसे मैंने पार्टी में खुले दिल से शामिल किया है। पंकज पासवान पार्टी के काम को आगे बढ़ाएंगे और पार्टी को मजबूत करेंगे।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम की अध्यक्षता एलजेपीआर के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह ने की। मिलन समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा, प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह, मनोज कुमार सिंह, सरूण पसवान, विजय यादव, प्रदेश सचिव विजय अकेला, एससी-एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान, जिला प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह उर्फ गबरू सिंह, महिला नेत्री कुसुम देवी, रंजू वर्मा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अनूप ठाकुर के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आरजी केस में आरोपियों को जमानत मिलने पर सीबीआई के खिलाफ लोगों में गुस्सा, कोलकाता में निकाली विरोध रैली



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में अगस्त महीने में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले, जिसे अब अभया दुष्कर्म-हत्या केस कहा जा रहा है, के आरोपियों को जमानत दिए जाने के खिलाफ सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के सदस्यों ने विरोध रैली निकाली।

### पीड़िता के पिता ने सीबीआई पर लगाए आरोप

वहीं आरजी कर मेडिकल कॉलेज दुष्कर्म-हत्या मामले में पीड़िता के पिता ने कहा कि, जहां भी विरोध प्रदर्शन होगा, हम उसमें हिस्सा लेंगे। अब यही एक रास्ता है, मैं बहुत दुखी हूं, हमें और मजबूती से विरोध करना होगा, तभी कुछ होगा। उन्होंने आगे कहा कि सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल नहीं की, जब हमने न्याय के लिए कोर्ट से गुहार लगाई तो उन्होंने केस सीबीआई को दे दिया लेकिन सीबीआई ने अपना काम ठीक से नहीं किया। जब विरोध प्रदर्शन चल रहे थे तो सीबीआई अच्छा काम कर रही थी, इसीलिए गिरफ्तारियां हुईं लेकिन जैसे ही विरोध प्रदर्शन बंद हुआ, सीबीआई ने काम करना बंद कर दिया, अगर विरोध प्रदर्शन जारी रहता तो सीबीआई चार्जशीट दाखिल कर देती।

### सीबीआई के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा

वहीं कोलकाता में ही अभय मंच ने अभया दुष्कर्म-हत्या मामले के आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल करने में सीबीआई की विफलता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और एजेंसी का पुतला भी जलाया है।

### 'न्याय न मिलने तक जारी रहेगा विरोध प्रदर्शन'

राजधानी में इस विरोध प्रदर्शन के दौरान एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हमारी मांग अभया को न्याय दिलाना है। आज का विरोध सीबीआई की तरफ से आरोपपत्र दाखिल न कर पाने के खिलाफ है। जब तक न्याय नहीं मिल जाता, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

## 'दुनिया में हर घंटे करीब 30 लोगों की डूबने से मौत'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से डूबने की घटनाओं की रोकथाम के लिए अपने उपायों को और मजबूत करने की अपील की है। डूबने की घटनाएं खासतौर पर बच्चों और कमजोर लोगों पर अधिक असर डालती हैं। डब्ल्यूएचओ की %पहली वैश्विक स्थिति रिपोर्ट% के मुताबिक, 2021 में दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में 83,000 लोगों की मौत डूबने से हुई, जो वैश्विक डूबने के मामलों का 28 फीसदी हिस्सा था। दुनियाभर में हर घंटे करीब 30 लोगों की डूबने से मौत हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण-पूर्व एशिया में डूबने से हुई करीब 43 फीसदी मौतें 14 साल या उससे कम उम्र के बच्चों की थीं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, डूबना 5 से 14 साल के बच्चों के लिए तीसरा सबसे बड़ा मौत का कारण है और 1 से 4 साल के बच्चों के लिए चौथी सबसे बड़ी मौत की वजह बन गई है। डब्ल्यूएचओ की दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने कहा, जिंदगियों को बचाने और सभी के लिए समान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी उपायों क लागू करना न सिर्फ जरूरी है, बल्कि यह एक नैतिक जिम्मेदारी भी है। गरीबी, सुरक्षा उपायों की कमी और अपर्याप्त ढांचा डूबने के जोमिम को बढ़ाते हैं, खासकर कम और मध्यम आय वाले देशों में। कम निगरानी, तैराकी की सीमित क्षमता और पानी से जीवन की सुरक्षा की जानकारी की।

## वृद्धावस्था पेंशन के लिए आयु प्रमाण पत्र में किया हेरफेर, 65 लोगों के खिलाफ मुकदमा

- औल स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक सब्यसाची सतपथी ने कहा कि मामले की जांच जारी है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा में वृद्धावस्था पेंशन में फर्जीवाड़ा सामने आया है। राज्य के केंद्रपाड़ा जिले में वृद्धावस्था पेंशन के लिए आयु प्रमाण पत्र में हेरफेर किया। पुलिस ने 65 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि अर्गला ग्राम पंचायत क्षेत्र के इन 65 लोगों की उम्र 40 से 50 वर्ष के बीच है। इन लोगों ने स्कूल प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों के आधार पर फरवरी से अगस्त तक वृद्धावस्था पेंशन ली। यह दस्तावेज बाद में फर्जी पाए गए। मामले में औल ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) मिनती जगदेब ने कहा कि सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। औल पुलिस स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक सब्यसाची सतपथी ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

### रिश्वतखोरी मामले में सीबीआई ने आईएएस अधिकारी को तलब किया

सीबीआई ने रिश्वतखोरी मामले की जांच के दौरान ओडिशा कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी बिष्णुपद सेठी को तलब किया। सीबीआई ने अधिकारी के चालकों से पूछताछ की। आईएएस अधिकारी के दो चालकों ने सीबीआई कार्यालय में पेश होकर अपने बयान दर्ज कराए। एक चालक नृसिंह सतपथी ने कहा कि मुझसे सेठी की गतिविधियों के बारे में पूछा गया कि वह सात दिसंबर को किससे मिले और किन स्थानों पर गए। मुझे जो कुछ भी पता था मैंने बता दिया। सीबीआई की जांच वाले किसी भी मामले में व्यक्तिगत रूप से मेरी कोई भागीदारी नहीं है।

### यह है सरकार की योजना

केंद्र सरकार की राष्ट्रीय सामाजिक सहायता योजना और ओडिशा सरकार की मधु बाबू पेंशन योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों, विधवाओं, एड्स रोगियों और विकलांग व्यक्तियों को पेंशन दी जाती है। निर्देशों के मुताबिक ग्राम पंचायतें और पंचायत समितियां पेंशनभोगी की मृत्यु के मामले की रिपोर्ट संबंधित बीडीओ या उप-कलेक्टर को देती हैं। वहीं पेंशनभोगियों के जीवित होने की जानकारी के लिए उनका वार्षिक सत्यापन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाता है। अधिकारियों ने कहा कि पेंशनभोगी की मृत्यु के बाद पेंशन का भुगतान बंद हो जाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)